# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follow us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-31 | लखनऊ, मंगलवार, 18 नवंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )


# बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम हसीना को मौत की सजा

## ट्रिब्यूनल ने ठहराया मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले वर्ष जुलाई में उनकी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान किए गए मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए सोमवार को एक विशेष न्यायाधिकरण द्वारा उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई। महीनों तक चले मुकदमे के बाद अपने फैसले में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अवामी लीग नेता को हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार बताया, जिसमें सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी।

**अवामी लीग नेता को हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार बताया**

पिछले वर्ष पांच अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बांग्लादेश से भागने के बाद से हसीना भारत में रह रही हैं।



इससे पहले अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। अपनी प्रतिक्रिया में हसीना ने कहा कि यह फैसला एक गैरअधिकृत न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, वे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित हैं।

### हसीना का पार्टी खत्म करने का आरोप

अपनी प्रतिक्रिया में हसीना ने कहा कि यह फैसला एक गैरअधिकृत न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। मृत्युदंड की अपनी घृणित मांग में, वे अंतरिम सरकार के भीतर चरमपंथी लोगों के निर्लज्ज और जानलेवा इरादे को उजागर करते हैं, जो बांग्लादेश की अंतिम निर्वाचित प्रधानमंत्री को हटाना चाहते हैं और अवामी लीग को एक राजनीतिक ताकत के रूप में खत्म करना चाहते हैं। हसीना ने कहा कि वह उनपर आरोप लगाने वालों का सामना उचित न्यायाधिकरण में करने से नहीं डरतीं, जहां साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और परीक्षण किया जा सकता है।

## पड़ोसी देश के हितों के लिए भारत प्रतिबद्ध

एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद, भारत ने सोमवार को कहा कि उसने फैसले पर गौर किया है और वह पड़ोसी देश में शांति, लोकतंत्र और स्थिरता को ध्यान में रखते हुए सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक रूप से बातचीत करेगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत लोगों के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने ये प्रतिक्रिया बांग्लादेश की तरफ से आए



**शेख हसीना को तुरंत वापस भेजे भारत : बांग्लादेश**

उस बयान के बाद दी जिसमें पड़ोसी देश ने कहा है कि शेख हसीना को सुनाई गई सजा के बाद उन्हें तत्काल प्रत्यर्पित करना भारत का अनिवार्य कर्तव्य है। हसीना को देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी पाया गया तथा मौत की सजा सुनाई गई। अवामी लीग की नेता पिछले साल पांच अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बांग्लादेश से भागने के बाद भारत में रह रही हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के संबंध में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा सुनाए गए फैसले पर गौर किया है। उसने कहा, एक करीबी पड़ोसी के रूप में भारत बांग्लादेश के लोगों के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

# सऊदी बस दुर्घटना में 42 भारतीयों की मौत

## उमरा के लिए मक्का से मदीना जा रहा वाहन डीजल टैंकर से टकराया

एजेंसी। हैदराबाद/जेद्दा

सऊदी अरब के मदीना में एक बस के तेल टैंकर से टकरा जाने के बाद कम से कम 42 भारतीय उमराह जायरीन की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में से अधिकतर तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के जायरीन थे जो उमराह करने गए थे। हज के वक्त के अलावा मक्का-मदीना की साल भर होने वाली धार्मिक यात्रा को उमराह कहा जाता है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने प्रारंभिक सूचना का हवाला देते हुए मृतक संख्या 45 बताई और कहा कि नौ नवंबर को यहां से कुल 54 लोग उमराह के लिए जेद्दा गए थे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री क्रमशः रेवंत रेड्डी और एन चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना में लोगों के मारे जाने पर शोक जताया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर गहरा दुख जताया है। बस देर रात करीब डेढ़ बजे (भारतीय समयानुसार) कथित रूप से तेल के एक टैंकर से टकरा गई थी।

**मृतकों में से अधिकतर तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के जायरीन**




### दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

हैदराबाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सज्जनार ने कहा कि नौ नवंबर को यहां से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दा गए थे। उन्हें 23 नवंबर को लौटना था। इन 54 लोगों में से चार लोग रविवार को अलग-अलग कार से मदीना गए जबकि चार अन्य मक्का में ही रुक गए। अधिकारी के अनुसार, घटना में शामिल बस में 46 लोग यात्रा कर रहे थे, जो मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर एक तेल टैंकर से टकरा गई। इस दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा है और उसका अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिल रही है कि 45 लोग मारे गए हैं। उन्हें 23 नवंबर को हैदराबाद लौटना था। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सऊदी अरब के मदीना के पास हुए इस सड़क हादसे से उन्हें गहरा दुख हुआ है।

### पीएम समेत कई नेताओं ने व्यक्त किया शोक

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर शोक जताया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से बेहद दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा, मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं और अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ भी निकट संपर्क में हैं। टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित घटना के दृश्य में बस से भीषण आग की लपटें उठती दिख रही हैं और हवा में धुएं का घना बादल नजर आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने घटना को लेकर शोक जताया।

# सीएम बोले-दुनिया से दस कदम आगे की सोच रखें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सत्यं वदः, धर्मम्चरः' की मूल भावना को अपनाने की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि अपने बड़ों के प्रति कृतज्ञता का भाव हमारे मन में हमेशा होना चाहिए और यह हमारी पहचान बननी चाहिए। उन्होंने कहा, जब हम दुनिया से 10 कदम आगे की सोच लेकर चलेंगे तब दुनिया हमारा अनुगमन करने के लिए मजबूर होगी। हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते।

मुख्यमंत्री ने बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय लखनऊ के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा में जब अपनी शिक्षा पूरी करके कोई स्नातक अपने गुरुकुल से बाहर निकलता था तो कुलगुरु उसे 'सत्यं वदः धर्मम्चरः' की दीक्षा और उपदेश देते थे। इसका अर्थ है कि जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। उन्होंने कहा, किसी भी अच्छे कार्य के लिए हमेशा अपने आप को तैयार करना, अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव ईमानदार बने रहकर उसका अनुपालन करना और अपने जीवन में सदैव अपने से बड़ों का सम्मान करना, यह संस्कार हमारे मन में सदैव बना रहना चाहिए।

आदित्यनाथ ने कहा, भारत का कोई स्नातक जब अपनी शिक्षा पूरी करके इस भाव को लेकर अपने गुरुकुल से बाहर निकलता था तब भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित पाता था। भारत तब दुनिया की सबसे बड़ी ताकत था। हम जो करते थे दुनिया उसका अनुसरण करती थी लेकिन जब हमने दुनिया का अनुसरण करना प्रारंभ कर दिया तो हमारी ताकत भी उसी प्रकार से कम होती गई और आज भारत की स्थिति क्या है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न हम सबके सामने सदैव बना रहना चाहिए और इसीलिए कृतज्ञता का भाव हमारे मन में हमेशा होना चाहिए। यह हमारी पहचान बननी चाहिए। मुख्यमंत्री ने तकनीक के मामले में बाकी दुनिया से 10 कदम आगे की सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि दुनिया तकनीक को तेजी से अपना रही है। इसमें हम अपने आप को रोक नहीं सकते। जब हम दुनिया से 10 कदम आगे की सोच लेकर चलेंगे तब दुनिया हमारा अनुगमन करने के लिए मजबूर होगी। हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते। आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा ने दुनिया को हिंदुस्तान के पीछे चलने के लिए मजबूर किया है और हर भारतवासी इस पर गौरव की अनुभूति कर सकता है।



### हर क्षेत्र में भारत ने नयी छलांग लगाई

वर्ष 2014 से पहले लोगों में जो हताशा और निराशा थी, उसे आशा और उत्साह में बदलने का काम 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देखने को मिल रहा है। हर एक क्षेत्र में भारत ने एक नयी छलांग लगाई है। उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास को याद करते हुए कहा कि देश की आजादी के प्रति उनके मन में जो जज्बा था, उसके साथ जुड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में उन्होंने काम किया।

### मुख्यमंत्री ने सुनाया दिलचस्प किस्सा

मुख्यमंत्री योगी ने महंगी कार 'मर्सिडीज' में सफर करने वाले लोगों द्वारा गमले चोरी किए जाने से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए सोमवार को इस बात पर बल दिया कि प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ हमें अपने मूल्यों व संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा, लखनऊ ने 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। हमने जी-20 रोड बनवायी, उसे सजाया और वहां सुंदर पौधों के गमले लगवाए। वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। एक दिन सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि गमले गायब हो गए। मैंने देखा कि एक व्यक्ति मर्सिडीज कार में आया और गमले उठाकर ले गया। अब सोचिए, मर्सिडीज गाड़ी की कीमत और एक गमले की कीमत में कितना फर्क होता है। उन्होंने कहा, हमने सोचा कि पकड़ेंगे तो बेइज्जती है, और अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो अच्छा काम भी प्रभावित होगा। इसलिए मैंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें बुलाकर केवल फुटेज दिखा दो और कह दो कि हमारे गमले गायब हुए हैं, और सीसीटीवी में आपकी गाड़ी व आपकी तस्वीर आई है। बस इतना कहकर छोड़ देना।

# आजम व बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा



एजेंसी। रामपुर (उप्र)

रामपुर की एक स्थानीय अदालत ने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को चुनाव लड़ने के लिए जाली पैन कार्ड बनवाने के मामले में दोषी करार देते हुए 7-7 साल कैद की सजा सुनाई। अभियोजन अधिकारी के अनुसार, विशेष सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसवाल ने दोनों को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल कैद और 50-50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

**जाली पैन कार्ड मामले में अदालत ने दोषी ठहराया**

### आजम के इशारे पर बने 2 पैन कार्ड

अदालत ने माना कि अब्दुल्ला ने अपने पिता के साथ मिलकर साजिश रचते हुए जाली पैन कार्ड प्राप्त किया और उसे आधिकारिक रिकॉर्ड में जमा किया। मौर्य ने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष इस फैसले की समीक्षा करेगा और यदि आवश्यकता महसूस हुई तो सजा बढ़ाने के लिए अपील दायर करने पर विचार किया जाएगा।

# असम में भी होगा एसआईआर:आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने असम में मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का सोमवार को आदेश दिया और अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लिए आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी, 2026 राज्य के लिए विशेष पुनरीक्षण करने की पात्रता तिथि होगी। अधिकारियों के अनुसार, विशेष पुनरीक्षण, मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच की प्रक्रिया है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, यह एक तरह से विशेष सारांश पुनरीक्षण का उन्नत रूप है। इसमें गणना फॉर्म भरवाने की बजाय, बूथ-स्तर के अधिकारी पहले से भरे हुए रजिस्टर के आधार पर मतदाताओं की जानकारी की जांच करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार, घर-घर जाकर सत्यापन 22 नवंबर से 20 दिसंबर तक होगा। एकीकृत मसौदा मतदाता सूची 27 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 10 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।



## सीएम नीतीश कुमार 19 नवंबर को राज्यपाल को सौंपेंगे इस्तीफा

# बिहार में 20 को बैठेगी नई सरकार

एजेंसी। पटना

बिहार में नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना में होने की संभावना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई शीर्ष नेता और केंद्रीय मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना के गांधी मैदान में तैयारियां जारी हैं।

**शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना का गांधी मैदान हो रहा तैयार**

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 नवंबर को निवर्तमान सरकार के प्रमुख के रूप में राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायक मंगलवार को बैठक कर अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा, संभावना है कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 या 21 नवंबर को होगा। इस बीच, निवर्तमान राजग सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक में सोमवार को मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने को अधिकृत किया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय से उन्हें अवगत कराया। विजय चौधरी ने कहा, कैबिनेट ने नयी सरकार के गठन के मद्देनजर 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राजग की ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने का प्रस्ताव पारित किया। चौधरी ने कहा, यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है जो राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण संभव हुआ है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में 243 सदस्यीय सदन में राजग ने 200 से अधिक सीट पर जीत दर्ज की है, जिनमें भाजपा ने सर्वाधिक 89 सीट जीतीं और जनता दल (यूनाइटेड) को 85 सीट मिलीं। जद(यू) के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 19 नवंबर को नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनेगी।



### आरजेडी विधायक दल के नेता बने तेजस्वी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। विधानसभा चुनाव में राजद 143 सीट पर मैदान में थी लेकिन 25 सीट पर ही जीत दर्ज कर पाई। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह ने बताया, ₹नवनिर्वाचित विधायकों ने सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुना।₹ बैठक में पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती और जगदानंद सिंह सहित पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद थे। हाल में संपन्न हुए चुनावों में महागठबंधन की ओर से तेजस्वी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने शीर्ष नेताओं और विधायकों के साथ चुनाव में अप्रत्याशित हार के कारणों की विस्तृत समीक्षा की।



# शिक्षक की भूमिका में दिखे सीएम

❖ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय लखनऊ के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में युवाओं को 'शिक्षक' के रूप में रास्ता दिखाया। उन्होंने युवाओं को हमेशा प्रयास करते रहने की सीख दी। कहा कि प्रयास करने से सब कुछ हो सकता है। जीवन में सफलता के दो ही मार्ग हैं। समाधान की तरफ जाएंगे तो सफलता प्राप्त होगी। समस्या को बार-बार गिनाते रहेंगे तो सफल नहीं हो सकते। समस्या की बजाय समाधान पर ध्यान दीजिए। सभी लोग मिलकर जब सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे तो समाधान मिलेगा। जीवन में सदा नया सीखने का अवसर प्राप्त होता है। अलग-अलग सेक्टरों में हमें नए अवसरों को ढूंढने का प्रयास करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है, बल्कि योग्य योजक चाहिए। संस्थान, बॉस, आचार्य, अभिभावक और व्यक्ति भावी पीढ़ी के लिए योजक बन सकते हैं। जीवन में धैर्य, संतुलन खोए बिना अडिग होकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता कदम चूमेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीक्षांत समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास, विश्वविद्यालय के रचनाकार पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास गुप्ता को भी याद किया। सीएम योगी ने 2011 में विश्वविद्यालय बनने के बाद से यहां के एकेडमिक एक्टिविटीज व खेल की तारीफ की। सीएम योगी ने कहा कि यह केवल दीक्षांत समारोह नहीं है बल्कि इंडियाज ट्रांसफॉर्मिंग जनरेशन का एक उदाहरण भी है। जो विद्यार्थी उपाधि प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, आने वाले समय में उनके विजनरी लीडरशिप में देश-प्रदेश नई गति प्राप्त करेगा।



## सीएम ने बच्चों को दिया मेडल व डिग्री

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान बच्चों को मेडल व डिग्री प्रदान किया। सीएम के हाथों अवार्ड पाने वालों में मुस्कान साहू, पेशवानी शर्मा, सुमि गौर, जीविदा शुक्ला, स्मारिका सक्सेना, इंशा इमरान, मधुलिका, ऋषिता अस्थाना, नैना सिंह, विभव दुबे, पल्लवी राय, नीरज कुमार कुशवाहा, वर्तिका गुप्ता, वैष्णवी यादव, शुभम शुक्ला, वैष्णवी श्रीवास्तव, सारा मेहंदी आदि शामिल रहीं। वहीं डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होने वालों में मयंक जयपुरिया, अमृता यादव, मंजू भारद्वाज, श्वेता सिंह, ऊषा अरुणिमा, आलोक शरण, समीक्षा गुप्ता, ओजस्विनी पाल, शैलजा पांडेय, नेहा शर्मा, आफरीन हसन, फरहीन आजाद, सारा जैदी, अनुकृति मिश्रा शामिल रहीं।

# मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार सीएम ने फौरन करवाई इलाज की व्यवस्था

❖ लखनऊ की रहने वाली महिला सात महीने के बच्चे को लेकर पहुंचीं मुख्यमंत्री आवास

❖ बच्चे को हृदय से संबंधित है परेशानी, मुख्यमंत्री आवास से एंबुलेंस से भिजवाया गया केजीएमयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया।

लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है। 'जनता दर्शन' में बुलंदशहर निवासी अर्धसैनिक बलों के जवान भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जमीन के कब्जे संबंधी शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने उनसे प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि आपकी ड्यूटी देश की सीमा या देश की आंतरिक सुरक्षा में लगी होगी, आप ड्यूटी निभाइए। आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मामले की जांच कराने और जल्द समाधान का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में सोमवार को प्रदेश भर के 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री स्वयं सभी के पास पहुंचे। एक-एक करके सभी का प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं, फिर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के आदेश दिए। इस दौरान जमीन कब्जा, आर्थिक सहयोग, पुलिस, बिजली समेत अनेक विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। सीएम ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि आपकी सुरक्षा और सेवा सरकार का कर्तव्य है। सरकार पहले दिन से ही इस इस ध्येय के साथ कार्य कर रही है।

# कृषि क्षेत्र से 1 ट्रिलियन डॉलर योगदान का रोडमैप तैयार


पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मरकरी ऑडिटोरियम में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' के अंतर्गत बेस्ट प्रेक्टिस एवं विजन डॉक्यूमेंटेशन पर आयोजित विचार मंथन गोष्ठी में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसमें उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में कृषि क्षेत्र को उत्पादकता, नवाचार, तकनीक और प्रबंधन के माध्यम से नए आयाम दिए जा रहे हैं।कृषि मंत्री ने कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक छह ट्रिलियन यूएस डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें कृषि क्षेत्र से एक ट्रिलियन यूएस डॉलर के योगदान का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान शामिल हुए हैं, जिन्होंने बदलते कृषि परिदृश्य और भावी आवश्यकताओं पर विचार रखे। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि कृषि विकास कार्यशाला में तकनीक आधारित खेती, फसलों का विविधीकरण, समय पर उर्वरक उपलब्धता, कृषि ऋण की सुविधा, बेहतर प्रबंधन और सहकारी समितियों की भूमिका को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिला सहकारी बैंकों के पुनरुद्धार कार्य ने किसानों में भरोसा बढ़ाया है। सभी सहकारी समितियों को कैश क्रेडिट लिमिट प्रदान कर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ओवर-रेटिंग की रोकथाम के लिए समितियों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए हैं। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश नवाचार और तकनीक को शामिल कर कृषि क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। गोष्ठी के दौरान 22 संकल्पों पर आधारित कृषि विकास लक्ष्य, कृषि प्रबंधन में सुधार, फसल विविधीकरण, मिट्टी स्वास्थ्य, पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक, डिजिटल एग्रीकल्चर, क्लाइमेट रेजिलिएंट फार्मिंग, क्रेडिट लिंकिंग, वैल्यू एडिशन और कृषि अनुसंधान की संभावनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# मुख्यमंत्री आज अयोध्या में करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा

❖ ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का स्वयं करेंगे निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। लखनऊ। अयोध्या



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर ध्वजारोहण का भव्य कार्यक्रम 25 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी स्वयं मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर परिसर का दौरा करेंगे और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा। इसके बाद मंदिर आम भक्तों के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। अभी तक केवल गर्भगृह और प्रथम तल तक ही भक्तों को प्रवेश मिलता है, लेकिन शिखर कलश और ध्वजारोहण के बाद पूरे मंदिर परिसर में दर्शन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले संत-महंत, वीवीआईपी और विशेष अतिथियों की संख्या हजारों में होने का अनुमान है। इन सभी को सुगमता से मंदिर तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। पार्किंग स्थलों से राम मंदिर तक मेहमानों को गोल्फ कार्ट की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सभी प्रमुख पार्किंग क्षेत्रों पर ही गोल्फ कार्ट तैनात रहेंगें। इससे पैदल चलने की परेशानी से मेहमानों को निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहेगी। भीड़ प्रबंधन को देखते हुए मंदिर परिसर में ही दो बड़े खोया-पाया कैंप स्थापित किए जाएंगे। इन कैंपों में खोए हुए लोगों को तुरंत खोजने और उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा योगी सरकार 'अतिथि देवो भवः' की भावना के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत-सत्कार करेगी। सभी अतिथियों के लिए ठहरने, भोजन और परिवहन की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही है।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने बताया कि 25 नवम्बर के कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। हजारों पुलिसकर्मी, पीएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी। ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का स्वरूप पूर्ण रूप से दिव्य हो जाएगा। नौ शिखरों वाले इस भव्य मंदिर में मुख्य शिखर पर भगवा ध्वज लहराता देख करोड़ों रामभक्तों की आंखें तर हो जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम विश्व पटल पर भारत की आस्था और संस्कृति का प्रतीक बने।

मंगलवार को समीक्षा बैठक में वे स्वयं हर व्यवस्था को परखेंगे व पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे। ताकि 25 नवम्बर का कार्यक्रम ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन सके।

# कुलपति स्वयं निर्माण कार्यों का करें निरीक्षण: आनंदीबेन

❖ राज्यपाल ने की विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों में निर्माणाधीन एवं लंबित भवन परियोजनाओं की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपतियों को निर्देश दिया कि वे स्वयं निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें, अपनी समस्याओं को बैठकों में स्पष्ट रूप से रखें और समाधान की दिशा में सक्रिय रहें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छोटे क्लासरूम के निर्माण, कमरों के आकार को उपयोगिता और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित करने तथा छात्रावासों में वाशिंग मशीन, डिश वॉश एरिया और बड़े किचन जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में नया निर्माण शुरू करने से पहले विभागीय अधिकारी यह जांचें कि भवन की वास्तविक आवश्यकता क्या है, साथ ही विश्वविद्यालय परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति सोमवार राजभवन में एक उच्च स्तरीय बैठक कर रही थी। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों, कार्यदायी संस्थाओं, पीएम उषा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें और निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों, निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं तथा उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग कुलाधिपति कार्यालय, राजभवन और संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की जाए।

राज्यपाल ने कहा कि यह जांचना आवश्यक है कि निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित क्यों हैं। इस संबंध में उन्होंने विभागों के अपर मुख्य सचिवों, उच्च शिक्षा विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को विश्वविद्यालयों का भ्रमण कर समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवनों की डिजाइन, टेंडर और निर्माण से जुड़े हर चरण की गहन समीक्षा पर बल देते हुए कहा कि सभी भवनों की डिजाइन उपयोगकर्ताओं, विशेषकर छात्रों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाए।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में कुल 190142 रोगी लाभान्वित हुए

लखनऊ। स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा 02 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 227 वां मेला आज दिनांक-16 नवम्बर, 2025 को पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है। इन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में सभी आगन्तुकों/रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानियों एवं गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया।

## अयोध्या हवाई अड्डे पर 25 को उतरेंगे 80 चार्टर्ड विमान

लखनऊ। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 25 नवंबर को राम मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण समारोह से पहले अयोध्या हवाई अड्डे पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई अति विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे, ऐसे में हवाई अड्डे पर लगभग 80 चार्टर्ड विमानों के उतरने की संभावना है। हवाई अड्डा निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 40 से 80 चार्टर्ड विमानों के प्रबंधन की व्यवस्था की गई है, हालांकि विमानों की पार्किंग आसपास के हवाई अड्डों पर की जाएगी। उन्होंने कहा, "सुरक्षा के लिए हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 100 अतिरिक्त जवान तैनात किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के लिए एक विशेष लाउंज और मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए छह वीआईपी लाउंज बनाए जा रहे हैं।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बेइमानी और लूट चरम पर

❖ भाजपा सत्ता और शासन तंत्र का दुरूपयोग कर रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और लूट चरम पर है। भाजपा और उसकी सरकार हर तरह के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। संविधान और कानून का शासन खत्म हो गया। खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा की नीयत में खोट है। वह लोकतंत्र को बंधक बनाकर शासन करना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सत्ता और शासन तंत्र का दुरूपयोग कर रही है। चुनावी प्रक्रिया में धांधली करती है। पैसे बांट कर चुनाव लड़ती है। खुलेआम साम्प्रदायिकता को बढ़ाने की भाषणबाजी करती है। भाजपा सरकार में फर्जी मुठभेड़ हो रहे है। इन मामलों में कई जगह पुलिस वालों पर केस हो चुके है। जमीन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अवैध खनन और अवैध वन कटाई हो रही है। हर काम में भ्रष्टाचार है। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है। निवेश में कमीशन मांगा जाता है। संविधान को मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। झूठे दावों का बेशर्मी से प्रचार होता है। बुलडोजर से नाइंसाफी हो रही है। भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने की चालबाजी कर रही है। भर्ती और नौकरी को खत्म करने की साजिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा पीडीए पर अन्याय और अत्याचार कर रही है। भाजपा सरकार को कोई लोकलाज नहीं है। लोकतंत्र और कानून को मजाक बना दिया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, सुलेमान अहमद सिद्दीकी पुत्र शाकिब अहमद सिद्दीकी निवासी ग्राम व पोस्ट ओबरीडीह तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर, यह घोषित करता हूँ कि मेरे पिता का नाम कुछ दस्तावेजों में साकिब अहमद सिद्दीकी दर्ज है। जबकि शाकिब अहमद सिद्दीकी व साकिब अहमद सिद्दीकी दोनों नाम मेरे पिता के ही हैं और ये दोनों नामों से जाने जाते है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रुटिवश कुछ अभिलेखों में मेरा नाम अखिलेश कुमार दर्ज हो गया जबकि मेरा सही नाम अखिलेश कुमार त्रिपाठी है। अखिलेश कुमार व अखिलेश कुमार त्रिपाठी एक ही व्यक्ति का नाम है। अखिलेश कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व० अशोक कुमार त्रिपाठी निवासी-128 ओरो सिटी, जानकीपुरम विस्तार लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम यशस्वी राजपूत पुत्र सुरजीत कुमार सिंह है, जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित है। मैंने अपने पुत्र का नाम यशस्वी राजपूत से बदलकर यशस्वी प्रताप सिंह रखने का निर्णय लिया है। भविष्य में मेरा पुत्र यशस्वी प्रताप सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाएगा। सुरजीत कुमार सिंह पताः ग्राम - गैरवाह, पोस्ट - गैरवाह, थाना - सरपतहा, जिला - जौनपुर

**एम.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7 हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय स्थान मिश्रिख जिला सीतापुर**
वाद सं. T2025/0640/05236 अर्न्तगत धारा 116 रा.सं. 2006 उ.प्र. ग्राम उत्तरधौना पर. कोरौना, तह. मिश्रिख, सीतापुर
तारीख पेशी- 21.11.2025
**श्रीमती बुद्धा बेवा पत्नी राज कुमार**
**बनाम**
1. मलखान पुत्र राम औतार
2. रामजी पुत्र राम औतार
3. राम सहेली पुत्री राम औतार
4. नयंसी पुत्री राम औतार
5. रिया देवी पुत्री राम औतार

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस वाद के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 21.11.2025 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वंय सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 06.11.2025 को निकाली गई।

**न्यायाधीश**

# समर्थ और विकसित उत्तर प्रदेश @2047' से बदलेगी सूबे की तस्वीर

## मुख्यमंत्री योगी के विजन पर नागरिकों से मिल रहे हैं रचनात्मक सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए ''समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047- समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान'' के विजन पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लेकर दृढ़संकल्पित हैं। इसके अंतर्गत 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा भ्रमण कर विभिन्न लक्षित समूहों-छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयं सेवी संगठन श्रमिक संघठन, मीडिया एवं आम जनमानस के साथ विगत 8 वर्षों से प्रदेश की विकास यात्रा के संबंध में जानकारी दी गई तथा विकास हेतु रोड मैप पर चर्चा कर फीडबैक प्राप्त किया गया। इसके अंतर्गत सोनभद्र से निशांत वर्मा का सुझाव है कि सोनभद्र जिसे ₹भारत की ऊर्जा राजधानी'' के रूप में जाना जाता है, 2047 तक एक प्रमुख पर्यावरण-सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र बनने की स्थिति में है। यह India 2047 और टिकाऊ शहरों (SDG 11) और सभ्य कार्य (SDG 8) पर संयुक्त राष्ट्र रऊ्रका समर्थन करता है। जिले के अनूठे आकर्षण- 1400 मिलियन वर्ष पुराने जीवाश्मों वाला सलखन जीवाश्म पार्क, लखनिया दरी जलप्रपात, रिहंद बांध और विजयगढ़ किला एकीकृत पर्यटन सर्किट के लिए व्यापक संभावनाएं प्रदान करते हैं। पीएम गति शक्ति के तहत बेहतर सड़क और रेल संपर्क के साथ, सोनभद्र 2030 तक पर्यटकों के आगमन में 12-15% वार्षिक वृद्धि हासिल कर सकता है। इसका लक्ष्य 2047 तक सालाना 5-6 मिलियन पर्यटकों का आगमन करना है। पर्यावरण-पर्यटन, साहसिक खेलों, सांस्कृतिक उत्सवों और आदिवासी हस्तशिल्प को बढ़ावा देने से समावेशी आजीविका का सृजन होगा। विरासत संरक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास और सामुदायिक भागीदारी में संतुलन बनाकर सोनभद्र पूर्वी उत्तर प्रदेश के पर्यटन प्रवेश द्वार के रूप में उभर सकता है, जो 2047 तक भारत की अनुमानित 1 ट्रिलियन डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा।




बदाऊं से अक्षत कुमार सिंह ने भी विजन ''समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047'' के लिए सुझाव दिया है। उनका कहना है कि शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण को मज़बूत करने के लिए सरकार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अवसंरचना और डिजिटल परिवर्तन में निवेश करना होगा। ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म का एक मज़बूत नेटवर्क बनाने से पारदर्शिता, दक्षता और तेज नागरिक सेवाएं संभव होगी। क्लाउड आधारित प्रणालियां, एआई-संचालित विश्लेषण और सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। मैन्युअल देरी को कम कर सकते हैं। ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों को किफायती इंटरनेट पहुंच और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों से लैस किया जाना चाहिए ताकि सभी नागरिक समान रूप से लाभान्वित हो सकें। सरकारी विभाग सूचनाओं को निर्बाध रूप से साझा करने और त्वरित निर्णय लेने को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीकृत डेटा प्रबंधन प्रणालियों को अपना सकते हैं। संवेदनशील डेटा और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए साइबर सुरक्षा उपायों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# गाजीपुर पुलिस ने पकड़े दो शातिर लुटेरे

- लूटी गयी सोने की चेन और बाइक बरामद
- बाराबंकी से आकर करते थे शहर में लूटपाट

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



बाराबंकी से आकर शहर में महिलाओं की चेन लूट कर फरार होने वाले दो शातिर लुटेरों को गाजीपुर पुलिस ने धर दबोचा है। जिनके कब्जे से गाजीपुर इलाके में एक माह पूर्व एक महिला से लूटी गई सोने की चेन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

डीसीपी पूर्वी शंशाक सिंह ने बताया कि गत 11अक्टूबर 25 को आयुष जैन पुत्र अरविन्द कुमार जैन निवासी 43 प्रकाशलोक विस्तार सेक्टर-23 इंदिरानगर थाना गाजीपुर पर शिकायत दर्ज करायी थी कि गत सात अक्टूबर को उनकी माता सरिता जैन कुछ सामान लेने के लिए आम्रपाली चौराहा गई हुई थी। वापस आते समय गली में उनके घर के पास पीछे से अंजान व्यक्ति आया और उनकी सोने की चेन खींचकर अपने साथी जो बाइक से था, उसके साथ-बैठकर फरार हो गया।

जिस पर स्थानीय थाना पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही थी। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के जरिए छानबीन शुरू की। रविवार को पुलिस टीम अयोध्या रोड पालिटेक्निक चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक से दो लड़के बिना हेलमेट लगाये मुंशी पुलिया की तरफ से स्पीड से आते हुये दिखाई दिये। पुलिस टीम को चेकिंग करता हुआ देखकर वापस पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किये। जिस पर बाइक अनियंत्रित हो गयी और दोनों गिर गये। जिसके बाद पुलिस टीम ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### एक माह पूर्व की थी लूटपाट

डीसीपी शंशाक सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों ने बताया कि करीब एक माह पहले हम दोनो ने आम्रपाली चौराहे के पास शाम के समय करीब 05.30 से 06.00 बजे एक महिला जो एक बच्चे के साथ जा रही थी उसके पीछे से जाकर गली के अंदर की रोड़ से महिला के गले से झपट्टा मारकर चेन खीचकर इसी बाइक से भाग गये थे। छीनी गयी चेन के बारे में पूछा गया तो बताया कि जो चेन हमलोगो ने छीनी थी वह चेन हम लोग बेचने के लिये लखनऊ आये थे परन्तु बेच नहीं पाये थे, वापस बाराबंकी जा रहे थे कि पकड़े गए।

# वसूली में कानपुर देहात से आरक्षी और हरदोई में दारोगा गिरफ्तार

- सिपाही होटल चलाने के लिए धमकाकर मांग रहा था रिश्वत

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

प्रदेश में विवेचना में नाम निकालने, कार्रवाई करने और मदद करने के नाम पर पुलिसकर्मियों द्वारा वसूली का खेल लगातार जारी है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कानपुर और लखनऊ इकाईयों ने दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रैप कर वसूली करने वाले दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निवारण संगठन कानपुर इकाई ने कानपुर देहात में तैनात आरक्षी गौरव कुमार पुत्र स्व. श्रीराम कुमार थाना सिकन्दरा कानपुर देहात को छह हजार रूपए के रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरक्षी गौरव कुमार, थाना अकबरपुर के ग्राम व पोस्ट बारा निवासी सौरभ पाल से होटल सुचारू रूप से चलवाने के एवज में अवैध धनराशि मांगी जा रही थी। जिसकी शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने कार्रवाई की है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ इकाई ने रजीम खान निवासी रमजानी पुरवा रूईया दोलतयारपुर, थाना माधोगंज, जनपद हरदोई से विवेचना में धारा न बढ़ाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग को लेकर कार्रवाई की गयी है। टीम ने कार्रवाई करते हुए हरदोई के माधोगंज थाना के उपनिरीक्षक आकाश कोशवाल पुत्र सतीश कुमार को 70 हजार रूपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### काकोरी में लगा मेगा क्रेडिट कैंप

**लखनऊ।** विकास खंड काकोरी के सभागार कक्ष में ब्लाक स्तरीय बैंकिग समिति की त्रैमामिस बैठक आहूत की गयी। जिसमें मनोज कुमार चौरसिया उपायुक्त उद्योग,मनीष पाठक अग्रणी जिला प्रबन्धक,मन्सुख लाल सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं दिनेश सिंह सहायक विकास अधिकारी आईएसबी की उपस्थिति में बीएलबीसी की बैठक का संचालन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से विकास खंड काकोरी लखनऊ के बैंक आफ इंडिया काकोरी, ढेढ़ेमऊ, बरावनकला, बैंक ऑफ बडौदा दशहरी, दुबग्गा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया फतेहगंज, दुगार्गंज, जेहटा, स्टेट बैंक आफ इण्डिया काकोरी,पंजाब नेशनल बैंक काकोरी,सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया खुशहालगज,उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक खुशहालगज, काकोरी के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धक व संबंधित बैंक के लाभार्थियों सहित सभी बैंक सखियाँ व बीएमएम द्वारा प्रतिभाग किया गया। बीएलबीसी की बैठक की द्वितीय पाली मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बैंकों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया।

### पिता-पुत्र ने चचेरे भाईयो को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** नगराम क्षेत्र कटरा निवासी लवकुश कश्यप ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते रविवार को खुजौली बाजार में दुकान लगाया था इस दौरान मछली बेचने को लेकर दूसरे दुकानदार अनिल व उसके बेटे धीरज से कहासुनी हो गयी जिसके बाद नाराज पिता-पुत्र ने उसे व उसके चचेरे भाई आदित्य की लाठी डंडो से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये दोनो मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### आलमबाग में खुला आईटेल होम का रिटेल स्टोर

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख टेक्नोलॉजी ब्रांड आईटेल ने आलमबाग क्षेत्र में अपने नए एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर आईटेल होम का शुभारंभ किया। आईटेल के व्यापक उत्पाद इकोसिस्टम को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराते हुए, उपभोक्ताओं के साथ ब्रांड के जुड़ाव को और सशक्त बनाएगा। टिकाऊ, भरोसेमंद और किफायती तकनीक प्रदान करने के लिए पहचाने जाने वाले आईटेल पर आज देशभर में 11 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं का भरोसा है, और ब्रांड के पास 1000 से अधिक सेवा केंद्रों का मजबूत नेटवर्क है। आईटेल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तलपत्रा ने कहा, आईटेल के लिए तकनीक का अर्थ केवल उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सुविधा और खुशी लाना है। आईटेल होम के माध्यम से हम भारत के आकांक्षी उपभोक्ताओं के लिए एक ही स्थान पर सभी आवश्यक तकनीकी समाधान उपलब्ध करा रहे हैं।

### बीकेटी पुलिस ने हादसे की नहीं लिखी रिपोर्ट

**लखनऊ।** बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बीते कुछ महीने पूर्व एक सड़क हादसे के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आयी है। पीड़िता रामजनकी पत्नी लालू रावत निवासी टिकरी (41) ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बावजूद बक्शी का तालाब पुलिस ने उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया था। जिसके चलते उसे न्यायालय का सहारा लेना पड़ा। पीड़िता के मुताबिक 23मई 2025 को शाम करीब चार बजे उसके पति मजदूरी करके वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरैया बाजार थाना बख्शी तालाब क्षेत्र में एक एंबुलेंस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आ गई। घटना के बाद पीड़िता ने 27 मई को थाना बक्शी तालाब में लिखित प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसकी शिकायत को अनदेखा कर दिया तथा उसका मुकदमा नहीं दर्ज किया। न्याय न मिलने पर रामजनकी को मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बक्शी तालाब पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके बाद बक्शी तालाब पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पार्टनरशिप न मिलने पर मेला आयोजक पर हमला

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में आगामी 19 नवंबर से हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव आयोजित हो रहा है जिसके मुख्य आयोजक अरुण प्रताप है इस मेले के आयोजन को लेकर सेक्टर-के स्थित स्मृति उपवन में इन दिनों तैयारियां जोर शोर से चल रही है। आयोजक का आरोप है कि रविवार शाम करीब पांच बजे वह मेला मैदान में तैयारी करा रहे थे। उसी समय करीब 40-50 असलहा से लैस लखनऊ यूनिवर्सिटी निकट निवासी सनी गुप्ता अपने भाई शुभम गुप्ता संग आए और सीधे उनपर धावा बोल दिया। जिससे मेला आयोजक चोटिल हो गया हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया। जिसकी सूचना आशियाना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिसबल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी ने आरोपित दोनों भाइयों को पुलिस हिरासत में ले लिया। जानकारी अनुसार आरोपित विगत तीन वर्षों से मेले में पार्टनरशिप कर रहे थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

आलमबाग क्षेत्र के दुगार्पुरी मवैया के जंगल में सोमवार दोपहर एक 25 वर्षीय मजदूर का शव पेड़ से लटका देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग ने शव को पेड़ से उतार मृतक की पहचान हो जाने पर परिजनों को सूचना दर। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मूलरूप से जनपद सीतापुर हरगांव लहरपुर का रहने वाला राममूर्ति (25)पुत्र ललई लखनऊ में रहकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था सोमवार दोपहर करीब 2 बजे दुगार्पुरी मवैया जंगल में किसी ने बबूल के पेड़ से युवक को लटका देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार मृतक के पास से मिले पॉकिट डायरी,फोन और आधार कार्ड से पहचान हो जाने पर मृतक के परिजनों को सूचना दे शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेज दिया है ।मवैया चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिव प्रकाश सिंह के अनुसार मृतक के परिवार वाले अत्यंत गरीब है ग्राम के प्रधान द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया है, मृतक ने बीती रात फांसी लगाई थी प्रथम दृष्टया में घरेलू विवाद सामने आ रहा है। मृतक की पत्नी नौ माह की गर्भवती है जो विगत छह माह से अपने मायके में ही रह रही है। परिजन के आने पर ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**फोन पर पिता को गाजियाबाद में होने की दी थी जानकारी:** प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक राममूर्ति जनपद सीतापुर नकुरी ग्राम में रहने वाली अपनी विवाहिता बहन के घर से रविवार सुबह करीब 11 बजे लखनऊ के लिए निकला था इस दौरान मृतक की बात फोन पर पिता से हुई थी फोन पर मृतक ने गाजियाबाद जाने की जानकारी अपने पिता को दी थी लेकिन लखनऊ आ गया और फांसी लगा अपनी जान दे दी।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

लखनऊ। आलमबाग इलाके में अजीतन खेड़ा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सुबह बाइक से जा रहे युवक को रौंद दिया। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से बाइक सवार को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। मामला सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे का है। अजीतनखेड़ा मोड़ के पास बाइक यूपी35डब्लू-2060 से जा रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक यूपी33बीटी-9182 ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मलिहाबाद इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करायी और फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे रेलवे लाइन पोल संख्या 94/30 पर मलिहाबाद स्टेशन से महमूदनगर ढाल के बीच एक व्यक्ति जम्मू तवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया है। इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा गया कि शव ट्रेन में फंसा हुआ था, जिसे आस-पास के लोगों की सहायता से बाहर निकाला गया तथा रेलवे लाइन को क्लियर कराया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मृतक की पहचान विकास कुमार पुत्र रामगोपाल रावत 20 वर्ष निवासी ग्राम पाठकगंज महमूदनगर थाना मलिहाबाद के रूप में की गई। मृतक के पिता रामगोपाल व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार मौके पर मौजूद रहे। वहीं सरोजनीनगर इलाके में सोमवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक डिस्पैच मैनेजर की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से गोंडा जिले के देहात कोतवाली थाना अंतर्गत बीरपुर बिसेन निवासी चंदन सिंह (23) सरोजनीनगर के कानपुर रोड, एलडीए कालोनी स्थित सेक्टर-एफ में परिवार सहित रहकर पास के ही ट्रांसपोर्टनगर स्थित कमल एजेंसीज में डिस्पैच मैनेजर के पद पर कार्य करता था। चन्दन रोज अपने घर से आलमनगर-उतरेठिया रेलवे लाइन पार कर ऑफिस जाता था। सोमवार सुबह भी करीब 10 बजे रोज की तरह वह रेलवे पटरी पार कर ऑफिस जा रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची रेलवे पुलिस ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने पर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इटौंजा ओवरब्रिज के पास लगी भीषण आग

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

### सात गुमटियां जलकर राख, लाखों का नुकसान



इटौंजा थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास स्थित कबाड़ की दुकान में अचानक लगी आग से आसपास के पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना रात में लगभग बारह बजे के आस पास हुई। मौके पर उपस्थित लोगों के मुताबिक आग कबाड़ की दुकान से शुरू हुई। और तेज हवा व दुकान में रखे ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग पास की सात अन्य गुमटियों तक भी पहुंच गई। तथा आग ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वहां उपस्थित लोग कुछ बचाव का प्रयास भी नहीं कर पाए। वहां उपस्थित लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन दल के द्वारा करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में लाया जा सका । राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन आग की चपेट में आने से नसरुद्दीन की प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम, शिवा की मोटरसाइकिल गैराज गुमटी, उमेश गुप्ता की चार पहिया गैरेज, विवेक की इलेक्ट्रिशियन दुकान, मोहम्मद आरिफ की अंडे की गुमटी, मुनीर की सेल्फ व डायनेमो चार पहिया गुमटी और राजू की साइकिल व पिंजरे की गुमटी पूरी तरह जलकर राख हो गईं। दुकानदारों ने बताया कि उनके सामान तथा मशीनों, उपकरणों और रोजमर्रा के कारोबार के नष्ट होने से कुल मिलाकर करीब 10 से 12 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। जिससे उनके जीवन के पालन पोषण में समस्या आ रही है। फिलहाल आग लगने का कारण अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हुआ है। लेकिन पुलिस और फायर विभाग दोनों ही घटना की जांच कर रहे हैं।

# साइकिल सवार की दुर्घटना में मौत

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**



दुबग्गा थाना क्षेत्र में कानपुर बायपास के पास रविवार देर रात एक साइकिल सवार व्यक्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सीते विहार कॉलोनी, बेगरिया (दुबग्गा) निवासी ओम प्रकाश (52) प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। रविवार रात वह ड्यूटी के लिए साइकिल से घर से निकले थे। इसी दौरान बायपास के नजदीक एक अज्ञात वाहन उनकी साइकिल को तेज रफ्तार से टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दामाद धर्मेंद्र ने बताया कि दुर्घटना अचानक हुई और टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता, बेटे सनी, मनीष, मनोज और बेटी नेहा को छोड़ गए हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# नगर निगम की गाड़ी ने मासूम को रौंदा, गंभीर रूप से घायल

- मासूम का पैर हुआ बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रेरणास्थल चौकी क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। जहां बसंतकुंज सेक्टर-आई में सड़क पर खेल रहे एक पांच वर्षीय मासूम बच्चे को नगर निगम की एलएसए कंपनी की रोड सफाई मशीन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में उसे आईआईएम रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मासूम का उपचार शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि डॉक्टरों ने साफ कहा है कि बच्चे का एक पैर काटना पड़ेगा।

बसंतकुंज इलाके में रहने वाले मोहम्मद राजू सब्जी का ठेला लगाते है। उनका पांच वर्षीय बेटा हसनैन इलाके में खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार नगर निगम की एलएसए कंपनी की रोड सफाई मशीन ने जोरदार टक्कर मार दी। गाड़ी के चपेट में आने से मासूम का एक पैर बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। यही नहीं सड़क पर काफी दूर तक मासूम के पैर के मांस के टुकड़े पड़े रहे। उसे तड़पता देख स्थानीय लोग आनन-फानन में इलाज के लिए आईआईएम रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहीं हादसे के बाद मशीन के चालक ने दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से फरार होने की कोशिश की और भीड़ जुटने से पहले ही वह घटनास्थल छोड़कर भाग गया। दुर्घटना के बाद मासूम के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है और डॉक्टर उसकी स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं। उसके मामा अतीक का कहना है कि वह खाना लेकर आ रहा था। तभी नगर निगम की गाड़ी के चपेट में आ गया।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश**

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखा गया। उनका कहना है कि बिना नंबर प्लेट के ऐसे भारी वाहनों का आवागमन बच्चों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। लोगों ने नगर निगम और एलएसएकंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

### केयर टेकर गमछे के सहारे लटक कर दी जान

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के ओमेक्स आर 2 में रहने वाले एक केयर टेकर ने गमछे के सहारे लटक कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर जांच के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से मिर्जापुर जिले के रहने वाले गुड्डू गुप्ता (35) ओमेक्स आर 2 के टावर 16 में फ्लैट नंबर 1803 में केयर टेकर का करता था। वह फ्लैट के मालिक बुजुर्ग अंशुमान शुक्ला की देखरेख का करता था। सोमवार की दोपहर वह अपने कमरे में जाकर पंखे से गमछे के सहारे लटक कर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फाँसी लगा कर जान देने का कोई कारण व सुसाइट नोट नही मिला।

# स्कूली वैन और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर

- बाइक सवार दो युवक गंभारी रूप से घायल, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के बाजनगर गांव के निकट नौबस्ता रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार दोपहर को एक स्कूली वैन और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक उछल कर ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड़ पर जा गिरा। वही वैन में सवार कई बच्चों को हल्की चोटें आईं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैन चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुगार्गंज स्थित सेंट फासिस स्कूली वैन यूपी32एफएन-0283 छुट्टी होने पर बच्चों को छोड़ते हुए रॉग साइड से तेजगति से नौबस्ता ओवरब्रिज की ओर और लखनऊ से हरदोई की ओर अपाची यूपी32पीजेड-4771 बाइक सवार दो युवक जा रहे थे। तभी नौबस्ता ओवरब्रिज पर आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।

# डीजी ईओडब्लू ने लखनऊ व मेरठ सेक्टर के निरीक्षक को किया सम्मानित

- माह अक्टूबर 2025 उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



प्रदेश में ईओडब्लू के सभी सात सेक्टरों में निस्तारित जांच, विवेचनाओं और गिरफ्तारी को लेकर की गई कार्रवाई में माह अक्टूबर 2025 में लखनऊ सेक्टर को सर्वश्रेष्ठ सेक्टर एवं मेरठ सेक्टर के निरीक्षक मनोज कुमार बिरला, को सर्वश्रेष्ठ विवेचक के रूप में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

बताया जा रहा है कि डीजी नीरा रावत आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन, द्वारा ईओडब्लू के सभी 07 सेक्टरों की माह अक्टूबर 2025 में दिये गये लक्ष्यों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया था। इसी क्रम में डीजी नीरा रावत ने लखनऊ सेक्टर को सर्वश्रेष्ठ सेक्टर एवं मेरठ सेक्टर के निरीक्षक मनोज कुमार बिरला, को सर्वश्रेष्ठ विवेचक के रूप में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। डीजी द्वारा विवेचकों को माह नवंबर में जॉच, विवेचना, अनवर्ती के निर्धारित टारगेट को त्वरित गति से पूरा करने तथा वांछित अभियुक्तों की यथा शीघ्र गिरफ्तारी करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

### गुडंबा में अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के धंधे का खुलासा तब हुआ जब तहसील समाधान दिवस में क्षेत्रीय निवासी सूरज मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मिश्रपुर निवासी आशू मिश्रा द्वारा बिना किसी लाइसेंस के घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और बिक्री की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। शनिवार 15 नवंबर की शाम करीब 5:30 बजे पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कुर्सी रोड स्थित डिपो बाजार में छापेमारी की। टीम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संतोष कुमार सिंह, परवेज अख्तर, पूर्ति निरीक्षक राजनारायण मिश्रा, कुमार सौरभ तथा चौकी गढ़ी पुलिस के जवान शामिल थे।

# कंपनी के मकान को अपना बताकर बेचने वाला गिरफ्तार

- एसटीएफ ने मेरठ से पकड़ा, 50 हजार का था इनाम
- दो वर्षो से चल रहा था फरार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



गाजियाबाद के मोदीनगर से वर्ष 2023 में धोखाधड़ी समेत विभिन्न आरोपों में फरार चल रहे एक अपराधी को एसटीएफ की टीम ने मेरठ से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित था।

एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया कि वर्ष 2023 से फरार चल रहे इनामी अपराधी योगेश गुप्ता पुत्र स्व सुरेश चन्द्र गुप्ता निवासी बी/3-नई कालोनी, देवेन्द्रपुरी, थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद को मेरठ से गिरफ्तार किया गया है। जोकि इन दिनों ओघडनाथ मंदिर के पास काली पलटन, थाना सदर बाजार, जनपद मेरठ में रह रहा था। एसएसपी का कहना है कि योगेश गुप्ता आईटीएस डेंटल क्लीनिक मुरादगनर में लैब टैक्निशियन के पद पर काम करता था और उसको शुरू से ही जुआ खेलने की आदत पड़ गयी थी। जिस कम्पनी में अभियुक्त योगेश गुप्ता के पिता सुरेश चन्द्र गुप्ता काम करते थे. उसी कम्पनी की तरफ से एक पॉलिसी के तहत कंपनी की तरफ से अभियुक्त योगेश गुप्ता के पिता को रहने के लिए एक मकान मिला हुआ था, जिसका मालिकाना हक कंपनी के नाम पर था, जिसको बेचा नही जा सकता था। अभियुक्त योगेश गुप्ता को जुआ खेलने की आदत इतनी बढ़ गयी थी कि उसने जुआ खेलने के लिए लोगों से कर्ज लेना शुरू कर दिया था, जिस कारण अभियुक्त पर लोगों का काफी कर्ज हो गया था।

### कर्ज उतारने के लिए बेच डाला कंपनी का मकान

उधारी के चलते कर्ज का पैसा न चुकाने के कारण अभियुक्त योगेश गुप्ता ने वर्ष 2021 में अपने पिता सुरेश चन्द्र गुप्ता की मृत्यु के बाद जो घर कंपनी ने उसके पिता सुरेश चन्द्र गुप्ता को रहने के लिए दिया था, उस घर को धोखे से अभियुक्त योगेश गुप्ता ने अपनी माता एवं बहन के साथ मिलकर अलका पत्नी यशपाल निवासी नई कालोनी, देवेन्द्रपुरी मोदीनगर को बेच दिया था और जब तक इस मकान के संबंध में अलका पत्नी यशपाल आदि को जानकारी हुई तब तक अभियुक्त योगेश गुप्ता पैसा लेकर जनपद मेरठ भाग कर वहीं पर रहने लगा था। इस धोखाधडी के संबंध में 27मई2023 को अलका पत्नी यशपाल ने थाना मोदीनगर में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी थी। इसी अभियोग में अभियुक्त योगेश गुप्ता फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अपराध/ मुख्यालय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के स्तर से 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित हो रखा था।

पायनियर

लखनऊ, मंगलवार, 18 नवंबर 2025



प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# जीडीपी को तीन गुना आगे ले जाना होगा: खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में जनपद में गतिमान विभिन्न परियोजनाओं तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में जिले के योगदान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा विभिन्न योजनाएं तथा वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में जिले के योगदान की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी गयी। जिलाधिकारी ने 2023-24 के आंकडों के आधार पर जनपद वाराणसी के आंकडों को प्रभारी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान में जिले की जनसंख्या 36.77 लाख (2011 के सेंसस से) है जिसके 2025 तक 43.87 लाख होने का अनुमान है। जिले की वर्तमान जीडीपी 51,036 करोड़ (प्रचलित भावों पर) तथा 29,797 करोड़ (स्थायी भावों पर) है तथा वार्षिक विकास दर 13.8% है, जनपद का राज्य जीडीपी में योगदान 1.99% है तथा प्रति व्यक्ति आय 103354 रुपये है। प्राथमिक सेक्टर का जनपद जीडीपी में योगदान 8.57%, द्वितीयक सेक्टर का 25.58% तथा तृतीयक सेक्टर का 65.85% योगदान है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले का तृतीयक सेक्टर का वर्तमान आंकड़ा तीस हजार करोड़ का है जिसको बढ़ाकर एक लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है। पर्यटकों की संख्या में 42 प्रतिशत तथा होटल उद्योग में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में जनपद के निर्धारित लक्ष्य 159200 करोड़ के सापेक्ष वर्तमान में जीडीपी 51036 करोड़ को लगभग तीन गुना तक आगे ले जाना होगा जिसके लिये लक्ष्य को टाइम फ्रेम में बिन्दुवार ठोस योजना बनाकर प्राप्त करना होगा।

## डीएम ने उत्साह और संकल्प के साथ कार्य करने की अपेक्षा की

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने अवगत कराया है कि विगत 02 महीने से टीम जौनपुर द्वारा सामूहिक प्रयास, कुशल नेतृत्व, और संगठित प्रयास से समर्थ पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है और चुनौतियों का जिस प्रकार सामना किया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है। जनपदवासियों के योगदान के कारण ही 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश @2047' के लिए समर्थ पोर्टल पर सुझाव देने में जनपद अब तक शीर्ष पर है। समर्थ पोर्टल पर सुझाव देने की अंतिम तिथि पुनः बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी ने आमजनमानस से अपील की है कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक और गुणवत्तापूर्ण सुझाव देकर जनपद को शीर्ष पर बनाए रखे।

# समाज हित के लिये समर्पित रहेगा 55 करोड़ की लागत से बना जायसवाल भवन: मदन लाल

❖ जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जनपद आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



लगभग 55 करोड़ की लागत से गुजरात में जायसवाल भवन अहमदाबाद का निर्माण कराया गया है। इसके लिये समाज के लोगों से 5 रुपये का कोई शुल्क नहीं लिया गया है। फरवरी 2026 में यह पूर्ण रूप से तैयार हो जायेगा जो समाज हित के कार्यों के लिये समाज को सौंप दिया जायेगा। उक्त बातें अखिल भारतीय सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल जायसवाल (गुजरात) ने सोमवार को पत्र–प्रतिनिधियों से हुई वार्ता के दौरान कही। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रामजी जायसवाल के शेषपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पाल्हनपुर, देवाश में भी जायसवाल समाज का भवन तैयार किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर राज्य में समाज के कम से कम 5 भवन हों, ताकि समाज के बेटे-बेटियों के विवाह के लिये काम आ सके। 20 वर्षों से हम समाज के लिये सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहे हैं जिसमें 101 विवाह, 72 विवाह, 63 विवाह, 84 विवाह, 115 विवाह कराया जा चुका है। आगामी 23 जनवरी 2026 को मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में 101 सामूहिक विवाह का आयोजन तय है।

# बाइक सवार को बस ने रौंदा, मौत

पायनियर संवाददाता। माहुल (आजमगढ़)

अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल अंबारी मार्ग पर टिकुरिया गांव के समीप रविवार देर शाम पिकअप वाहन और बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक पर पीछे बैठे 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को फूलपुर के ताहिर मेमोरियल ट्रामा सेंटर ले गई। जहां से मृतक के शव को स्वजन बिना पंचनामा के ही घर लेकर चले गए और सोमवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर अस्पताल में भर्ती चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पवई थाना क्षेत्र के चकियां बाजार निवासी मोहम्मद यासीन छज्जोपट्टी गांव निवासी अंकुर(25) को बाइक चलाने के लिए घर से बाइक चलाने के लिए साथ लिवाकर मार्टिनगंज अपनी रिश्तेदारी में गए थे। देर शाम ये दोनों घर के लिए निकले बाइक को अंकुर चला रहा था। जैसे ही ये दोनों टिकुरिया गांव के समीप पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित डीजे लदे पिकअप वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दिया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ये दोनों बाइक से छिटक कर पीछे से आ रही एक बस के नीचे आ गए और बस ने इन दोनों को कुचल दिया। इनकी बाइक के भी परखच्चे उड़ गए।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक किए गए सम्मानित

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

लोकमणि लाल एवं दयाकान्ति देवी पुरस्कार का हुआ आयोजन



पतंजलि ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा प्रयागराज शहर के फाफामऊ स्थित गंगा गुरुकुलम स्कूल के विवेकानन्द सभागार में लोकमणि लाल एवं दयाकान्ति देवी पुरस्कार का आयोजन किया गया। यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय एवं अभूतपूर्व कार्य करने वाले कर्मठ, समर्पित व प्रबुद्ध शिक्षकों को प्रदान किया जाता है, जो छात्रों के हितार्थ सदैव तत्पर रहते हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देते हैं। लोकमणि लाल पुरस्कार समूचे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षकों को चयनित कर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार शिक्षा जगत की पांच अलग अलग श्रेणियों के अंतर्गत प्रदान किया जाता है। जैसे शिक्षा के क्षेत्र में जीवन पर्यन्त किए गए अमूल्य कार्य हेतु, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च कक्षाओं के शिक्षकों के लिए शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु तथा आर्थिक दृष्टि से निर्बल वर्ग के छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षण व कार्य हेतु। दयाकान्ति देवी पुरस्कार महर्षि पतंजलि समूह के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उनके विशेष योगदान एवं उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण हेतु प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया।

## शराबियों और बारातियों में मारपीट, वीडियो वायरल

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौक पर बीती रात एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही गाड़ियों और स्थानीय लोगों के बीच अचानक विवाद भड़क गया, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि गाड़ी वालों और एक स्थानीय दुकानदार के बीच कहासुनी हाथापाई में बदल गई। देखते ही देखते लाठीझडंडे और ईट-पत्थर चलने लगे और पूरा इलाका रणभूमि जैसा दिखने लगा। मारपीट के दौरान सड़क पर अफराझतफरी मच गई, कई लोग इधरझउधर भागने लगे, जबकि कुछ लोग बीच-बचाव की कोशिश करते नजर आए। घटना का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मारपीट और अफरातफरी की पूरी स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेला 19 को होगा आयोजित

जौनपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर ने अवगत कराया है कि निदेशक सेवायोजन उप्र लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में 19 नवम्बर को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेले में निजी क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है, जिसकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आईडीप्रुफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करेंगे एवं सेवायोजन वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### हरित भविष्य के निर्माण में युवा सम्मानित

जौनपुर। छात्रों ने नवोन्मेषी वहनीय परियोजनाएं, रचनात्मक प्रदर्शन और अपशिष्ट न्यूनीकरण तथा स्वच्छ ऊर्जा अपनाने पर केंद्रित परियोजनाएं पेश कीं। स्कूलों और युवा इकोस्टार्स को पर्यावरण जागरूकता और ऊर्जा संरक्षण में उनके प्रभावी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। टाटा पावर ने मलदहिया स्थित होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित इकोक्रू मेले में युवा सस्टेनेबिलिटी (वहनीयता) चैंपियनों के बढ़ते नेटवर्क का जश्न मनाया। पहल के तहत उत्कृष्ट स्कूलों और छात्रों को 'इकोस्टार्स' के रूप में सम्मानित किया गया। क्लब एनर्जी इकोक्रू भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा साक्षरता आंदोलन है, जो युवाओं को स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु संबंधी अभियान का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाता है।

### डा. तारिक महमूद फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग एसआरएन अस्पताल के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ तारिक महमूद को पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं शोध के लिए देश की सबसे प्रतिष्ठित संस्था इण्डियन चेस्ट सोसाइटी द्वारा फेलोशिप अवार्ड से 14 नवम्बर को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें फेफड़ा रोग की राष्ट्रीय संगोष्ठी नैपकॉन 2025 में जयपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया है। विभागाध्यक्ष डा तारिक महमूद ने जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में फेफड़े की टीबी के ठीक हो गए रोगियों में सॉस फूलने की समस्या को लेकर शहरी तथा ग्रामीण रोगियों, धूम्रपान करने वाले तथा धूम्रपान न करने वाले रोगियों तथा लकड़ी, चूल्हा, कण्डी, कोयला एवं राठा आदि में भोजन पकाने वाले रोगियों पर अपना शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भारत में सबसे अधिक टीवी रोग के मरीज हैं। इससे पहले डा तारिक महमूद को भारत के सबसे प्रतिष्ठित चेस्ट स्पेशलिस्ट के रूप में इकोनामिक टाइम्स के ईटी अवार्ड से भी इसी वर्ष जून माह में दिल्ली में सम्मानित किया जा चुका है। गौरतलब है कि इन्हें पूर्व में नेशनल कालेज ऑफ चेस्ट फिजीशियन की फेलोशिप भी प्राप्त हो चुकी है।

## हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़ । जिले की कप्तानगंज पुलिस ने लाइसेंसी हथियार से हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त हरिश्चन्द्र निषाद, पुत्र स्व. रामबहादुर निषाद, निवासी ग्राम पूराबजगोती, थाना बसखारी, जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की बंदूक, कारतूस व लाइसेंस भी बरामद किया है । बता दें कि दिनांक 17.11.2025 को रात्रि गश्त एवं क्षेत्र देखभाल के दौरान, व. उ० नि० विजय सिंह गौड़ मय टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तमरूआ में आयोजित एक बारात में एक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की जा रही है, जिससे जनहानि की आशंका है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए का. अखिलेश कुमार, इरफान अली व प्रमोद कुमार को बुलाकर पुलिस टीम मौके पर पहुँची।

# डीएलएड में ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन 24 से

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

डीएलएड प्रशिक्षण 2025 को लेकर ऑनलाइन आवेदन, प्रवेश और चयन की प्रक्रिया 24 नवंबर से शुरू होने जा रही है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी ने आज प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि डीएलएड प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 24 नवंबर को दोपहर से शुरू होगा। डीएलएड प्रशिक्षण में दाखिला लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिसंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर तय की गई है जबकि पूर्ण रूप से भरे हुए आनलाइन आवेदन का अभ्यर्थी प्रिंटआउट 18 दिसंबर तक ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित की गई जानकारी में संशोधन का कोई मौका नहीं मिलेगा। इसलिए अभ्यर्थियों से यह अपील की गई है कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय सभी जानकारी को पूरी तरह से चेक करके मूल अभिलेखों के मुताबिक देखते हुए दर्ज करें। प्रदेश में डीएलएड की कुल 2 लाख 39 हजार सीटें हैं। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि ऑनलाइन आवेदन से पहले अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश और दिशा निर्देशों का भी अवलोकन अवश्य कर लें।

# नेहा प्रथम, शिवन्या द्वितीय व प्रियांशी तृतीय स्थान पर

❖ दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत स्लोगन प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रचनात्मक एवं जागरूकता-प्रधान माहौल में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति का आयोजन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हो रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सामाजिक संवेदनशीलता, महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर प्रभावशाली एवं सारगर्भित नारे प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक समझ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। सूक्ष्म मूल्यांकन के बाद घोषित परिणाम के अनुसार नेहा प्रथम, शिवन्या प्रजापति द्वितीय,तथा प्रियांशी मौर्य तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. विनोद कुमार एवं डॉ. राहुल राय ने किया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि सामाजिक चेतना के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जाम से परेशान सादुल्लानगर



❖ राहगीरों को मिनटों का सफर घंटों झेलना पड़ रहा है

पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर

जाम की झाम से परेशान राहगीरों को आवागमन मिनटों की सफर घंटों झेलना पड़ रहा हैं।

कस्बे के मुख्य बाजार में सड़क की पटरियां अब पैदल यात्रियों के लिए नहीं, बल्कि दुकानदारों और किरायेदारों के लिए आरक्षित हो गई हैं। बाजार की दोनों ओर की पटरियों पर दुकानों की भरमार है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पटरियों पर दुकान लगाने वाले दुकानदार बाकायदा आसपास के घरों को किराया अदा करते हैं। यह किराया एक से दो हजार रुपये तक बताया जाता है। दुकानदार स्वयं स्वीकार करते हैं कि यह गैरकानूनी है, लेकिन किसी तरह की बहस-झंझट से बचने के लिए किराया देना ही सही मानते हैं। पटरियों पर कब्जा होने से स्थिति यह हो गई है कि दुकानदार मनमानी करने लगे हैं। कई बार ग्राहकों से उनके विवाद और हाथापाई तक की नौबत आ चुकी है।

मुख्य बाजार स्थित सिद्धेश्वर नाथ , जामा मस्जिद व गूमा तिराहा के सामने तो दो और चारपहिया वाहन खड़ा करने की जगह तक नहीं बची है।स्टेट बैंक के सामने,हाजी इस्माइल वाली गली सड़क किनारे सब्जी ठेले और बिछी दुकानें पैदल चलना तक मुश्किल कर रही हैं। स्थानीय निवासी नंदकिशोर, राधेश्याम, उदयभान, संतोष आदि का कहना है कि लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो रही हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी मौन हैं। इस संबंध में एसडीएम उतरौला अभय सिंह ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही व्यापारियों के साथ बैठक कर अभियान चलाया जाएगा।

# मिशन शक्तिः एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता। गैंडास बुजुर्ग



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकाश कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा थाना गैंडास बुजुर्ग के नेतृत्व में मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत एंटी रोमियो टीम/ मिशन शक्ति टीम प्रभारी उ.नि. गौतम कुमार, का. अनिल कुमार,म.आ. गरिमा सिंह, म.आ. सुमन लता सरोज द्वारा लोकहित इंटर कॉलेज सहियापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय गैंडास बुजुर्ग, प्रगति न्यूट्रिशन एंटर प्राइजेज गड़रहिया, तथा ग्राम वैश्यडीह में चौपाल लगा कर सभी छात्र-छात्राओं व महिलाओं व पुरुषों को मिशन शक्ति के अंतर्गत आने वाली विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि की जानकारी दी गई तथा सभी महिलाओ को महिला अपराध-महिला हिंसा, लैंगिग उत्पीड़न आदि के बारे में बताया गया।

# पंचायत चुनाव: उम्मीदवार करने लगे घर-घर जनसम्पर्क

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



आगामी वर्ष में ग्राम पंचायतों में प्रधानी चुनाव की सुग बुगाहट से ग्राम पंचायत के भावी प्रत्याशी अभी से पंचायत चुनाव की तैयारीयों में जुट गए हैं। ग्राम पंचायत के चौमुखी विकास के दावों की होर्डिंग व बैनर दिखाई देने लगे हैं। हारे प्रधान जीते प्रधान व नये राजनीति में आये लोग अपने अपने शतरंज के मोहरों को सजाने में लग गए है।

ग्राम पंचायत सेखुईनिया कलां में भावी प्रत्याशी बृजेश कुमार पांडे गांव के अंदर लगे विद्युत पोल पर ग्रामीणों के साथ स्ट्रीट लाइट लगवाऐ, शादी विवाह, मुंडन संस्कार, अंतिम संस्कार अन्य त्योहारों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते दिखाई पड़ रहे हैं यहां तक दुखों में शामिल होकर आर्थिक सहायता भी दे रहे हैं और हर माह मेहंदी वाले बालाजी सरकार तथा कैंची धाम बालाजी सरकार का आशीर्वाद लेने के लिए दरबार में हाजिरी लगाते हैं। आगामी वर्ष 2026 में प्रधानी की चुनाव होना तय माना जा रहा है। वही शासन स्तर पर भी मतदाता सूची सही करने बैलेट बाक्सो की मरम्मत व अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा पारसीमन के लिये भी आदेश शासन द्वारा दिए जा चुके हैं। इधर गावों में होटलों व पेडों के नीचे चौपाले सजने लगी है। जीते प्रधान इस समय मनरेगा, पात्रों को आवास, सड़क, पेयजल, जल निकासी व अन्य प्रकार के विकास कार्यों को बताकर अपने मतदाताओं को पक्का करने का जुगत भिड़ा रहे हैं। और अगली प्रधानी में इससे ज्यादा लाभ दिलाने का लोभ दे रहे हैं। हारे हुये प्रधान होटलों में लोगों को चाय नाश्ता से लेकर घर का हाल चाल लेने से भी नहीं चूक रहे हैं। कुछ लोग तो ग्रामीणों के बीमार पड़ने या उन्हें लादकर दवा इलाज करने का कार्य शुरु कर दिए है। नये नये राजनीति मे आये लोग भी मतदाताओं को लाली पाप देने से भी नही चूकते हैं। यहाँ तक कि आरक्षण श्रेणी परिवर्तित होने पर भी अपने आदमी को जो आरक्षण के हिसाब से उसी जाति का ही उससे भी वार्ताओं का दौर आरम्भ हो चुका है। वहीं तमाम ग्राम पंचायतों में अन्य प्रत्याशियों की बुराई से लेकर शिकायतों तक करने से भी लोग चूकते नही है। कुछ लोगों ने तो अपने लोगों का नाम बढ़वाने व विपक्षियों का नाम कटवाने का भी मन्सूबा पाल रखा है और इस पर रणनीति भी बनाना शुरु कर दिया है।

# डीएम ने किया गन्ना विभाग का व्यापक निरीक्षण

पर्ची वितरण और किसानों की शिकायत निस्तारण पर दिया जोर



पायनियर संवाददाता। बलरामपुर

जिले में गन्ना किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और पेराई सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। पेराई सत्र के शुभारंभ पर चीनी मिल बलरामपुर में आयोजित शुभ-हवन एवं पूजा-अर्चना में दोनों अधिकारी सम्मिलित हुए और जिले में समृद्धि एवं सुचारु संचालन की कामना की।

हवन-पूजन के उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी एवं सहकारी गन्ना विकास समिति का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गन्ना पर्ची वितरण व्यवस्था, तौल केंद्रों की सुविधाएं, किसानों की शिकायत निस्तारण प्रणाली तथा रिकॉर्ड अद्यतन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए किगन्ना पर्ची वितरण पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और मॉनिटरिंग आधारित हो। किसी भी किसान को पर्ची प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो। तौल केंद्रों पर पेयजल, शेड, बैठने की उचित व्यवस्था, साफ-सफाई और सुचारु तौल प्रणाली पूरी तरह दुरुस्त हों। किसानों की शिकायतें समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित की जाएं।

# तुलसीपुर इकाई: पेराई सत्र का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर

बलरामपुर चीनी मिल समूह की तुलसीपुर इकाई का पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को अपराहन 12 बजकर 24 मिनट पर विधिवत पूजन हवन के उपरांत देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी , चीनी मिल के इकाई प्रमुख आर एस प्रसाद, क्षेत्रीय विधायक कैलाश , पूर्व भाजपा अध्यक्ष प्रदीप सिंह, राकेश सिंह , पूर्व राज्य मंत्री सलिल सिंह टीटू , उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत, द्वारा डोंगे में गन्ना डालकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनराज सिंह, आनंद कुमार सिंह अन्नू, भाजपा जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा, सहकारी गन्ना समिति डायरेक्टर संजय सिंह, चीनी मिल वेलफेयर अधिकारी आशीष सिंह,अधिकारी इंजीनियरिंग हेड विजयपाल सिंह, प्रोडक्शन हेड हेड दीप सिंह, कमर्शियल हेड आरके जायसवाल, केन हेड ओमपाल, वीरू कौशिक, अनूप कुमार श्रीवास्तव, मनीष कुमार, पंडित मातेश्वरी प्रसाद तिवारी, चौधरी विजय सिंह सहित तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# खैराबाद सीएचसी में अव्यवस्था पर डीएम सख्त

## कई कर्मियों पर वेतन कटौती और नोटिस लापरवाही पर चेतावनी

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण में बदइंतजामी देखकर कड़ी नाराजगी जताई। इमरजेंसी, लेबर रूम, भर्ती वार्ड, एनआरसी, पैथोलॉजी, औषधि कक्ष और एनबीएसयू सहित सभी यूनिटों के निरीक्षण में अव्यवस्था और साफ-सफाई की कमी सामने आई। डीएम ने निर्देश दिया कि जनता को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ हर हाल में उपलब्ध कराई जाएँ। निरीक्षण के दौरान बीपीएम अनुज कुमार और बैम के अनुपस्थित रहने तथा व्यवस्थाएँ ठीक न होने पर उनके 15-15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की तैयारियाँ अधूरी मिलने पर डीएम ने कड़ा ऐतराज जताया।

कार्य के प्रति उदासीनता दिखाने पर सीएचसी अधीक्षक को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। मरीजों को रेफर करने में लापरवाही पर एएनएम सुमन लता स्टाफ नर्स को कारण बताओ नोटिस देने को कहा। वहीं रजिस्टर अद्यतन न होने पर स्टाफ नर्स पिंकी सिंह और पूनम सिंह को स्पष्टीकरण और प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश हुए। डीएम ने कहा कि डिलीवरी रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज किया जाए और जन्म प्रमाणपत्र डिस्चार्ज के समय ही मरीज को दिया जाए। भर्ती मरीजों के भोजन, दवाओं की उपलब्धता और दवाओं के रख-रखाव पर भी सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित अधिकारी मौजूद रहे।



### चार्ज लेते ही डीएम की बड़ी कार्रवाई, स्वास्थ्य यूनिटों की 'सजावट' ढही



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने चार्ज संभालते ही स्वास्थ्य विभाग पर ऐसा शिकंजा कसा कि पूरे जिले की स्वास्थ्य इकाइयों में हड़कंप मच गया। डीएम ने बिना सूचना के सीएचसी, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और एनएम सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया। प्रभारियों ने पूरे सप्ताह भर युद्धस्तर पर तैयारियाँ कर 'सबकुछ ठीक' दिखाने की कोशिश की, लेकिन डीएम की तीखी नजरों से अव्यवस्था की परतें छिप न सकीं। निरीक्षण के दौरान गंदगी, अधूरे रजिस्टर, स्टाफ की लापरवाही, दवाओं की गड़बड़ी और मरीज सेवाओं में बड़ी खामियाँ सामने आईं। कई कर्मचारियों पर वेतन कटौती, प्रभारियों को नोटिस, और पूरे विभाग को 15 दिन का समय देकर डीएम ने साफ संदेश दियाकृअब मनमानी नहीं चलेगी। सबसे बड़ी बात यह कि इतने दिनों की भागदौड़ और सौंदर्यकरण के बाद भी अस्पताल इकाइयाँ ठीक न दिख सकीं। स्थानीय लोगों का कहना है, ''अगर इतनी बड़ी तैयारियों के बावजूद भी हालत ऐसी है, तो पहले सीतापुर की स्वास्थ्य सेवाओं की हालत क्या रही होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। डीएम की इस कार्रवाई ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को हिला दिया है और संकेत साफ है।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



**सीतापुर।** जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी स्वास्थ्य इकाइयों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा डेटा हर हाल में सही, पूर्ण और त्रुटिरहित हो। उन्होंने कहा कि लिफ्ट खराब होने वाले सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची तुरंत उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने वीएचएसएनडी दिवस एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना को मेले के रूप में भव्य आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले से एक दिन पूर्व एमओआईसी, एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की संयुक्त बैठक अवश्य हो, ताकि सभी द्वारा तैयार किया गया डेटा एकरूप और सटीक रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मेले के दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पास हीमोग्लोबिन मीटर सहित आवश्यक उपकरण अद्यतन रूप में मौजूद हों। जिलाधिकारी ने एचपीआर (हाई प्रेगनेंसी रिस्क) श्रेणी की गर्भवती महिलाओं की नियमित पहचान और ट्रैकिंग को अनिवार्य बताते हुए कहा कि सभी जांचें व विवरण आरसीएच पोर्टल पर समय से दर्ज हों। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में शून्य प्रसव वाली आशाएं होंगी, वहाँ संबंधित एमओआईसी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने आईटीआई खैराबाद के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तहसील सदर क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद में निर्माणाधीन थ्योरी कक्ष, आईटी लैब और लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। यह परियोजना 262.80 लाख रुपये की लागत से यू.पी. प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित की जा रही है। प्रस्तावित कार्यों में आईटी लैब, लाइब्रेरी, भूतल व प्रथम तल पर तीन-तीन क्लासरूम, सीसी रोड, फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेप्टिक टैंक, सोकपिट व टॉयलेट ब्लॉक शामिल हैं। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्य मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण कराकर हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता के लिए भी उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दो विकास खंडों में करोड़ों की संदिग्ध भुगतान एंट्री!



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

❖ एक ही बिल वाउचर पर राशि निकालने का आरोप, जिलाधिकारी से जांच की मांग

जिले के दो विकास खंड बिसवां और पिसावां में क्षेत्र पंचायत मद से हुए भुगतान पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि करोड़ों रुपये की धनराशि एक ही बिल वाउचर पर या बिना बिल अपलोड किए ही जारी कर दी गई। इस कथित भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) एस. के. तूफानी ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल उच्च स्तरीय जांच की मांग की। एस.के. तूफानी ने आरोप लगाया कि बिसवां खंड विकास अधिकारी ने एक ही बिल बाउचर अपलोड कर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है, जबकि पिसावां विकासखंड में एक ही बिल पर विभिन्न कार्यों के नाम से करोड़ों रुपये की निकासी दिखाई गई है। उनका कहना है कि सिर्फ एक सत्र में ही अलगदअलग मदों के भुगतान एक ही बिल नंबर के सहारे कर दिए गए, जो वित्तीय प्रक्रिया का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों विकास खंडों के पूरे वित्तीय सत्र की जांच कराई जाए, तो ''बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार उजागर होगा।'' शासन के नियमों के खिलाफ जाकर बिना बिल अपलोड किए या एक ही बिल पर कई-कई करोड़ का भुगतान दिखाना, कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी को सौंपा गया, जिन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ सलाहकार एडवोकेट राजेश खन्ना, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महासचिव अखिलेश गौतम, एडवोकेट संतोष कुमार, राकेश कुमार, सर्वेश गौतम, जागेश्वर वर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जुनगढ़ कंदुनी में लगा बहुउद्देश्यीय सेवा शिविर



**बिसवां/सीतापुर।** ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही सहज रूप से दिलाने के उद्देश्य से अर्जुनगढ़ कंदुनी में बहु-उद्देश्यीय सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ शरद चैधरी एवं आयोजक, प्रमुख समाजसेवी अरिंजय चैधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजक अरिंजय चैधरी ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के लिए नए राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति, आय एवं निवास प्रमाणपत्रों के ऑनलाइन आवेदन जैसी बुनियादी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए पाँच दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई गांवों में ऐसे शिविर लगाकर हजारों लोगों को राहत दी जा चुकी है। शिविर में अशोक बाजपेयी, उमेश कुमार, शकील अहमद, राजकिशोर सिंह, सुनील वर्मा, प्रदीप यादव, भरत प्रसाद, प्रधान मिश्री लाल प्रजापति, ऋषीश शुक्ला, प्रमोद अवस्थी, शेर मोहम्मद, शेखर, हसन मियां सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरस्वती संगीत महाविद्यालय का स्थापना दिवस



**सीतापुर।** शहर के प्रतिष्ठित सरस्वती संगीत महाविद्यालय का स्थापना दिवस रविवार को महाविद्यालय के हॉल में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की स्थापना इसी दिन सन 1953 में स्वर्गीय कैलाश नाथ श्रीवास्तव द्वारा की गई थी। तब से यह संस्थान लगातार सीतापुर ही नहीं, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों को संगीत शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन और संबोधन के साथ हुई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि संस्था की यही परंपरा है कि यहाँ से निकलने वाले बच्चे संगीत की दुनिया में अपना अलग नाम बनाते हैं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समूचे माहौल को सुरमयी बना दिया। शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सीतापुर।** बिसवां थाना क्षेत्र के काजीपुर मोड़ पर हुए सड़क हादसे में सुमरावां निवासी 40 वर्षीय मनोज गिरि की मौत हो गई, जबकि उनके साले सहित एक अन्य साथी घायल हो गए। रविवार को मनोज गिरि अपनी ससुराल दुदगढ़, मजरा मंडौर गए थे। रात करीब 10 बजे घर लौटते समय उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल मनोज किसी तरह घर पहुँचे, जहां परिजन उन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उन्हें खून की उल्टियां हुईं और उनकी मौत हो गई। मनोज का साला और एक अन्य साथी अभी भी इलाजरत हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार हादसा बिसवां क्षेत्र में हुआ है। परिजन शव को लेकर थाने पहुँचे, जिसके बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### जमीन के लालच में जेठ ने बहू का गला रेता

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के तुतहीपुर गांव में सोमवार सुबह हुई घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। मामूली दिखने वाले चारा काटने के विवाद ने कुछ ही मिनटों में खूनी वारदात का रूप ले लिया, जब जेठ ने अपनी 35 वर्षीय बहू अंजलि का बांका से गला रेतकर हत्या कर दी। चीखें सुनते ही दौड़े ग्रामीणों ने महिला को खून से लथपथ देखा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं और आरोपी जगतराम मौके से फरार हो चुका था। अंजलि के नाम पर 16 बीघा जमीन थी, जो पति की दो साल पहले हुई मौत के बाद से विवाद का कारण बनी हुई थी। गांववालों के मुताबिक जेठ लगातार जमीन हड़पने का दबाव बनाता था और दोनों परिवारों में महीनों से तनाव चल रहा था। सोमवार को मशीन से चारा काटने को लेकर कहासुनी बढ़ी और आरोपी ने बांका उठाकर बहू पर हमला कर दिया। अंजलि अपने पीछे छह साल की बेटी रोशनी को छोड़ गई है। पति की मौत के बाद वह ससुराल में अकेले ही रह रही थी।

### रंगवा गांव में चार दुकानों में 90 हजार की चोरी

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा में रविवार देर रात चोरों ने एक के बाद एक चार दुकानों का शटर तोड़कर नकदी व सामान पार कर दिया। साथ ही जान मोहम्मद के घर के बरामदे में खड़े ट्रैक्टर से लगभग 10 हजार रुपये मूल्य का अल्टीनेटर उड़ा ले गए। कुल चोरी का मूल्य लगभग 90 हजार रुपये आंका गया है। चोरों ने प्रमोद मौर्या और अंकुर राज के मेडिकल स्टोर से करीब 9 हजार रुपये नकद व दवाएं, जॉनसन पाउडर व साबुन चुरा लिया। आलोक नाथ की दुकान से बेसन-बिस्किट और कमेश्वर की रेडीमेड दुकान से करीब 60 हजार के कपड़े, जूते-चप्पल गायब मिले। सुबह दुकानदारों के पहुंचने पर चोरी का खुलासा हुआ। सूचना पर लालपुर चैकी प्रभारी मनोज दुबे मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ितों ने सामूहिक रूप से कोतवाली में तहरीर दी है।

## लहरपुर में लूट का खुलासा

# पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश प्रियांशु गिरफ्तार

❖ तमंचा कारतूस और लूटी बाइक बरामद

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के सख्त निर्देशों के बाद लहरपुर पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल की। ग्राम घुड़सरिया में 12 नवम्बर को हुई लूट की वारदात में वांछित कुख्यात अपराधी प्रियांशु को पुलिस ने मुठभेड़ में धरदबोचा। आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी लहरपुर विशाल गुप्ता के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में थाना लहरपुर पुलिस व एसओजी टीम ने शगुनापुर मोड़ पर घेराबंदी की। रोकने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की। गोली लगते ही प्रियांशु गिर पड़ा और गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए अपराधी से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, बीबो मोबाइल, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस और 1500 रुपये नकद बरामद हुए। प्रियांशु पर सकरन, हरगांव, लहरपुर और लखीमपुर खीरी में कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

**हीरो बनी पुलिस टीम :** इस कामयाबी में प्रभारी निरीक्षक लहरपुर अरविंद कुमार सिंह व उनकी टीम, तथा एसओजी टीम के प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बदमाश को उपचार के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बिसवां में 'रन फॉर यूनिटी' यात्रा



पायनियर संवाददाता। बिसवां/ सीतापुर

❖ 5 किमी पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर बिसवां में रविवार को भव्य 'रन फॉर यूनिटी' एवं यूनिटी मार्च निकाला गया। यह पदयात्रा भोलागंज तिराहे से शुरू होकर लहरपुर रोड स्थित भारत पैलेस तक लगभग 5 किलोमीटर तक चली। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के सौजन्य से किया गया। मार्च के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य महानिषेध उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी, जिला महामंत्री रमेश भार्गव, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जिला मंत्री रोहित सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे सहित पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। विश्व बड़े चैराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पु जयसवाल ने फूल मालाओं के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। भारत पैलेस पहुंचने के बाद आयोजित विशाल जनसभा में मुख्य अतिथि बृजेश शुक्ला ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता, अखंडता और संकल्प के प्रतीक थे। उनकी जयंती हमें राष्ट्र निर्माण में एक जुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देती है।

# सकरन में सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर, अवैध कब्जा हटाया गया

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

पायनियर में प्रकाशित खबर का प्रशासन पर गहरा असर हुआ और वर्षों से सरकारी जमीन पर जमे अवैध कब्जे आखिरकार ढह गए। सकरन थाना क्षेत्र के इटौवा गांव में गाटा संख्या 623, जो राजस्व अभिलेखों में घूरा गड्ढा के रूप में दर्ज है, लंबे समय से कब्जेदारों के निशाने पर था। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव के ही हरिकृष्ण पुत्र त्रिजुगी नारायण ने वर्ष 2020 में इस सरकारी भूमि पर जबरन पक्के पिलर खड़े कर टीनशेड डालकर कब्जा जमा लिया था, जबकि बची जमीन पर घूरा-करकट फेंककर उसे पूरी तरह अपनी संपत्ति की तरह उपयोग किया जा रहा था। ग्रामीण सरल कुमार, उमेश, इंद्रेश, दिनेश, नामी समेत कई लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी।



पायनियर ने 17 नवंबर के अंक में ''ग्रामीणों ने सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की मांग, डीएम को सौंपा पत्र'' शीर्षक से मुद्दा प्रमुखता से उठाया। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और सोमवार को राजस्व विभाग व पुलिस टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध पिलर व टीनशेड पर बुलडोजर चलवा दिया। टीम ने घूरा व करकट भी हटाया, जिससे सरकारी जमीन पूरी तरह मुक्त हो गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार तंबौर दीनानाथ यादव, राजस्व निरीक्षक राजकिशोर जायसवाल, लेखपाल अरविंद पाल सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहा। ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

### निशुल्क नेत्र शिविर में उमड़ी भीड़

**सीतापुर।** लहरपुर नगर के मोहल्ला पटकी टोला में डॉक्टर ओम प्रकाश शुक्ला क्लिनिक पर सीतापुर आंख अस्पताल के सौजन्य से आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को लगे इस शिविर में ग्रामीण अंचलों से आए 206 नेत्र रोगियों का पंजीकरण किया गया। आंख अस्पताल के डॉक्टर स्वप्निल शर्मा और उनकी टीम ने सभी मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में 133 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया, जिन्हें अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा। शिविर के आयोजक डॉक्टर आशुतोष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 9 दिसंबर को एक और नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

# खो-खो बालिका वर्ग में रघुराज सिंह इंटर कॉलेज चैंपियन

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



❖ बास्केटबॉल बालक वर्ग में अजमानी इंटरनेशनल ने मार रिकॉर्ड

सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में 'हृदयोत्सव' के अंतर्गत आयोजित फादर जिरार्ड मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल अजमानी इंटरनेशनल (लखीमपुर) और नवोदय विद्यालय सीतापुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अजमानी इंटरनेशनल ने दृढ़ प्रदर्शन करते हुए नवोदय को हराकर खिताब अपने नाम किया। उधर, अंतरविद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में आरएमपी इंटर कॉलेज ने सेक्रेड हार्ट सिधौली को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे सेमीफाइनल में श्री रघुराज सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज ने ओएनजीसी लहरपुर को मात दी। खिताबी मुकाबले में रघुराज सिंह इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आरएमपी को 3-1 तथा 2-1 के सीधे सेटों में हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. फादर जॉन एंटोनी ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समन्वयन फादर प्रशांत, फादर जार्ज और फादर सजीमन ने किया, जबकि खो-खो प्रतियोगिता का संचालन डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित एवं डॉ. मनीष गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडल में धीरेंद्र कुमार, संतोष सिंह और अजय शामिल रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय छात्र समिति की अध्यक्ष सौम्या सिंह, उपाध्यक्ष शाब्दी, कप्तान वैष्णवी मिश्रा, उप कप्तान तन्मय शुक्ला सहित समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. योगेश ने बताया कि 18 व 19 नवंबर को सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी।

AXIS BANK LTD.
अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
[illegible]

AXIS BANK LTD.
अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
[illegible]

AXIS BANK LTD.
अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
[illegible]

# लालू परिवार में कलह
## साख बचाना चुनौती

बिहार विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पराजय के बाद राष्ट्रीय जनता दल के लिए नया संकट खड़ा हो गया है। यह संकट बाहर से नहीं बल्कि लालू प्रसाद यादव के परिवार के अंदर से ही है। अपने भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाकर लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने भूचाल ला दिया है। परिवार में चल रहे विवाद से आरजेडी की एकजुटता पर चोट लगी है, जिससे जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी को भविष्य में भी राजनीतिक लाभ मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। रोहिणी के ये आरोप अत्यधिक गम्भीर है कि उन्हें जलील किया गया। यहां तक कि मारने के लिए चप्पल भी उठाया गया। इस प्रकार के आरोपों पर सफाई देने के लिए लालू परिवार की ओर से एक शब्द भी नहीं बोला गया। इस चुप्पी से तेजस्वी को और भी नुकसान होगा क्योंकि उनके विरोधी कह रहे हैं कि जो व्यक्ति अपनी बहन के साथ इस प्रकार का व्यवहार कर सकता है, वह आम लोगों के साथ क्या करेगा। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि जो अपना परिवार नहीं संभाल सकता वह राज्य क्या संभालेगा? देखा जाए लालू के परिवार का आपसी विवादों से पुराना नाता है। ये झगड़े ज्यादातर राजद की आंतरिक राजनीति, उत्तराधिकार और व्यक्तिगत मतभेदों से जुड़े रहे हैं। दशकों पहले जब लालू मुख्यमंत्री बने तो राबड़ी देवी के भाई साधु यादव और सुभाष प्रसाद यादव का राजनीतिक प्रभाव तेजी से बढ़ा लेकिन बाद में सत्ता के बंटवारे और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से परिवार में



दरार पड़ने लगी। साधु यादव ने कई बार लालू पर परिवार को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया, जिससे ससुराल पक्ष अलग-थलग महसूस करने लगा। बाद में साधु ने राजद से अलग होकर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा। इसने परिवार की एकजुटता पर पहली बड़ी चोट की। इसके बाद लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की ऐश्वर्या से शादी के बाद तलाक की मांग ने परिवार को हिला दिया। तेज प्रताप ने पत्नी पर धोखा देने का आरोप लगाया, जबकि परिवार ने इसे दबाने की कोशिश की। वहीं ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर खुद को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। इसी दौरान तेजस्वी को लालू का उत्तराधिकारी बनाया दिया गया। इससे तेज प्रताप ने स्वयं को अनदेखी का शिकार होना महसूस किया, जिससे भाइयों के बीच तनाव बढ़ा। इसका असर ये हुआ कि पार्टी में तेज प्रताप की भूमिका कम हुई और यह परिवारवाद पर सवाल उठाने का एक आधार बन गया। इसी साल तेज प्रताप का एक पोस्ट वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने किसी महिला के साथ 12 साल के रिश्ते का दावा किया। लालू ने इसे गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बताते हुए तेज प्रताप को अपनी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया और परिवार से भी अलग कर दिया। तेज प्रताप ने ठीकरा तेजस्वी के करीबी संजय यादव पर फोड़ा, उन्हें जयचंद कहा। बात इतनी बढ़ी इस विवाद ने चुनाव से पहले राजद की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया। इसका असर ये हुआ कि तेज प्रताप ने स्वतंत्र रूप से महुआ सीट से चुनाव लड़ा और बुरी तरह हार गए। उधर पूरी पार्टी बुरी तरह हार गयी। आज ऐसा लग रहा है कि परिवार में ऐसी दरार पड़ गयी है जिसे पाटना आसान नहीं होगा। इस पारिवारिक विवाद से भी राष्ट्रीय जनता दल को भारी नुकसान हो रहा है। लालू परिवार के लिए चिंताजनक बाद यह है कि परिवार को कोई न कोई सदस्य आए दिन अलग राह पकड़ रहा है और तेजस्वी को निशाने पर ले रहा है। ऐसे में तेजस्वी के लिए सार्वजनिक जीवन में स्वच्छ छवि बनाए रखना आसान नहीं होगा क्योंक वे पहले से ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हैं।

# क्या नेपाल में समय पर होंगे चुनाव?

**तीन बार अपदस्थ हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली ने वर्तमान सरकार को असंवैधानिक बताया है और संसद को पुनर्जीवित करने की मांग की है। 29 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट की एक संवैधानिक पीठ ने राष्ट्रपति आरसी पौडयेल से सदन को भंग करने का औचित्य बताने को कहा।**

**अशोक के मेहता**
लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं।






हर किसी की जुबान पर यह सवाल है कि क्या नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले चुनाव समय पर हो सकते हैं - या बिल्कुल भी। जिन विकल्पों पर चर्चा की जा रही है उनमें नई चुनाव तिथि के साथ भंग संसद की बहाली और पांच बार के पूर्व प्रधान मंत्री एसबी देउबा की पुनर्नियुक्ति शामिल है; या मौजूदा चुनाव तिथि का विस्तार, जिसका उल्लेख स्वयं प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने किया है। सदन की बहाली की मांग को लेकर अब तक सुप्रीम कोर्ट में सोलह याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं।

तीन बार अपदस्थ हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली ने वर्तमान सरकार को असंवैधानिक बताया है और संसद को पुनर्जीवित करने की मांग की है। 29 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट की एक संवैधानिक पीठ ने राष्ट्रपति आरसी पौडयेल से सदन को भंग करने का औचित्य बताने को कहा और इसके पुनरुद्धार की मांग करने वाले याचिकाकताओं को 20 नवंबर को अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया। प्रतिष्ठान ने अभी तक न्यायालय को जवाब नहीं दिया है। प्रधान मंत्री कार्की ने अपनी सरकार के गठन का श्रेय जेनज़ी आंदोलन को दिया है, जिसके लिए इसके सदस्य एमओवी 082 के रूप में राष्ट्रीय मान्यता चाहते हैं।

अब असली सवाल यह है कि क्या जेनज़ी द्वारा मांगे गए सुधार - एक सीधे निर्वाचित प्रधान मंत्री, एक स्थिर सरकार, विदेशी नेपालियों के लिए मतदान का अधिकार, और मतदान की उम्र 18 से 16 वर्ष तक कम करना - 5 मार्च से पहले लागू किया जा सकता है।

संविधान में संशोधन करने के लिए सशक्त राष्ट्रपति आयोग के माध्यम से कुछ सुधार लागू किए जा सकते हैं, क्या सरकार सहमत होनी चाहिए। 19 अक्टूबर को, मिराज धुंगाना, जिन्होंने पहले जेनजेड की मांगों को रेखांकित करते हुए एक वीडियो जारी किया था, ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा की।

हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि जेन जेड खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनकी प्रारंभिक आठ-सूत्रीय मांगों में से कई को कार्यान्वयन योग्य नहीं पाया गया, जैसे कि भ्रष्टाचार उन्मूलन का मुख्य मुद्दा, जिसे एक कार्यकर्ता आंदोलन के बजाय एक निर्वाचित सरकार द्वारा सबसे अच्छा संबोधित किया जाता है। जेन जेड स्वयं गहरे रूप से टूटा हुआ है। उन्नीस अलग-अलग समूहों, जिनमें से कई निहित स्वार्थों से घुसपैठ करते हैं, ने सुधार आंदोलन में एकजुटता और स्पष्टता की कमी कर दी है।

पड़ोसी बांग्लादेश में, छात्रों ने हाल ही में जुलाई चार्टर तैयार किया, जिसमें चुनावी सुधार शामिल हैं जिन्हें फरवरी 2026 के चुनावों से पहले लागू किया जाना चाहिए। हालांकि चार्टर को शुरू में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने असंवैधानिक बताकर इसका विरोध किया था, लेकिन इसकी सहयोगी जमात-ए-इस्लामी ने इसका समर्थन किया था।

1990 के नेपाल के आंदोलन के नेतृत्व वाले सुधारों को 1990 के संविधान में पैलेस द्वारा शामिल किए गए ₹शरारतपूर्ण खंड₹ के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया जा सका, ऐसे खंड जिन्होंने अंततः 1996 के माओवादी विद्रोह को जन्म दिया और 2008 में संवैधानिक राजशाही की जगह संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य नेपाल के लिए मार्ग प्रशस्त किया। एकदलीय माओवादी शासन के बाद प्रचंड ने नेपाल सेना को पार्टी के नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। 2015 के संविधान में मिश्रित चुनावी प्रणाली शुरू करके 2008 के परिदृश्य की पुनरावृत्ति को रोकने की कोशिश की गई थी, लेकिन बाद में तीन प्रधानमंत्रियों, ओली, प्रचंड और देउबा, ने इसमें हेरफेर किया, जिन्होंने आपस में सत्ता साझा की। नेपाल, जिसके पास सात दशकों में पहले से ही सात संविधान हैं, अब संवैधानिक संशोधन की तत्काल आवश्यकता का सामना कर रहा है जो इस स्थापित अस्थिरता को संबोधित कर सकता है। प्रधान मंत्री कार्की ने विभिन्न राजनीतिक दलों से मुलाकात की है, जेनजेड प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की है और उनकी कुछ मांगों को चुनिंदा रूप से संबोधित किया है।

राज्य हिंसा में 76 लोगों की मौत और आगजनी की घटनाओं की जांच चल रही है। पुलिस द्वारा खोए गए 1,300 हथियारों में से केवल कुछ ही बरामद किए गए हैं। जो लोग जेलों से भाग गए उनमें से कई को दोबारा पकड़ लिया गया है, हालांकि माना जाता है कि कुछ लोग भारत में भाग गए हैं। घोराई, डांग में हाल की गिरफ़्तारियों में आगजनी करने वाले शामिल हैं जिन्होंने जिला अदालत, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक सुविधाओं को आग लगा दी - सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एकत्र किए गए सबूत। इस बीच, ऐसी फुसफुसाहट फैल रही है कि कार्की का झुकाव संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर है, जिससे सत्ता प्रतिष्ठान में चिंताएं बढ़ गई हैं। मौजूदा 122 को मिलाकर उन्नीस नए राजनीतिक दलों ने पंजीकरण कराया है। काठमांडू के मेयर बालेन शाह और धरान के मेयर हरका संपांग जैसी उभरती राजनीतिक हस्तियां अपने पत्ते अपने पास रख रही हैं। जाहिर तौर पर गैर-वैचारिक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के करिश्माई नेता रबी लामिछाने इस समय जेल में हैं और उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है।

नेपाली कांग्रेस (एनसी) भी उथल-पुथल में है. पार्टी अध्यक्ष और पांच बार के प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा जेनजेड कार्यकताओं के हमले के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल में ठीक हो रहे हैं। कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का केंद्रीय समिति के विचार-विमर्श की देखरेख कर रहे हैं कि चुनाव से पहले या बाद में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाए या नहीं और मार्च में चुनाव लड़ा जाए या नहीं। महासचिव गगन थापा अभी सम्मेलन आयोजित करने के पक्ष में हैं, जबकि वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला के नेतृत्व में बहुमत चाहता है कि इसे चुनाव के बाद तक स्थगित कर दिया जाए। इस बीच, सीपीएन (यूएमएल) दुविधा में है। इसके नेता ओली उन घटनाओं से कलंकित हुए हैं जिनके कारण जेनजेड विद्रोह हुआ और अंततः उन्हें बाहर कर दिया गया। पार्टी की केंद्रीय समिति का बहुमत चाहता है कि वह इस्तीफा दे दें, लेकिन उन्होंने अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। इससे पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी के लिए राजनीतिक वापसी की कोशिश का रास्ता खुल गया है। यह स्पष्ट है कि यूएमएल ओली के नेतृत्व में अगला चुनाव नहीं लड़ेगी।

माओवादी नेता और तीन बार निर्वाचित प्रधान मंत्री प्रचंड, जो अपनी राजनीतिक चपलता और अस्तित्व की प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं, ने दस वामपंथी दलों के विलय की योजना बनाई है, जिसकी चीन लंबे समय से मांग कर रहा था, पूर्ववर्ती नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी का पुनरुद्धार, जिसके समन्वयक प्रचंड हैं। ₹माओवादी₹ शब्द स्पष्ट रूप से हटा दिया गया है। इस बीच, सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) विभाजित हो गया है, पूर्व प्रधान मंत्री माधव नेपाल और झालानाथ खनाल अलग हो गए हैं, नेपाल प्रचंड के गुट में शामिल हो गया है।

अन्य नए प्रवेशकों में मंत्री कुलमन घीसिंग की उज्जैलो नेपाल पार्टी और बुद्धा एयर के मालिक बीरेंद्र बासनेट द्वारा स्थापित डायनेमिक डेमोक्रेटिक पार्टी शामिल हैं। छोटी पार्टियां भी रीब्रांडिंग के दौर से गुजर रही हैं। पहले से ही कम से कम छह गुटों में बंटी मधेस पार्टियां और भी टूट गई हैं। राजभक्तों के बीच, राजेंद्र लिंगडेन और धवल शमशेर राणा के बीच मतभेद उभर रहे हैं, जबकि फायरब्रांड राजभक्त दुर्गा प्रसैन ने हिंदू राष्ट्र आंदोलन और 1 दिसंबर को राजशाही की बहाली के लिए विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

अंततः, चुनाव होंगे या नहीं - सुधारों के साथ या बिना - इस पर फैसला राष्ट्रपति पौडयेल, प्रधान मंत्री कार्की, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह राउत और, अनिवार्य रूप से, जेनजेड और राजनीतिक दलों पर निर्भर करेगा। चुनावों में अभी भी देरी हो सकती है, ठीक उन्हीं कारणों से जो बांग्लादेश के 2026 के चुनावों को रोक सकते हैं। नेपाल में चुनाव मूल रूप से भंग सदन की समाप्ति के साथ 2027 के अंत में होने थे। प्रधान मंत्री कार्की को भरोसा है कि वह उन्हें पहले ही पकड़ लेंगी, लेकिन क्या उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी यह सवाल बना हुआ है।

# सवालों के घेरे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

**वीटो शक्ति का राजनीतिक दुरुपयोग, अप्रतिनिधिक सदस्यता, कमजोर राजनीतिक निरंतरता, असंगठित शांति अभियानों और बड़े मानवीय संकटों पर निष्क्रियता ने इसे को कठघरे में खड़ा कर दिया है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्वतंत्र पत्रकार



विश्व राजनीति की अशांत मिट्टी पर खड़े संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का नैतिक व संस्थागत आधार आज पहले से कहीं अधिक प्रश्नों से घिरा है। जब युद्ध बढ़ते जा रहे हैं, तब शांति का सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं अपनी भूमिका सिद्ध करने में असफल दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1945-आधारित संरचना आज की बहुध्रुवीय और संघर्षग्रस्त दुनिया में शांति बनाए रखने में सक्षम नहीं रह गई है। वीटो शक्ति का राजनीतिक दुरुपयोग, अप्रतिनिधिक सदस्यता, कमजोर राजनीतिक निरंतरता, असंगठित शांति अभियानों और बड़े मानवीय संकटों पर निष्क्रियता ने इसे कठघरे में खड़ा कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र को अपनी वैधता और प्रभावशीलता बचाने के लिए गहरे, व्यावहारिक और कार्यात्मक सुधार अपनाने होंगे—अन्यथा शांति का यह सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं प्रश्नों का केंद्र बन जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का संकट केवल एक संस्था का नहीं है, बल्कि यह वैश्विक नैतिक नेतृत्व के क्षरण की बड़ी कहानी भी है। जब संयुक्त राष्ट्र का जन्म हुआ था, तब दुनिया दूसरी विश्वयुद्ध की राख से निकल रही थी और मानवता ने सामूहिक रूप से यह प्रण लिया था कि भविष्य में किसी भी बड़े युद्ध को रोका जाएगा। उस सपने का केंद्र था—सुरक्षा परिषद, जिसे शांति का संरक्षक, वैश्विक न्याय का प्रहरी और सामूहिक सुरक्षा का आधार माना गया। मगर आज, लगभग 80 वर्ष बाद, जब दुनिया यूक्रेन, गाजा, सूडान, यमन, म्यांमार और साहेल जैसे संघर्षों से दहक रही है, तब यह संस्था अक्सर मौन खड़ी दिखाई देती है।

यह मौन केवल असहायता का प्रतीक नहीं है, बल्कि उस संरचनात्मक कमजोरी का भी संकेत है जिसने वर्षों में इसकी विश्वसनीयता को खोखला कर दिया। जब दुनिया भर के नागरिक शांति की उम्मीद में इस संस्था की ओर देखते हैं, तब यह भू-राजनीतिक हितों की जकड़ में बंधी दिखाई देती है। यही कारण है कि आज शांति का सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं सबसे बड़े सवालों का विषय बन गया है। सबसे बड़ी समस्या है—वीटो शक्ति से पैदा होने वाला शक्ति-



असंतुलन। पाँच स्थायी सदस्य देशों के हाथों में केंद्रित यह शक्ति उन्हें किसी भी प्रस्ताव को रोकने का अधिकार देती है, भले वह प्रस्ताव मानवीय त्रासदी को रोकने जितना आवश्यक ही क्यों न हो। यही कारण है कि गाजा में हजारों बच्चों की मौतें हों, यूक्रेन में शहरों के शहर तबाह हो जाएँ, या म्यांमार में लोकतांत्रिक संस्थाओं का विनाश हो—सुरक्षा परिषद अक्सर पक्षाघात की स्थिति में दिखाई देती है। यह एक ऐसे दरवाजे का दृश्य बन गया है जिसके बाहर सहायता की गुहार लगाने वाले लाखों लोग खड़े होते हैं, लेकिन उस दरवाजे को खोलने की चाबी कुछ सीमित देशों के हाथों में होती है, जो अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक शांति से ऊपर रख देते हैं।

सवाल यहाँ से आगे बढ़ता है—क्या शांति किसी राष्ट्र के हितों से छोटी हो सकती है? क्या हत्या और भूख से जूझते लोग किसी स्थायी सदस्य की भू-नीति के कारण मृत्यु के लिए छोड़ दिए जाएँ? क्या संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन का उद्देश्य केवल औपचारिक बयान देना रह गया है? ये प्रश्न आज तीखे होते जा रहे हैं, क्योंकि दुनिया भर में मीडिया, नागरिक समाज और शांति विशेषज्ञ लगातार यह महसूस कर रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र की नैतिक शक्ति का क्षरण हो चुका है।

दूसरी समस्या है—इस संस्था की संरचना का अप्रतिनिधिक होना। दुनिया 1945 से अब पूरी तरह बदल चुकी है, लेकिन इसकी संरचना लगभग जड़वत है। अफ्रीका, जो संघर्षों का केंद्र भी है और शांति के लिए सर्वाधिक योगदान भी देता है, उसका कोई स्थायी प्रतिनिधि नहीं है। भारत जैसा विशाल लोकतंत्र, जिसके योगदान शांति रखरखाव से लेकर मानवीय सहायता तक व्यापक हैं, उसे भी अब तक स्थायी सदस्यता नहीं मिली है। यह एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का संकेत है जो वास्तविकता से कट चुकी है। जहाँ वैश्विक शक्ति-मानचित्र बदल गया है—चीन का उदय हुआ, भारत आर्थिक व राजनीतिक रूप से नई ऊँचाइयों पर पहुँचा, अफ्रीका उभरती संभावनाओं का महाद्वीप बन गया, लातिन अमेरिका राजनीतिक रूप से अधिक मुखर हुआ—वहाँ सुरक्षा परिषद अब भी 1945 की मानसिकता में फंसी है।

तीसरी समस्या है—शांति अभियानों की राजनीतिक विफलता। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों ने कई जगह हिंसा को रोका जरूर, परंतु राजनीतिक स्थिरता नहीं ला सके। यह ऐसा था मानो किसी टूटते हुए घर की दीवार पर रंग तो कर दिया जाए, लेकिन दरारों की मरम्मत न की जाए। शांति केवल बंदूकें शांत कर देने से नहीं आती; यह आती है संवाद, समावेशन, शासन-सुधार और समाज के भीतर विश्वास पैदा करने से। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का तंत्र शांति स्थापना और राजनीतिक समाधान को एकीकृत नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए, कई अफ्रीकी देशों में शांति सेना लगाने के बाद राजनीतिक मार्गदर्शन का अभाव रहा, जिसके कारण थोड़े समय बाद हिंसा फिर भड़क उठी। यह विफलता केवल संसाधन या क्षमता की नहीं, बल्कि दृष्टि-हीन रणनीति की भी है।

चौथी समस्या है—निरंतरता का अभाव। यूएनएसी अक्सर केवल संकट की शुरूआत में सक्रिय होता है, लेकिन जब स्थिति स्थिर होने लगती है, तब उसकी उपस्थिति कम हो जाती है। इससे संघर्षग्रस्त देश राजनीतिक संक्रमण के बीच झूलते रह जाते हैं। यह अधूरी शांति का निर्माण करता है, जिसका अंत प्रायः नई हिंसा में होता है।

## आप की बात

### ट्रंप की विवादित नीति

डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका प्रथम नीति ने न सिर्फ वैश्विक व्यापार ढांचे को हिलाया है, बल्कि अमेरिका की आंतरिक आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को भी गहरे संकट में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय समझौतों से पीछे हटना, बहुपक्षीय संस्थाओं की फंडिंग घटाना और हर निर्णय को एकतरफा ढंग से लागू करना उनकी उस सोच को दशार्ता है जिसमें वैश्वीकरण को खतरा और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा को युद्ध माना जाता है। भारत सहित कई देशों पर लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ ने विश्व व्यापार में अव्यवस्था पैदा की, वहीं जवाबी टैरिफों ने अमेरिकी बाजार को ही उलझन में डाल दिया। मार्च 2025 के बाद आयातित वस्तुओं की कीमतें लगभग चार प्रतिशत और घरेलू सामान की कीमतें दो प्रतिशत तक बढ़ गईं, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति सीधे प्रभावित हुई। महंगाई का दबाव बढ़ने पर अंततः ट्रंप को 200 से अधिक वस्तुओं पर से टैरिफ कम करना पड़ा, जो उनकी नीतियों की विफलता का मौन स्वीकार था। अमेरिका के भीतर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। हालिया सर्वेक्षण में 55 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों का यह मानना कि ट्रंप तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं, कोई साधारण चेतावनी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे में दरार का संकेत है।

**ऋषि सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### चौंकाने वाले परिणाम

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने क्लीन स्विप करते हुए महागठबंधन को चारों खाने चित कर दिया है। 243 सीटों पर हुए मतदान में आरजेडी को उसकी आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिले, वहीं कांग्रेस दो अंकों का आंकड़ा भी ना छू सकी। मुकेश साहनी चुनाव के परिणामों पर विशेष असर नहीं दिखा सके। चुनाव के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इस बार के रिजल्ट काफी चौंकाने वाले रहे। एक तरफ जहां 24 प्रतिशत मत पाकर राष्ट्रीय जनता दल मात्र 25 सीटों पर ही सिमट गई, वहीं बीजेपी 20.8 फीसद मतों के साथ 89 सीटों पर और जदयू ने 19.8 प्रतिशत मत पाकर 85 सीटों पर जीत दर्ज किया। अब विपक्ष अपनी हार ठीकरा चुनाव आयोग के माथे पर फोड़ रहा है। इसमें सत्यता क्या है, ये तो जांच का विषय है, लेकिन आरजेडी की हार के पीछे किसी एक फैक्टर ने नहीं बल्कि तमाम ऐसे कारण थे जिन्होंने उसकी पराजय की पटकथा लिखी। दो चरणों में सम्पन्न यह पूरा चुनाव नौकरी वर्सेस जंगल राज के इर्द गिर्द ही घूमता रहा। बीजेपी सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने बिहारियों में जंगल राज की वापसी का भय दिखाकर तेजस्वी के तिलिस्म को तोड़ दिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाखों महिलाओं के खाते में भेजे गए दस-दस हजार रुपए बिहार की सियासत का सबसे बड़ा गेम चेन्जर साबित हुआ, जिसने राजद को बैकफुट पर ला दिया।

**शिवेन्द्र यादव**, कुशीनगर

### क्रीमीलेयर का सवाल

मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के ताजा बयान ने क्रीमी लेयर को अनुसूचित जाति के आरक्षण से बाहर करने पर नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कार्यक्रम में साफ कहा कि एक अधिकारी के बच्चे और खेत मजदूर के बच्चे को समान परिस्थितियों वाला मानना न्यायसंगत नहीं है। तर्क में दम है, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या केवल मंचों पर बोल देना पर्याप्त है? क्या नैतिक ज़िम्मेदारी सिर्फ. भाषणों तक सीमित होनी चाहिए? यही वह बिंदु है जहाँ लोग गवई के बयान पर उंगली उठा रहे हैं। कायदे से देखा जाए तो जिन परिवारों ने सामाजिक और आर्थिक रूप से पर्याप्त प्रगति कर ली है, उन्हें अपनी अगली पीढ़ी के लिए आरक्षण न लेने की पहल स्वयं करनी चाहिए। यह कदम न केवल न्यायसंगत होगा बल्कि उन वंचित बच्चों के लिए अवसर भी खोलेगा जो आज भी संघर्ष की तलहटी में हैं। लेकिन समस्या यह है कि अच्छी बातें बोलना आसान है, उन्हें अपने ऊपर लागू करना कठिन। वर्षों से क्रीमी लेयर पर बहस चल रही है, परंतु व्यावहारिक पहल कम ही दिखाई देती है। गवई ने जिस सिद्धांत को सही माना, वही सिद्धांत व्यवहार में उनके अपने कार्यकाल में आगे क्यों नहीं आया? सरकार से स्वतंत्र संज्ञान लेकर, न्यायिक वर्ग के भीतर चर्चा प्रारंभ करके या नीति-निमार्ताओं को औपचारिक सुझाव देकर वे इसे आगे बढ़ा सकते थे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

**विभूति बुपक्या**, ला स्टूडेंट, दिल्ली यूनिवर्सिटी

### विपक्ष को झटका

बिहार विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की करारी हार ने न केवल विपक्षी एकता को गहरी चोट पहुंचाई है बल्कि गठबंधन की अंदरूनी कलह को भी उजागर कर दिया है जहां सहयोगी दल एक-दूसरे पर ही हार का ठीकरा फोड़ने में जुट गए हैं। आपसी खींचतान इतनी बढ़ गई है कि गठबंधन का भविष्य ही संकट में दिखाई देने लगा है। सबसे ज्यादा निशाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आए हैं जिनकी रणनीति और नेतृत्व शैली पर पार्टी के अंदरूनी नेताओं ने ही सार्वजनिक रूप से सवाल खड़े कर दिए हैं यह स्पष्ट हो गया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जैसे अभियानों का जमीन पर कोई असर नहीं पड़ा एवं विपक्षी वोटों का बंटवारा ही एनडीए की जीत का मुख्य कारण भी है।इस हार के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह इंडिया गठबंधन की कमान संभालने की इच्छा जताई है उसने कांग्रेस को गहरी पसोपेश में डाल दिया है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी लंबे समय से कांग्रेस के साथ अपने मतभेदों को छिपाती नहीं हैं और वे बार-बार कहती रही हैं कि कांग्रेस के बिना भी विपक्षी एकता संभव है जिससे अब गठबंधन में मुखिया पद को लेकर खुली जंग छिड़ गई है।

**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मिलेट्स उत्पादों के उपयोग व लाभों का होता है व्यापक प्रचार-प्रसार: दिनेश प्रताप सिंह

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**



उत्तर प्रदेश मिलेट् पुनरुद्धार योजना के तहत जीआईसी ग्राउंड में मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उन्होंने श्री अन्न के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से मिलेट्स आधारित उत्पादों के उपयोग, उपभोग एवं लाभों का व्यापक प्रचार-प्रसार होता है। उन्होंने सभी से अपील की कि श्री अन्न के व्यंजनों को अपने दैनिक आहार में अवश्य शामिल करें। उद्यान मंत्री ने बताया कि मिलेट्स के क्षेत्रफल और उत्पादन में वृद्धि हेतु कृषि विभाग द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो और सांवा के मिनीकिट निःशुल्क किसानों को वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही विभाग को निर्देशित किया गया है कि जनपद में उन क्षेत्रों में श्री अन्न की फसलों को पुनः बढ़ावा दिया जाए। जहाँ पूर्व में इनकी खेती होती थी। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मिलेट्स के पोषणात्मक एवं आर्थिक महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने लोगों से इन फसलों के उपयोग को बढ़ाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरके कन्नौजिया ने उपस्थित किसानों व उपभोक्ताओं को श्री अन्न की खेती, पोषण मूल्य एवं उसके विविध उपयोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं एवं मिलेट्स की उपलब्धता से संबंधित जानकारियां साझा की गईं। मिलेट्स पर आयोजित डिबेट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सभी मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल करने का संदेश दिया। जिसमें पाए जाने वाले कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस जैसे मिनरल्स को स्वास्थ्य व प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी बताया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में सहभागिता की। वहीं मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें बाजरे की खीर, खिचड़ी, डोसा, लड्डू, पोहा, बिस्कुट सहित अनेक मिलेट् आधारित व्यंजन प्रदर्शित किए गए। उपभोक्ताओं ने विभिन्न स्टालों से मिलेट्स उत्पाद खरीदें और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**



उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व तहसीलदार, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थल सूची को अन्तिम रूप से दिये जाने के सम्बन्ध में एक बैठक सम्पन्न की गई।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों एवं अधिकारीगणो के सम्मुख कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों से संबंधित मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। जनपद मे समाविष्ट समस्त मतदेय स्थलों के अनुसार जानकारी से बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार 177 बछरावों अजा, 179 हरचन्दपुर, 180 रायबरेली, 181 सलोन अजा, 182 सरेनी एवं 183 ऊंचाहार विधानसभा के सभी बढ़ने, घटने वाले मतदेय स्थलों के संबंध में अवगत कराया गया। उन्हें समस्त पूर्व में भेजे गए प्रस्तावों, आलेख्य सूची के सम्बन्ध में दावे, आपत्तियाँ उपलब्ध कराये जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तार से चर्चा की गयी और इस सम्बन्ध में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया ।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में 40 पौधे लगाएं



**पायनियर संवाददाता। फतेहपुर चौरासी, उन्नाव**

स्थानीय क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी में सोमवार को पौधारोपण किया गया। इसमें करीब 40 पौधे लगाए गए। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत बांगरमऊ के वन अधिकारी पी एस यादव एवं सहयोगी कर्मचारी के साथ विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी ने पौधों के महत्त्व के बारे में एनसीसी कैडेट्स को बताया साथ ही लगाए गए पौधों के देखरेख की जिम्मेदारी भी सभी कैडेट्स को दी। कार्यक्रम में उप प्राचार्य रोहित सिंह राठौर, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर अरविंद कुमार श्रीवास्तव, पूर्व एनसीसी ए न ओ ए पी कटियार, पंकज सिंह, पूनम मौर्य, अभय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुत्री को बहलाकर अपहरण करने पर पिता ने केस दर्ज कराया

**बीघापुर, उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर दो युवकों द्वारा अपहरण कर अपने घर में रखा गया था।

मेरी पुत्री उनके ही घर से ही मिली है। नाबालिक पुत्री के पिता ने बताया कि मेरी पुत्री 12 नवंबर को घर से कही गायब हो गई थी। मेरी पुत्री अजय उर्फ दीपू निवासी पकरा खुर्द सरैया थाना बिहार से फोन पर बात करती थी मैंने उनके घर जाकर अजय से पूछताछ की तो अजय ने बताया कि रिंकू यादव द्वारा पुत्री को घर में बंद कर रखा है। रिंकू यादव के घर पर जाने पर मेरी पुत्री बरामद हुई।

# उपभोक्ताओं के लिए बिल राहत योजना की होगी शुरुआत

**पायनियर संवाददाता। पुरवा, उन्नाव**



❖ 1 दिसंबर से शुरु होकर प्रक्रिया तीन चरणों में होगी पूरी

बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल राहत योजना शुरू की गई है। इस योजना में बकायेदार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह योजना 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में लागू की जाएगी, जिसके लिए पंजीकरण अनिवार्य है।

योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को 201 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। प्रथम चरण 1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें विद्युत बिलों पर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जाएगा। बिल की मूल धनराशि में 25 प्रतिशत माफी भी शामिल होगी। द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक और तृतीय चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित होगा, जिसमें क्रमशः 20 प्रतिशत व 15 प्रतिशत मूल धनराशि में भी अतिरिक्त छूट शामिल होगी।

पंजीकरण के 30 दिनों में पूर्ण विद्युत भुगतान करना अनिवार्य : पंजीकरण के बाद उपभोक्ता को 30 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान करना अनिवार्य होगा। किस्त में भी जमा करने की सुविधा है। शेष बकाये के भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को तीन विकल्प दिए गए हैं। पहला विकल्प एकमुश्त भुगतान का है। दूसरे विकल्प में उपभोक्ता 750 रुपये की मासिक किस्त के साथ वर्तमान माह का बिल चुका सकते हैं। जबकि तीसरे विकल्प में 500 रुपये की मासिक किस्त के साथ वर्तमान माह का बिल जमा करना होगा। इस योजना के लिए एलएमवी-1 (घरेलू) श्रेणी के अधिकतम 2 किलोवाट तक के उपभोक्ता और एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) श्रेणी के अधिकतम 1 किलोवाट तक के उपभोक्ता पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, आरसी/असेसमेंट प्रकरण, स्थायी रूप से विच्छेदित कनेक्शन, 31 मार्च 2025 से पहले के नेवर पेड या लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता भी योजना का लाभ ले सकते हैं। न्यायालय में लंबित प्रकरणों वाले उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के बाद घोषणा पत्र देना होगा। इस दौरान अधिशाषी अभियंता इ० विष्णु दयाल यादव, खण्डीय लेखाकार मयंक अनु, सी०ए० विशाल सोनी, कार्यकारी सहायक आर के सिंह, राजीव कुमार संतोष कुमार गौतम शामिल हैं।

## मण्डी में करोड़ों के घोटाले की आशंका पर एसडीएम ने जब्त किए अभिलेख

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**



❖ व्यापारियों के काटे गए अवैध बिजली कनेक्शन

नवीन सब्जी, फल, गल्ला मंडी में अवैध तरीके से चल रही दुकानों के अतिक्रमण हटाने पहुंची एसडीएम नेहा मिश्रा व्यापारियों की बात सुनकर अचंभित हो गईं। मण्डी में करोड़ों रुपए के घोटाले का अंदेशा होने पर उन्होंने वहां के सरकारी अभिलेख कब्जे में में ले लिया है। साथ ही उन्हें यहां कई वर्षों से व्यापारियों द्वारा दिये गए दुकान के किराये के भी नहीं जमा होने की जानकारी हुई।

वहीं व्यापारियों को लाइसेंस तो जारी कर दिए गए किन्तु उस पर सचिव या सभापति के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। साथ ही अवैध दुकानों से प्रतिमाह एक मुश्त रकम वसूली होने, मंडी के सरकारी बिजली कनेक्शन से बिजली कनेक्शन देकर वसूली होने की भी जानकारी मिली। एक व्यापारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 47 हजार रुपए किराया जमा किया है, जिसकी कई साल से रसीद नहीं दी गई। वहीं वसूली का पैसा मंडी के खाते में न जमा होने, रसीद न दिए जाने, किराए का पैसा हड़पने की शिकायत मिलने पर एसडीएम ने कार्यालय के अभिलेख कब्जे में ले लिया। अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे 83 व्यापारियों के बिजली कनेक्शन काटे गए। बुधवार को बिजली विभाग का कैंप लगाकर व्यापारियों के नाम से कनेक्शन किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी व्यापारियों से बात करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने के लिए कहा, जिसपर व्यापारियों ने दो दिन की मोहलत मांगी। इस पर एसडीएम ने बृहस्पतिवार तक स्वयं अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया, न हटाए जाने पर सभी दुकानों का सामान जब्त करने के साथ बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की बात कही। एसडीएम ने बताया कि व्यापारियों ने तमाम गंभीर शिकायतें की हैं, खुलकर मंडी के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। जिस पर अभिलेख कब्जे में लेकर सत्यापन कराया जाएगा।

घोटाला पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने बताया को मंडी में कई वर्षों से जिम्मेदारी पूर्वक कोई कार्य नहीं हुआ। यहां जो शुल्क आता था, उसके बंदरबांट की शिकायत मिली है। बृहस्पतिवार तक सभी दुकानें शिफ्ट होंगी, अतिक्रमण हटाया जाएगा, सभी व्यापारियों को निजी बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे।

## सुरेन्द्र अध्यक्ष तो धर्मेन्द्र बने महामंत्री



**पायनियर संवाददाता। गोंडा**

❖ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न

उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ गोंडा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुआ।

निर्वाचन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी और रीडर न्यायालय जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में सम्पन्न हुई। इनके साथ सहायक अधिकारी के रूप में प्रधान सहायक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, मुजीबुर्रहमान, गंगाधर दूबे तथा ईडीएम कलेक्ट्रेट अमित गुप्ता ने जिम्मेदारियाँ निभाईं। मतदान एवं मतगणना पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही।जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में सुरेन्द्र कुमार को 38 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप कुमार को 27 मत प्राप्त हुए। 11 मतों के अंतर से सुरेन्द्र कुमार अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। वहीं महामंत्री पद पर हुए कड़े मुकाबले में धर्मेन्द्र कुमार ने 35 मत हासिल कर 32 मत पाने वाले अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय कुमार दूबे को 3 मतों से पराजित किया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर संतोष कुमार रावत, संगठन मंत्री पद पर राकेश पाण्डेय तथा संयुक्त मंत्री पद पर वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय निर्विरोध चुने गए। पूरी प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## उपजिलाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

**गोंडा।** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने सोमवार को ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सुदिया व सकरौरा ग्रामीण का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के बीच उनकी पुस्तक से सवाल जवाब करने के साथ अंग्रेजी का पाठ पढ़ाया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान बच्चों की ड्रेस, अध्ययन सामग्री, शिक्षकों की उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था, पीने के पानी की सुविधा, खेल मैदान की स्थिति तथा बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले मध्यान्ह भोजन और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों का क्लास भी पढ़ाया। बच्चों के बीच रहकर एसडीएम ने उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को चेक किया। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बच्चों को मिलने वाले भोजन आदि सामग्री आदि जांच की गई।

## परामर्श केंद्र ने कराई पति-पत्नी की विदाई

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



जिला पुलिस प्रशासन की सक्रियता और महिला सहायता परामर्श केंद्र के अथक प्रयासों से एक और विवादित दांपत्य संबंधों में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचा लिया गया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत की उपस्थिति में लंबे समय से चल रहे वैवाहिक विवाद का सफल समाधान कराया गया।

महिला आरक्षी रूपा और महिला आरक्षी सीमा शर्मा सहित वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय के संयुक्त प्रयासों से नूरसुबा बानो पत्नी मोहम्मद रमशीद, निवासी सीकरी मुजरे फतेहपुर, थाना हलियापुर, को समझाया-बुझाया गया। आपसी मनमुटाव और लंबे समय से चली आ रही गलतफहमियों को दूर करते हुए दोनों पक्षों को शांतिपूर्ण ढंग से सुना गया। इसके बाद सभी मतभेदों पर सहमति बनते ही नूरसुबा की अपने पति रमशीद के साथ विदाई कराई गई। पति-पत्नी दोनों ने नए सिरे से जीवन शुरू करने की सहमति जताई, जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की। परिवार परामर्श केंद्र का यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश दे रहा है। केंद्र की निरंतर पहल से अब तक सैकड़ों टूटते परिवारों को फिर से जोड़ा गया है। मनमुटाव और विवाद से अलग रह रहे कई दंपतियों को आपसी संवाद और समझदारी के माध्यम से दोबारा साथ लाकर खुशहाल जीवन की राह दिखाई गई है। पुलिस विभाग की यह पहल सामाजिक सामंजस्य और पारिवारिक एकता को सशक्त करने की दिशा में अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है।

## लौहपुरुष के सिद्धांत पर चलकर पीएम मोदी देश को कर रहे मजबूत: पाठक

❖ सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**





एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर पहुंचे डिप्टी सीएम ने इसौली विधानसभा के अलीगंज बाजार स्थित कोटिया रोड पर सोमवार को एकता यात्रा का शुभारंभ किया।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता यात्रा भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ शिवमन्दिर होते हुए सब्जी मंडी मैदान सभा स्थल पर पहुंची। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लौह पुरुष सरदार पटेल ने देश की स्वतंत्र 562 रियासतों का भारत में विलय कराकर अपनी अविश्वसनीय सूझ-बूझ व अद्भुत क्षमता का लोहा मनवाया। कहा उन्होंने दुनिया में आजाद भारत के नक्शे को बुलंद करने का काम किया। कहा सदियों में ऐसा नेता पैदा होता है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370 व 35ए समाप्त कर लौह पुरुष के एक भारत -श्रेष्ठ भारत के सपने का साकार किया है। पीएम ने दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। आज उन्होंने कांग्रेस व सपा की तुष्टीकरण व देश विरोधी बयानों को लेकर भी करारा हमला बोला।कहा कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण रामलला के अस्तित्व को नकारा था। आज जनता उनको हर चुनाव में नकारकर सबक सिखा रही है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी तंज कसते हुए कहा कि यहां के भैया के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल के दौरान गुंडा व माफिया राज, अराजकता व जंगलराज को उत्तर प्रदेश की जनता अभी भी भूली नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश विरोधी ताकतें देश को बाँटना चाहती हैं, लेकिन 'रन फॉर यूनिटी' देश को एकता के सूत्र में बाँधने का काम करेगा। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्रा, विधायक सीताराम वर्मा व राज प्रसाद उपाध्याय, ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, घनश्याम चौहान, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ डीएस मिश्रा, बबिता तिवारी, विकास शुक्ला, सुनील वर्मा, विजय त्रिपाठी, चन्दन नारायन सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, अशोक कुमार सिंह, संदीप सिंह, आरपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ ने प्लास्टिक व पॉलीथिन से तैयार ईंट टाइल का किया डेमो

❖ जनपद में सिंगल यूज़ प्लास्टिक की ईंटों का सफल डेमो, कचरा प्रबंधन को मिली नई दिशा

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**



जनपद में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उस समय सामने आया, जब ,औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर की स्थानीय संस्था एको टेल ने उद्ट कार्यालय पर अमेठी उउ्ड सचिन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी (उढफ्ड), एड गौरीगंज को प्लास्टिक और पॉलीथिन से तैयार की जाने वाली ईंटों और टाइलों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर संस्था ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक से टाइल और ईंट निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है। संस्था ने अधिकारियों को बताया कि पिछले दो वर्षों में उसने लगातार शोध कर ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें पॉलीथिन और प्लास्टिक को पिघलाकर एक मजबूत मिश्रित पदार्थ तैयार किया जाता है, जिसे सांचों में डालकर ईंट के रूप में ढाला जाता है। इनके परीक्षण में यह पाया गया है कि ये ईंटें सामान्य ईंटों की तुलना में लगभग दस गुना अधिक मजबूत हैं। प्रत्येक ईंट में 800-900 ग्राम प्लास्टिक का उपयोग होता है, जिससे न केवल कचरा कम होता है बल्कि प्लास्टिक को उपयोगी संसाधन के रूप में पुनर्चक्रित करने का मार्ग भी खुलता है। संस्था ने बताया कि अब तक नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लगभग 30-35 क्विंटल सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलीथिन को अलग कर प्रोसेस किया जा चुका है, जिससे तैयार ईंटें पार्कों, पाथवे, सार्वजनिक स्थानों और छोटे निर्माण कार्यों में उपयोग के लिए उपयुक्त हैं। ये ईंटें मौसम के प्रभाव से जल्दी नष्ट नहीं होतीं, इसलिए इनकी आयु पारंपरिक ईंटों से अधिक है। अधिकारियों ने इस तकनीक की विस्तार से समीक्षा की और इसे अमेठी में बढ़ते प्लास्टिक कचरे के समाधान के रूप में एक प्रभावी मॉडल बताया। जिला अधिकारी ने संस्था से विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट, परीक्षण परिणाम और लागत संबंधी विवरण मांगे, ताकि इस परियोजना को पायलट आधार पर लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा सके। सी डी ओ और उढफ्ड ने भी इस मॉडल को सराहा और इसे पंचायत स्तर पर उपयोगी बताया। संस्था ने यह भी बताया कि यह एक प्रारंभिक प्रस्तुति थी और आगे बड़े डेमो, स्कूलों व ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम तथा नगर के कुछ वार्डों में ट्रायल उपयोग की योजना है। संस्था ने जानकारी दी कि नगर पंचायत नवाबगंज, बाराबंकी तथा नगर पंचायत अकबरपुर में ट्रायल आधार पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें नवाबगंज के एक पार्क के पाथवे में इन प्लास्टिक टाइलों का उपयोग सफलतापूर्वक किया गया है। प्रस्तुति के समापन पर जिला प्रशासन ने इसे प्लास्टिक कचरे में कमी लाने के एक बड़े अवसर के रूप में देखा। भले ही यह डेमो बहुत संक्षिप्त था, लेकिन इस तकनीक ने अधिकारियों को प्लास्टिक प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की एक नई दिशा दिखाई है। संस्था का कहना है कि यदि प्रशासनिक सहयोग मिलता है तो आने वाले महीनों में अमेठी जिले को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त करने के प्रयासों में यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मी का 7 दिन का वेतन होगा अवरूद्ध




**पायनियर संवाददाता। अमेठी**

सोमवार को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने जनपद के कुछ प्रमुख केंटो का निरीक्षण किया जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिजनी आलाई पुर बार कोट नाववा पीढ़ी का निरीक्षण किया गया बार कोट के उळड पहले के निरीक्षण में 10 बजे अनुपस्थित मिले फिर दोबारा निरीक्षण किया 11 बजे उपस्थित मिले नाववा की उळड काजल गौतम अनुपस्थित मिली बार कोट के उळड का एक दिन का बेतन काटने का आदेश दे दिया है । और नाववा की उळड का एक दिन का बेतन कटेगा और 7 दिन का वेतन अवरुद्ध होगा । मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि बार-बार हिदायत देने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिलते हैं फिलहाल अनुपस्थित करनी जरूर दंडित किए जाएंगे लिहाजा अपने रवैया में सुधार कर ले जनहित को देखते हुए समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहे ।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओं पर दर्ज कराया मुकदमा

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर

जिला कृषि अधिकारी ने अधिक मूल्य पर उर्वरको की बिक्री करने तथा कालाबाजारी की शिकायत पाये जाने पर मेसर्स शिव खाद भण्डार, हनुमानगंज, भीटी, मेसर्स वर्मा ट्रेडर्स, हनुमानगंज, भीटी एवं मेसर्स राष्ट्रीय उर्वरक भण्डार, सेनपुर, भीटी के प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया ।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण में पी०ओ०एस० मशीन में स्टाक एवं भौतिक स्टाक में अन्तर पाये जाने तथा कालाबाजारी किये जाने पर उर्वरक विक्रेता मेसर्स शिव खाद भण्डार, हनुमानगंज, भीटी व थोक उर्वरक विक्रेता मेसर्स राष्ट्रीय उर्वरक भण्डार, सेनपुर, भीटी पर संयुक्त रुप से तथा मेसर्स वर्मा ट्रेडर्स, हनुमानगंज, भीटी के विरुद्ध थाना अहिरौली में आज एफ०आई०आर० दर्ज कराई गई साथ ही तीनो उर्वरक विक्रेताओ का लाइसेंस निलम्बित किया गया। जनपद अम्बेडकरनगर में माह नवम्बर



तक यूरिया के लक्ष्य 9385 मी०टन के सापेक्ष 19289 मी०टन, डी०ए०पी० के लक्ष्य 8775 मी०टन के सापेक्ष 9259 मी०टन, एन०पी० के० के लक्ष्य 2735 मी०टन के सापेक्ष 6881 मी०टन, एस०एस०पी० के लक्ष्य 5409 मी०टन के सापेक्ष 12761 मी०टन एवं एम०ओ०पी० के लक्ष्य 320 मी०टन के सापेक्ष 377 मी०टन की उपलब्धता हुई है, जिसमें से वितरण के उपरान्त वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रुप से यूरिया 11829 मी०टन, डी०ए०पी० 2626 मी०टन, एन०पी०के० 3606 मी०टन, एस०एस०पी० 7702 मी०टन एवं एम०ओ०पी० 177 मी०टन उपलब्ध है। जनपद को अयोध्या रैक प्वांइट से सहकारिता क्षेत्र में इफको कम्पनी की 1380.75 मी०टन (27615 बोरी) डी०ए०पी० एवं 573.75 मी०टन (11475 बोरी) एन०पी० के० जनपद के साधन सहकारी समितियो पर प्रेषित की जा रही है।

जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक प्राप्त करने के लिये कृषक भाई अपना आधार कार्ड और जोत-बही , खतौनी लाकर उसमें अंकित कृषि भूमि के अनुसार जोत , कृषित भूमि के सापेक्ष संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक प्राप्त करें। किसान भाईयो से अनुरोध है कि अपने नजदीकी उर्वरक बिकी केन्द्रों से पी०ओ०एस० के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकते है। उर्वरक से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के समस्या के लिये जनपद में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, अम्बेडकरनगर में उर्वरक कंट्रोल रुम स्थापित है जिसका नम्बर 9455485475 है। जनपद के कृषक उर्वरकों के सम्बन्ध में उक्त हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क कर उर्वरकों के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते है।

## अपहृत बालिका बरामद दो अभियुक्तों को जेल

टांडा अम्बेडकर नगर। बीते 2 नवंबर को थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के एक ग्राम से अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया।बालिका ने अपने बयान में दो युवकों पर दुराचार का भी आरोप लगाया है पुलिस दोनो अभियुक्तों को अपहरण,दुराचार तथा पास्को एक्ट की धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

थाना इब्राहिमपुर के उप निरीक्षक विनीत कुमार सिंह ने अपहृत बालिका की बरामदगी कर उसका कलम बद्ध बयान न्यायालय में कराने के बाद अभियुक्त मो0 शाहिद पुत्र मो0 फायक निवासी ग्राम लुटावन गंज उतरेथू,आफताब अहमद पुत्र मुमताज निवासी गांधी नगर इल्तिफ़ात गंज को गिरफ्तार कर लिया।

## पर्यावरण संरक्षण की अपील: पराली न जलाएँ, अन्य विकल्प अपनाएं : डीएम

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने फसल अवशेष,पराली जलाने से वातावरण एवं मृदा की उपजाऊ शक्ति पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति कृषकों को जागरूक करने और पराली जलाने के रोकथाम हेतु प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि कृषि अपशिष्ट या पराली को जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य, पशुओं एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और मृदा की उपजाऊ शक्ति भी घटती है जिससे फसल उत्पादन भी प्रभावित होता है। अतः कृषक पराली न जलाएँ और पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय जैसे मल्चर, हैप्पी सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम आदि का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाना एक दण्डनीय अपराध है। भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 06 नवम्बर 2024 के अनुसार पराली जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि 2 एकड़ से कम क्षेत्रफल के लिए ₹5,000, 2 से 5 एकड़ के लिए ₹10,000 और 5 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के लिए ₹30,000 निर्धारित की गई है। पराली जलाने की घटना पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा-24 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति की वसूली तथा धारा-26 के अंतर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर अर्थदण्ड व एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जा सकती है।

# सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर

उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2025-26 के अनुपालन में चन्द्रोदय कुमार, जनपद न्यायाधीश , अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज ,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 17.11.2025 को सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में विधिक साक्षरता,जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर में डा० पी०एन०यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सुंयक्त जिला चिकित्सालय, डा० हर्षित गुप्ता, चिकित्सालय प्रबन्धक, डा० अंजली पाठक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, रमेश राम त्रिपाठी, चीफ, एल०ए०डी०सी०एस०, शरद पाण्डेय, सहायक, एल०ए०डी०सी०एस० संयुक्त जिला चिकित्सालय के कर्मचारीगण, जि०वि०से०प्रा० के कर्मचारीगण, पी०एल०वी० द्वारा प्रतिभाग किया गया।



सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के प्रति जागरूकता के सम्बन्ध में संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित साक्षरता शिविर में डा० पी०एन०यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सुंयक्त जिला चिकित्सालय, द्वारा बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में कैंसर और कैंसर से संबन्धित मौतों का एक प्रमुख कारण है। भारत में यह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। लेकिन संगठित स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के साथ इसमें सुधार होने की उम्मीद है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये महिलाओं का नियमित रूप से अपनी जांच करवानी चाहिये, हर तीन साल में पैप स्मीयर टेस्ट करवाना चाहिये, धूम्रपान से बचना चाहिये व अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये स्वास्थयवर्धक आहार एवं व्यायाम आदि पर जोर देना चाहिये।डा० हर्षित गुप्ता, चिकित्सालय प्रबन्धक, द्वारा बताया गया कि यह एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि की वजह से होता है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण पर डीएम ने की राजनीतिक दलों संग बैठक

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।बैठक में डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक बूथ लेवल



अधिकारी घर.घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और मतदाताओं से भरे हुए प्रपत्र वापस प्राप्त करेंगे। गणना प्रपत्र के प्रथम भाग में मतदाता का नामए एपिक संख्याए भाग संख्याए क्रम संख्याए विधानसभा क्षेत्र का नाम व फोटो पहले से ही अंकित रहेगा।उन्होंने बताया कि मतदाता अपने और अपने परिजनों का वर्ष 2003 की मतदाता सूची का रिकॉर्ड भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर देख सकते हैं। जो मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को लौटाएंगेए उनके नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाएंगे। बीएलओ द्वारा एक प्रतिलिपि अपने पास सुरक्षित रखी जाएगीए जबकि दूसरी पर हस्ताक्षर कर मतदाता को पावती दी जाएगी।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कि वर्ष 1951 से 2004 तक कुल आठ बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हो चुका है। प्रदेश में अंतिम पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। प्रवासनए मृतकों के नाम हटाने में त्रुटिए एक व्यक्ति का नाम विभिन्न स्थानों पर दर्ज होना तथा विदेशी नागरिकों के नाम गलती से शामिल होने जैसी स्थितियों को सुधारने के लिए यह पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों पर मंथन



पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों एवं ₹5 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण तथा डे.एनआरएलएम के अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स में जिन विभागों की योजनाओं में प्रगति खराब होने से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की पारदर्शिताए गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में ₹5 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की जांच आख्या की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जांच में जो भी कमियां पाई गई है उन्हें प्राथमिकता पर दूर किया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि अनारंभ परियोजनाएं शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा अपूर्ण परियोजनाओं में जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हुई बृहद गौशालाओं में निराश्रित गोवंश को रखा जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ॰ अपराजिता सिंहए परियोजना निदेशक अवधेश रामए डीसी एनआरएलएम यशोवर्धन सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाल कल्याण व संरक्षण समिति ने की चर्चा

**बैठक में चर्चा के मुख्य विषय:**

- बाल विवाह की रोकथाम
- बाल अधिकार
- बाल श्रम निषेध
- विभागीय सहायता योजनाओं की जानकारी समुदाय में
- बच्चों की सुरक्षा हेतु सहयोगी तंत्र का निर्माण
- लैंगिक उत्पीड़न, साइबर क्राइम घरेलू हिंसा

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शक्ति फेस-5 अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी के आदेश, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत जुझारपुर एवं रसकूपा बहादुरपुर ( बरुआ बुजुर्ग) में किया गया। बैठक का उद्देश्य बाल संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देना था।सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए तथा बाल संरक्षण हेतु मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में उपस्थित प्रमुख प्रतिभागीगण:श्रीमती रामादेवी (ग्राम प्रधान), श्रीमती रितिक साहनी, मृदुला शर्मा (प्रधानाध्यापक), श्री अनिल कुमार वर्मा (ग्राम पंचायत अधिकारी), श्रीमती प्रीति(एनम), श्रीमती उमा देवी, श्रीमती उषा देवी (आंगनवाड़ी), श्रीमती रामादेवी (आशा), महिला कल्याण विभाग से श्रीमती अमृता दीक्षित (जिला मिशन कोऑर्डिनेटर), श्रीमती रश्मि (जेंडर स्पेशलिस्ट ) सुप्रिया अवस्थी (सामाजिक कार्यकर्ता ) अवनीश कुमार (आउटरीच वर्कर) उपस्थित रहे।



# उच्च शिक्षा की ओर निरंतर अग्रसर हो रही है विद्या भारती: यतींद्र

पायनियर संवाददाता। बरेली

कान्ती कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती के केंद्रीय अधिकारी व अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री यतींद्र कुमार शर्मा दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे।

❖ विश्व के 75 देशों में विस्तार, सिविल सेवा में हर वर्ष चयन

प्रथम दिवस के बंदना सत्र में उन्होंने छात्राओं को विद्या भारती के लक्ष्य, संस्कृति एवं स्मृति क्षमता बढ़ाने संबंधी विचारों से मार्गदर्शन दिया।प्रवास के पहले दिन शिशु वाटिका अवलोकन, पंचपदी शिक्षण पद्धति, अभिभावक बैठक, स्वावलंबी पूर्व छात्र-छात्राओं से वार्ता, संस्कार केन्द्र अवलोकन तथा प्रबंध समिति बैठक सहित विभिन्न चरणों में कार्यक्रम सम्पन्न हुए।अभिभावक बैठक में संबोधित करते हुए यतींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विद्या भारती वर्तमान में 35 लाख छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रही है, जिसमें एक लाख से अधिक आचार्य-आचार्याएं कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि संस्था विश्व के 75 देशों तक अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिवर्ष विद्या भारती के छात्र चयनित होकर संस्था का गौरव बढ़ा रहे हैं।पूर्व छात्रों से संवाद में उन्होंने सभी को विद्या भारती पोर्टल पर जुड़ने का आ''ान किया। उन्होंने बताया कि देशभर में 10 लाख से अधिक पूर्व छात्र पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि निकट भविष्य में विद्या भारती उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने नए प्रकल्पों पर कार्य करने जा रही है।द्वितीय दिवस में ब्रज प्रांत के प्रमुख जिला केंद्रों के प्रबंध समिति सदस्यों, प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों एवं प्रांत कार्यकारिणी के साथ संगठन के विकास पर व्यापक चर्चा हुई।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक-55 /न0पा0परि0लहरपुर/रा0वि0/ ई-निविदा 2025-2026 दिनांक 15-11-2025

## ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद लहरपुर जमपद सीतापुर द्वारा राज्य वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत बोर्ड मीटिंग में प्रस्तावित कार्यों को एवं निर्देशक महोदय लखनऊ के पत्र [सं0 8/001/139(2) / 2प्रतिशत अति0 स्टा0 शुल्क /2024-25 लखनऊ दिनांक 02 अप्रैल 2025 के अन्तर्गत वर्ष 2024-2025 के द्वितीय त्रैमास में धनराशि रू0 1521160.00 की प्राप्त हुई है तथा जिलाधिकारी महोदय सीतापुर द्वारा 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की कार्ययोजना दिनांक 09.09.2025 स्वीकृति उपरान्त ई-टेण्डर की वेबसाइट **http//etender.up.nic.in** के माध्यम से **प्रमुख सचिव महोदय के पत्र सं0 3890/नौ:5-19-14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019** के क्रम में रामस्त उत्तर प्रदेश के ठेकेदारों से ई-निविदाएं दिनांक 17-11-2025 से दिनांक 08-12-2025 अपरान्ह 2:00 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। जिसकी टेक्निकल विड दिनांक 09-12-2025 को शाम 01:00 बजे ई-टेण्डरिंग निविदा समिति द्वारा आनलाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। उसके अगले दिन फाइनेन्शियल विड खोली जायेगी। **निविदा के साथ धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ई-बैंकिग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा।** इच्छुक ठेकेदार/फर्म यह निविदा उक्त वेबसाइट से उपरोक्त दिनांक में अपरान्ह 2:00 बजे तक डाउनलोड कर निविदा अपलोड कर सकते है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर व वेबसाइट **http//etender.up.nic.in** से देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर में निहित है। निविदा दिवस में यदि अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का नाम | जमानत धनराशि 10% | निविदा मूल्य+ GST 18% | 03 माह कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो० चिक्कीटोला में फ्रिजर के पास से आमीन होते हुए नबी अहमद के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 850000 | 69700 | 850 | 03 माह |
| 2 | मो० बेंहटी में वीरेन्द्र पुरी के मकान से मारूत पुरी के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 1415100 | 116038 | 1420 | 03 माह |
| 3 | मो० ठठेरीटोला पूर्वी में चेतराम के मकान से जियाउद्दीन के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 1563700 | 128223 | 1570 | 03 माह |
| 4 | मो० ठठेरीटोला पूर्वी में हाजी फुद्दी के मकान से शरीफ के मकान व आशू मियां के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 1541300 | 126387 | 1550 | 03 माह |
| 5 | मो० लोखरियापुर में सलाम के मकान से मस्जिद तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 991400 | 81295 | 1000 | 03 माह |
| 6 | मो० बारादरी में पुन्नी पासी के मकान से हाफीजी आशिक अली के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 717400 | 58827 | 720 | 03 माह |
| 7 | मो० छावनी में जावेद राइन के मकान से विनोद की पुरानी दुकान होते हुए लल्ला की दुकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 2422600 | 198653 | 2430 | 03 माह |
| 8 | मो० छावनी लोखरियापुर समसुन नर्स के मकान से शाबान बक्सा वाले के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 1457100 | 119482 | 1460 | 03 माह |
| 9 | मो० कटरा अस्तल में एखलाक के प्लाट से अशफाक के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 876600 | 71881 | 880 | 03 माह |
| 10 | मो० शेखटोला में कमाल बेग के मकान से सुकरू के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 593700 | 48683 | 600 | 03 माह |
| 11 | मो० शेखटोला में सगीर भारती के मकान से नवाब मस्जिद तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 880800 | 72226 | 900 | 03 माह |
| 12 | नगर पालिका परिषद लहरपुर में वार्ड नं0 25 के मोहल्ला बहलोलपुर में गाड़ियों के खड़ी करने हेतु टीनशेड के निर्माण का कार्य। 26X8.50 मीटर टीन शेड (2 प्रतिशत स्टाम्प डयूटी कार्य)। | 1593100 | 130634 | 1600 | 03 माह |

**नोट:- समस्त कार्यों की जमानत व निविदा मूल्य की अलग अलग रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

**अनुप राय**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**लहरपुर सीतापुर**

**जावेद अहमद**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्**
**लहरपुर सीतापुर**

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 18 नवंबर 2025



# महिला ने दो बेटियों के साथ किया अग्निस्नान, तीनों की मौत

- देवर की शादी से पहले दिल दहला देने वाली घटना
- पति से वाद विवाद के बाद महिला ने उठाया आत्मघाती कदम





**पायानियर संवाददाता। कोंच (जालौन)**

सोमवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दाड़ी निवासी घनश्याम के घर में अलसुबह घटित हादसा सामने आया जिसने पूरे इलाके को दहलाकर रख दिया। घर में देवर की शादी की तैयारियों के बीच 27 वर्षीय महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ कमरे में बंद होकर आग लगाकर आत्मदाह कर लिया। घटना में महिला और 7 वर्षीय बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय छोटी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसी के साथ शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजन कोंच अस्पताल में जा पहुंचे जहां काफी देर तक तीखी बहस होती रही।

बताया जाता है कि डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम रामचंद्र ने अपनी बेटी आरती का विवाह 17 जून 2016 को दाड़ी निवासी घनश्याम के बेटे देवेंद्र के साथ किया था। घनश्याम के तीन बेटे जिसमें देवेंद्र पानीपूरी की सप्लाई करता है जबकि पवन व जितेंद्र यूपी पुलिस में दरोगा के पद पर कार्यरत है। घनश्याम के दो बेटों देवेंद्र व पवन की शादी हो चुकी थी। जबकि उनके तीसरे बेटे जितेंद्र जो यूपी पुलिस में दरोगा है उसकी शादी 18 नवंबर को थी जिसकी बारात रायबरेली जानी थी। घर के सभी परिजन विवाह की तैयारियों में जुटे हुये थे तभी सोमवार की अलसुबह आरती ने अपनी दोनों बेटियों पीहू व गौरा को अपने कमरे में बंद कर कैरोसिन डालकर आग लगा दी इसके थोड़ी देर बाद ही कमरे में चीख पुकार की आवाजें सुनकर ससुरालीजन भागकर आरती के कमरे के बाहर पहुंचे और दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद था। अचानक घटित घटना से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया आनन फानन में घर वालों ने आरती के दरवाजे तो तोड़ा तो कमरे का मंजर देखकर हर कोई हतप्रद रह गया। आनन फानन में आग से जली आरती व उसकी दोनों बेटियों को कोंच अस्पताल ले आये जहां उपचार के दौरान आरती व उसकी एक बेटी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी बेटी की उपचार के दौरान झांसी में मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के ससुरालीजनों का कहना था कि रविवार को हल्दी की रस्म हुई, जिसमें आरती सामान्य और खुश नजर आई। किसी को अंदेशा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद ऐसा दर्दनाक कदम उठा लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक रात करीब 11 बजे आरती और उसके पति देवेंद्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि तनाव पहले से भी बना रहता था। विवाद के बाद आरती घर के बाहर जनरेटर के लिए रखा डीजल का कैन लेकर कमरे में गई, दरवाजा अंदर से बंद किया और अपनी दोनों बेटियों पीहू (7) और सृष्टि (5) के साथ खुद पर भी डीजल उड़ेलकर आग लगा ली।

### फोरेंसिक जांच और शुरुआती निष्कर्ष

सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक जांच कराई। कमरे से जली सामग्री, डीजल की गंध और प्लास्टिक कैन के अवशेष मिले। फिलहाल घटना को लेकर अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है पुलिस जांच के बाद ही घटना को लेकर सही तस्वीर सामने आयेगी। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद के बाद आत्मदाह का लग रहा है।

### मायके पक्ष के लोगों ने लगाये गंभीर आरोप

दाड़ी गांव में घटना घटित होने की जानकारी मिलते ही कोंच अस्पताल पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने मृतका आरती के ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आरती को ससुराल में मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी। परिवार का माहौल तनावपूर्ण रहता था। लंबे समय से उसे तंग किया जा रहा था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस मायके पक्ष के आरोपों की भी जांच कर रही है। अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयान दर्ज होने के बाद सामने आएगा।

### मृतिका की बहन डॉली का आरोप

मृतिका आरती की बहन डॉली ने बताया कि 4 साल से बहन आरती को ससुराल बालो ने मायके नही आने दिया और जब छोटी छोटी बातों पर विवाद करते थे ससुराल वाले साथ ही 5 नम्बर को मेरे भाई राजकुमार की पुत्री का कुआ पूजन का कार्यक्रम था जिसमे ससुराल बालो ने आने भी नही दिया था मेरी बहन को बहुत परेशानियों का सामना करती थी।

### आखिर दो बच्चियों को देखकर कांपी रूह

कोंच कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना में दो बच्चियों को देख कर आपकी भी रूह कापी जाएगी आपको बता दे कि दो बच्चियों सवसे बड़ी पीहू उम्र 7 वर्ष, दूसरी बच्ची गौरा उम्र 3 साल जो कि माँ की मौत के बाद दोनो बेटियों ने भी दम तोड़ दिया।

### घटना स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

कोंच कोतवाली के ग्राम दाढ़ी में हुई दो मासूम बेटियों व मां की मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामले की पूरी जानकारी ली साथ ही मृतका के परिजनों से मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही मृतका के ससुरालीजनों से भी घटना के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

### एक साथ तीन मौतों ने सब कुछ बदल दिया

देवर की शादी के लिए जिस घर में रोशनी और उत्साह था, वहां एक ही रात में तीन अर्थियों ने सब कुछ बदल दिया। गांव में शोक और सदमे का माहौल है। यह घटना फिर सवाल खड़ा करती है कि घरेलू तनाव और मानसिक पीड़ा किस हद तक किसी को मजबूर कर सकती है।

### कैसे शादी की खुशियां मातम में बदली

कोंच कोतवाली क्षेत्र के गर्म दाढ़ी में माँ व दो बेटियां को आग से मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई आपको बता दे कि मृतका आरती के सबसे छोटे देबर जीतेन्द्र की शादी 18 नम्बर को जिला रायबरेली के ग्राम ढकनी रजपुरी कस्वा फरीदपुर में होनी थी जिसका 17 नवंबर को कोंच कोतवाली के ग्राम दाढ़ी में मण्डप प्रतिभोज था जिसमे इस घटना से पूरी शादी का माहोल, मातम में तब्दील हो गया।

### मृतका के दोनों देवर यूपी पुलिस में दरोगा

मृतका आरती के दो देवर थे जिसमें दोनों यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर है जिसमें देवर पवन कुमार की हो चुकी थी और सबसे छोटे देवर जीतेन्द्र की शादी थी।

# निर्भीक पत्रकारिता से ही समाज का विकास संभव : सतीश महाना

**पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)**



कालपी प्रेस क्लब, कालपी के नवगठित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को श्याम पैलेस गेस्ट हाउस, टरननगंज में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि निर्भीक पत्रकारिता ही समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का संविधान सर्वोपरि है और पत्रकारों को सत्य को निर्भीकता से सामने रखते हुए लोकतंत्र की रक्षा में अपनी निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए।

महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था चार स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका तथा मीडियाकृके समन्वय से मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि ''अखबार में जो छप जाता है, लोग वही सच मानते हैं, इसलिए पत्रकारों को अत्यंत जिम्मेदारी से निष्पक्ष और तथ्यों पर आधारित समाचार प्रकाशित करने चाहिए।'' उन्होंने जनप्रतिनिधियों के कार्यों और विधानसभा में उठाए जाने वाले मुद्दों को बेझिझक प्रकाशित करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि मिशन है, जहां सही-गलत की पहचान कर निष्पक्ष रूप से जनता तक सूचना पहुंचाना सर्वोच्च कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भाषा, संस्कृति और स्थानीय परंपराओं के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बुंदेलखंडी व ब्रजभाषा जैसी स्थानीय भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

### वरिष्ठ पत्रकारों ने साझा किए अनुभव

कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह एवं अनिल शर्मा ने अपने लंबे अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे दौर में पत्रकारिता की है जब पूरे बुंदेलखंड में दस्युओं का प्रभाव था, फिर भी पत्रकार निष्पक्षता और साहस के साथ काम करते थे। उन्होंने कहा कि आज भी पत्रकारिता में संविधान की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए किसी के हितों के कारण सत्य से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका पर उंगली उठाने से पहले तथ्यों की पूरी जांच आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों पर जनता की अपेक्षाएँ अधिक होती हैं, इसलिए जनता को भी सोच-समझकर योग्य प्रतिनिधि चुनना चाहिए।

### कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पत्रकार व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद चतुर्वेदी ने की। विशिष्ट अतिथियों में भागवताचार्य रामश्याम महाराज तथा अन्य प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पूर्व विधायक डॉ. अरुण मेहरोत्रा, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, भाजपा नेता शशिकांत सिंह चौहान, अतुल बड़ेरिया, संदीप गुप्ता, आशीष चतुर्वेदी, कमर अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पत्रकारों में सत्येंद्र पस्तोर, शत्रुघ्न यादव, शालिग्राम पांडे, विष्णु बल्लभ, आशुतोष शर्मा, अरुण सेंगर, आशीष शिवहरे, राकेश चौहान गुरुजी सहित जिले के ज्यादातर पत्रकार मौजूद रहे।

### नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ

कार्यक्रम के प्रारंभ में कालपी प्रेस क्लब, कालपी के संरक्षक मंडल में बृजेन्द्र सिंह चौहान, हरिश्चंद्र दीक्षित, अशोक बाजपेई, शिवनारायण प्रजापति, आर. एन. शुक्ला, अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष दीपू सिंह चौहान, पवन दीप निषाद, सोनू महाराज, महामंत्री अमित यादव, कोषाध्यक्ष ईसा रजा मंसूरी, मंत्रीरू रोहिणी शर्मा, योगेश द्विवेदी, संजीव नगाइच, कार्यकारिणी सदस्यरू ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक पुरवार, मनोज पांडेय, अनिल बाजपेई, देवेंद्र चतुर्वेदी, आरिफ रजा मंसूरी, अंकित यादव, विवेक निगम, शिवांग शुक्ला, अनुराग पंडित, आदर्श चतुर्वेदी, महेंद्र निगम आदि को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान सदस्यों ने पत्रकारिता सिद्धांतों, सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता का पालन करने का संकल्प दोहराया।

# भ्रष्ट बीज गोदाम प्रभारी के खिलाफ भाकियू ने किया प्रदर्शन

**पायनियर संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर**



कस्बे के बीज भंडार में धांधली के चलते किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर एसडीएम से लिखित शिकायत की है। संगठन के सदस्यो ने बताया कि बीते 10 नवंबर को कस्बे के राजकीय बीज भंडार में शाम साढ़े छः बजे के बाद अपने सहयोगियों को गेहूं का बीज देने के लिए गेट खोला गया था तभी वहां मौजूद कुछ किसानों ने केंद्र प्रभारी का वीडियो बनाना शुरू कर दिया जिससे उपरोक्त केंद्र प्रभारी आग बबूला हो गया और अपने साथ रखे स्वयं के गांव के प्राइवेट गुर्गों से उक्त किसानों से मोबाइल की छीना.झपटी के लिए प्रेरित किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया में वायरल उक्त वीडियो तथा किसानों को समय से बीज न देने तथा बीज की कालाबाजारी करने वाले केंद्र प्रभारी के विरुद्ध भाकियू अराजनैतिक ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरोपी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने अपने साथियों समेत जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि केंद्र में तैनात प्रभारी संतोष पाल की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए किसानों की अनदेखी तथा अपने प्रियजनों को रात के अंधेरे में बीज देने का प्रयास करने का मुद्दा उठाया है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से उक्त केंद्र प्रभारी संतोष पाल समेत उसके गुर्गों के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# शिवपुराण कथा में बताया गया आत्म-कल्याण का मार्ग



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर के स्टेशन रोड स्थित कथा स्थल पर आयोजित शिव पुराण कथा के दौरानए कथा व्यास परमहंस स्वामी मुक्तानंद जी ने अपने दिव्य प्रवचनों से श्रोताओं को आत्मिक आनंद की अनुभूति कराई। स्वामी जी ने धर्मए भक्ति और ज्ञान के संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति के बिना ज्ञान और ज्ञान के बिना भक्ति का कोई वास्तविक मूल्य नहीं होता।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ये दोनों ही आत्म.कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक और एक.दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने बताया कि सच्चे मार्ग पर चलने के लिए हृदय में श्रद्धा ;भक्तिद्ध और सही दिशा का बोध ;ज्ञान होना अनिवार्य है। स्वामी मुक्तानंद जी ने शिव पुराण कथा के माहात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह पवित्र ग्रंथ भगवान शिव की महिमा का बखान करने के साथ.साथ जीवन जीने की कला और मोक्ष प्राप्ति के रहस्यों को भी उजागर करता है। कथा के श्रवण से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और उसे अपने कर्तव्यों का बोध होता है। कथा सुनने के लिए सुमेरपुर और आस.पास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# बस सहित अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, महिला समेत कई मर गये थे पशु

**पायनियर संवाददाता। कुरारा(हमीरपुर)**

थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के मामले में पीड़ित पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। तथा शव का पोस्टमार्टम कराया है।

क्षेत्र के झलोखर गांव में रविवार की शाम को खेतो से घर वापस जाते समय चरवाहों को दिल्ली जा रही बस के चालक ने टक्कर मार दी। जिसमे गांव निवासी अनीता साहू (38) पत्नी रामबाबू साहू की मौके पर मौत हो गई तथा पशु घायल व मर गए थे। मृतका के पति रामबाबू साहू पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी अनीता बकरी लेकर घर की तरफ आ रही थी तभी हमीरपुर से दिल्ली जा रही बस यूपी 93 ईटी 3812 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बस चलाकर पत्नी को टक्कर मार जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके पीछे आ रहे गांव निवासी

रामअवतार पुत्र मन्नी व इसकी पुत्री शशि को भी टक्कर मारी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। रामावतार की एक भैंस घायल हुई है। तथा पड़वा मर गया है। तथा एक बकरी की मौत हुई है। अनीता की दो बकरी मरी है। तथा रानी पत्नी श्रीराम की एक बकरी की मौत हुई है। मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बस सहित अज्ञात चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

## अतिरिक्त दहेज न देने पर मारपीट कर किया जख्मी

**राठ(हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज के में एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर पत्नी ने पति पर मारपीट करने आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है।

कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी शिवानी पत्नी महिपाल ने बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले कोतवाली के इटाइल गांव निवासी महिपाल के साथ हुई थी। वर्तमान में वह अपने पति के साथ कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ले में रह रही है। विवाह के एक वर्ष के बाद से ही उसका पति अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए की मांग कर उसे मारपीट कर प्रताड़ित करता आ रहा है। बेवजह उसका उत्पीड़न कर उसके साथ आए दिन मारपीट भी करता रहता है।

# सड़क किनारे फैली झाड़ियां दे रही हैं बड़ी दुर्घटना को दावत

**पायनियर संवाददाता। कुरारा(हमीरपुर)**



विकास खंड क्षेत्र के कुरारा से बेरी जाने वाले रास्ते में सड़क के दोनों तरफ कंटीली बबूल की झाड़ियां फैल जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन झाड़ियों को कटाए जाने की कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जिससे कभी भी बडी घटना हो सकती है. कस्बा कुरारा से बेरी गांव को जाने वाली सड़क में दोनों तरफ कंटीली बबूल की झाड़ियां फैल गई है। तथा यह सड़क तक आ रही है। कई वाहन चालक गिर कर घायल हो गये है। जिससे सामने से आने वाले वाहन के निकलते समय वाहनों से टकरा जाती है। तथा मोड़ में सामने आने वाले वाहन नहीं दिखाई देते है । जिससे वाहन दुर्घटना होते है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इनके साफ कराए जाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे वाहन चालकों को दूर के वाहन भी नहीं दिखाई पड़ते है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क के दोनों तरफ उग आए बबूल की झाड़ियों की सफाई व्यवस्था कार्य कराए जाने की मांग की है।

# दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में, जुल्फें सफेद हो गईं उन्नीस साल में : हिमांशी बाबरा

**पायनियर संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)**



कस्बे में एक शाम मौलाना सलीम जाफरी साहब के नाम आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे हिन्दुस्तान के कोने.कोने से मशहूर शायरों ने अपने.अपने कलामों से खूब वाहवाही बटोरी।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कमरूद्दीन उर्फ जुगनू एवं मुशायरे की सदारत कर रहे समाजसेवी मौलाना खान हलीम फिरादीकी कन्वीनर एडवोकेट चौधरी जुन्नूरैन व सरपरस्त अब्दुल रहमान ने शमां रौशन कर मुशायरे का आगाज कराया। इसके बाद मेरठ से आई मशहूर युवा शायरा हिमांशी बाबरा ने पढ़ा दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में . जुल्फें सफेद हो गई उन्नीस साल में, को खूब पसंद किया गया और जमकर दाद दी। इसके बाद मशहूर शायर आरिफ़ सैफी के इस शेर मतलब के है यार दिलों के काले हैं मौका मिलते ही सब डसने वाले हैं इसी प्रकार मशहूर शायरा अंजुम रहबर ने पढ़ा कि एक सांवली सी लड़की एक बावली सी लड़की . कच्ची है उम्र जिसकी कुछ दिन से जाने किसकी . चाहत में खो गई है दिवानी हो गई है इसी तरह महोबा से आए हफीज कमाल ने कुछ इस अंदाज में पढा खतरा कैसा हो अंजाम उठा लेता है ।

**बांदा गौरव सम्मान 2025 : संघर्ष से सफलता: बांदा की महान विभूतियों का भव्य सम्मान**

# प्रो.रामनारायण द्विवेदी को बांदा गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित



**पायनियर संवाददाता। बांदा**

उत्तर प्रदेश के बांदा में गौरव सम्मान 2025 का सबसे पहले दिया गया प्रो रामनारायण द्विवेदी राष्ट्रीय महामंत्री श्री काशी विद्वत्परिषद्। अध्यक्ष संस्कृत भारती काशी प्रांत।

महामंत्री उत्तर प्रदेश नागकूप शास्त्रार्थ समिति।देश अनेकानेक विश्वविद्यालयों में एकेडमीक कौंसिल सदस्य हैं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त है।अनेक राज्यों के महामहिम राज्यपालों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित मुख्यमंत्रियों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत हैं आध्यात्मिक एवं धार्मिक चेतना पर विशेष अभियान चलाकर हिन्दूओं को एकजुट करने में सदा प्रयत्नशील है आपने हिंदू आचार संहिता लिखा है जो पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है आप मूलतः अछरौड ग्राम बांदा के मूल निवासी हैं आपके पिता श्री शिवनाथ प्रसाद द्विवेदी माता श्रीमती रामप्यारी द्विवेदी है आप वर्तमान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में प्रोफेसर हैं आपने अनेक ग्रंथों का सम्पादन तथा लेखन किया है अनेकानेक शोध-पत्र प्राकशित है अनेकानेक शोध छात्र आपके सफल निर्देशन में शोध कार्य किये है तथा कर रहे हैं।बांदा वासी आपको बांदा के गौरव के रुप में देखते हैं युवा अपना प्रेरणा स्रोत मानते हैं

बुन्देलखण्ड के गौरव है।आज प्रो रामनारायण द्विवेदी को बांदा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही है।नगर के विशिष्ट शिक्षाविद उद्योगपति साहित्यकार जनप्रतिनिधियों ने कहा प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने बांदा का सम्मान बढ़ाया संस्कृत तथा संस्कृति की रक्षा में जनपदवासियों में प्रसन्नता का माहौल साथ में पदम श्री विजेता श्री उमाशंकर पांडे जी को भी सम्मानित किया गया इन्होंने भी जल संजय को लेकर बहुत बड़ा बुंदेलखंड में कार्य किया हैबुंदेलखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, बांदा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक और रेयांश सॉल्यूशन्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ''बांदा गौरव सम्मान - संघर्ष से सफलता'' समारोह का आयोजन कल शाम जय माँ शारदा पैलेस, बबेरू रोड, बांदा में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस समारोह ने बांदा की उन परिचित और कम-जाने गए हीरो को मंच दिया, जिन्होंने कठिनाईयाँ पार कर अपनी उपलब्धियों से पूरे इलाके का नाम रोशन किया है।इस सम्मान कार्यक्रम का मकसद बांदा के उन व्यक्तित्वों को पहचान देना है, जिन्होंने अपने जीवन संघर्ष और लगन से न सिर्फ व्यक्तिगत सफलता हासिल की, बल्कि समाज-सेवा, प्रशासन, कला, विज्ञान आदि क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान कर जिले का गौरव बढ़ाया है। आयोजकों ने इसे ''संघर्ष से सफलता'' की कहानी के तौर पर पेश किया है और यह संदेश देने के लिए कि छोटे-छोटे शहरों की उपलब्धियाँ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रेरणा बन सकती हैं।सम्मान समारोह के निर्णायक मंडल में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल थेःपद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, पूर्व जिलाधिकारी डॉ. हीरा लाल, पूर्व विधायक युवराज सिंह, कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ. एन. के. बाजपेयी, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक त्रिपाठी 'जीतू', वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित 'ललित', वरिष्ठ पत्रकार सुधीर निगम, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शबाना रफीक और महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. दीपाली गुप्ता। इन जूरी सदस्यों ने पुरस्कार हेतु प्राप्त सभी नामांकनों को बेहद गंभीरता से आंका और उनकी विविधता, संघर्ष एवं उपलब्धियों के आधार पर विजेताओं का चयन किया।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में वे लोग शामिल थे जिन्हें पुरस्कार (अवार्ड) दिया गया। चयनित व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट योगदान और समाजिक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया, जिनकी सूची संलग्न है।इनके अलावा उन व्यक्तित्वों का भी अभिनन्दन किया गया, जिन्होंने देश विदेश में अपनी सेवायें देकर बांदा का गौरव बढ़ाया है। उनके साथ मंच पर संवाद के माध्यम से उनकी संघर्ष से सफलता की कहानी जानने का भी उपस्थित लोगों को मौका मिला। ऐसी सम्मानित विभूतियों की भी सूची संलग्न है।इन औपचारिक पुरस्कार विजेताओं को समारोह के दौरान मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, और उनकी उपलब्धियों को दर्शकों के सामने साझा किया गया।विशिष्ट अतिथि और मंच पर संवादः समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथि और वक्ताओं ने कार्यक्रम को और गौरवमय बनाया। मुख्य अतिथि में जल शक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद, बांदा सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील पटेल, बबेरू विधायक श्री विशम्भर यादव, बुन्देलखण्ड यूथ फाउन्डेशन के अध्यक्ष प्रवीण सिंह सहित महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा विश्व कल्याण द्वार, हर-हर महादेव के जयकारे








**पायनियर संवाददाता। बाराबंकी**

रामनगर तहसील स्थित प्राचीन लोधेश्वर महादेवा धाम में सोमवार को सदियों पुरानी आस्था पुनः आलोकित हुई। पावन परिसर में धूपझदीप की सुगंध, शंखझघंटों की गूंज और भक्ति से भरे वातावरण के बीच सात दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रशासनिक और सामाजिक जगत की सम्मानित उपस्थिति में महाकाल की चरण वंदना का यह वार्षिक पर्व दिव्यता का अनुपम दृश्य रच रहा है।

**दिव्यता से भर उठा विश्व कल्याण द्वार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जब धाम पहुंचे, तो संस्कृत पाठशाला के बच्चों ने पुष्पों से अभिनंदन कर शुभ वातावरण रचा। परंपरा निभाते हुए प्रवेश द्वार पर दीप समर्पित किया गया। फिर वैदिक ऋचाओं की मधुर लय में वे गर्भगृह पहुंचे, जहाँ आचार्यों ने दुग्ध, पुष्प, अक्षत और गंगाजल से पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न कराई। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र मुखर हो उठा।

**श्री महादेव के दरबार में भक्ति का उत्कर्ष :** धाम की सजावट इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बनी है। पुष्पमालाओं से सजे मार्ग, रौशनी से नहाए मंदिर द्वार और रंगीन ज्योति से दमकते गर्भगृह ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूजा के समापन पर जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सवी कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत की।

**सांस्कृतिक मंच पर भावों का नाद :** मंच पर आरंभ हुए सांस्कृतिक सत्र ने भक्ति को नई ऊंचाई दी। शंख की ध्वनि से वातावरण में ऊर्जा का संचार हुआ। बहार सुगम संगीत प्रभाग के निदेशक प्रभात नारायण दीक्षित की रचना 'हे लंबोदर, जिसके बाद श्री दीक्षित और उनके छात्र-छात्राओं ने रंग गयो मन मेरा भोला के रंग में शिव स्तुति की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से भर दिया। कलाझश्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शिवराजे फ्यूजन बैंड के कार्तिकेय कैलाश दीक्षित के निर्देशन में अभिजीत, प्रत्युष, वंशिका और अदिति ने लोकप्रिय गीतों का आकर्षक मैशअप पेश किया। इसके बाद अदिति और कार्तिकेय की युगल प्रस्तुति 'लग जा गले' ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि वंशिका गुप्ता की 'आओगे जब तुम सजना' प्रस्तुति ने तालियों की लंबी गूंज बटोरी।

संगीत संगत में अंजीत द्विवेदी (ऑक्टोपैड), रवि कुमार (सिंथेसाइज़र) और कार्तिकेयझअभिजीतझप्रत्युष (गिटार) का संयोजन सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन प्रशांत बाल विद्या मंदिर की छात्राओं की मनोहारी सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने शाम को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

**वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति :** महोत्सव के शुभारंभ में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम सुश्री गुंजिता अग्रवाल, सीओ सुश्री गरिमा पंत, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार सिंह, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायण तथा प्रशासनिकझराजनीतिक क्षेत्र के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रवक्ता श्री आशीष पाठक ने किया।

**आमंत्रण भाव : सभी का स्वागत :** उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को महोत्सव में सहभागी बनने का आमंत्रण देते हुए कहा कि महादेवा की यह धरती संस्कृति, श्रद्धा और सौहार्द की अनूठी मिसाल है।

## महादेवा महोत्सव का रंगारंग आगाज

**बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव के पहले दिन जहां पूरा लोधेश्वर धाम भक्ति और संस्कृति के रंग में रंगा रहा, वहीं कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विशेष प्रदर्शनी भी श्रद्धालुओं व आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, जनपद की उपलब्धियों, पर्यटन धरोहरों, ओडीओपी उत्पादों, महिला समूहों के कार्यों और विकास यात्रा से संबंधित समृद्ध विजुअल सामग्री प्रस्तुत की गई है। बड़े आकर्षक फ्लेक्स, डिजिटल डिस्प्ले, थीमेटिक पैनल और फोटो-गैलरी के माध्यम से जनपद की पहचान, संस्कृति और उपलब्धियों को प्रभावी रूप में प्रदर्शित किया गया है। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रदर्शनी उपलब्धियों और शासन की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक सरल व रोचक ढंग से पहुंचाने का उत्कृष्ट प्रयास है। उन्होंने अधिक से अधिक आगंतुकों से प्रदर्शनी अवलोकन की अपील भी की। श्रद्धालुओं के लिए यह प्रदर्शनी पूरे महोत्सव अवधि में खुली रहेगी और स्थानीय प्रतिभा, परंपरा व प्रशासनिक उपलब्धियों को एक ही स्थान पर देखने का अवसर प्रदान करेगी। उपस्थित लोगों ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए इसे महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में से एक बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने लगाया सिपाहियों पर अभद्रता का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के सिधियांवा गांव निवासी कंचन देवी पत्नी संत प्रसाद रावत ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सुबेहा थाने मे तैनात हल्का दरोगा पवन कुमार गुप्ता व सिपाही धीरेन्द्र सिंह 15 नवंबर की रात लगभग सात बजे घर मे घुस आये और पूछा तुम्हारे पति कहां हैं।संतोषजनक जवाब ना मिलने पर गंदी गालियां देते हुए मेरा हाथ पकड़ कर घर के बाहर खींच ले गए। और अभद्रता करने लगे।महिला ने गलत व्यवहार करने वाले दरोगा व सिपाही के विरुद्ध कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री से की है।एस एच ओ के के सिंह ने बताया आरोप लगाने वाली महिला के पति संत प्रसाद ने कुछ लोगों से पासपोर्ट बनवाने के नाम पर रुपये लिये थे, वापस ना करने पर संबंधित लोगों ने शिकायत की थी। उसी संबंध मे पुलिस पूछताछ करने गयी थी। महिला द्वारा लगाये गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत व फर्जी हैं।

### 16 वर्षीय किशोरी को भगाने का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि असन्द्रा थाना क्षेत्र के हकामी गांव निवासी लकी तिवारी व उसके दो अज्ञात साथी उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर चले गए। आरोप है कि जाते समय पुत्री, चौबीस हजार रुपए नगद व एक जोडी चांदी के पायल भी अपने साथ ले गई। पुलिस ने बताया आरोपित पर केस दर्ज जांच की जा रही है।

### सहन की जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के जासेपुर गांव निवासी रेशमा बानो ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह लगभग साढे नौ बजे अकारण ही अल्तमस, सारिक, अमरीन, महवीस, सूफिया बेगम सहित 11 लोग लाठी डंडा लेकर आये और उसके पति अतीक को मारकर मरणासन्न कर दिया। ऐसे ही आरोप दूसरे पक्ष की सूफिया बेगम ने दी गई तहरीर मे लगाये और नौ लोंगो को नामजद किया। पुलिस ने बताया दोनो पक्ष के लगभग बीस लोंगो पर केस दर्ज जांच की जा रही है।

### बिजली कंरट में झुलसे मजदूर की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के भटगंवा ग्राम पंचायत निवासी गुड्डा बानो ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 7 नवंबर को पति दिलशेर पुत्र हसन अली को टेंट व्यवसायी अदनान पुत्र मुस्ताक एक शादी समारोह मे टेंट लगवाने के लिए सुबेहा ले गए थे।झालर लगाने के दौरान छत के ऊपर से निकली 11हजार लाइन के चपेट मे आ गए। जिसके चलते वह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहाँ सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### किसान नेता को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे केरहन पुरवा निवासी कुंवर बहादुर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह किसान यूनियन (अराजनैतिक) का तहसील अध्यक्ष है। रविवार के दिन किसान यूनियन के सदस्य के किसी मामले को लेकर कोतवाली आया था। तभी जासेपुर गांव निवासी निजामुद्दीन उर्फ अल्लन ने कालर पकड़कर गाली देते कहा बहुत बडे किसान नेता बनते हो, तुम्हे यहीं जान से मार दूंगा। एस एच ओ अभिमन्यु मल्ल ने बताया केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**औरैया।** अयाना थाना क्षेत्र के कैथोंली-असेवा मार्ग पर रविवार रात एक भीषण हादसे में असेवा निवासी दर्शन सिंह निषाद (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को तेज रफ्तार में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर दूर तक घिसट गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी अजीतमल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल चिचोली रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने मार्ग पर तेज रफ्तार के चलते बढ़ती दुर्घटनाओं पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

### पूर्व सैनिक ने उठाया आरक्षण का बड़ा सवाल

# त्रिलोकपुर पंचायत में हरिजन सीट आज तक आरक्षित नहीं

**पायनियर संवाददाता। बाराबंकी**

जनपद की रामनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुर ग्राम पंचायत में आरक्षण व्यवस्था को लेकर एक बड़ा मुद्दा सामने आया है। ग्राम पंचायत के बादी पुरवा गांव निवासी और पूर्व सैनिक राम तीरथ रावत ने पंचायत चुनाव में अनुसूचित जाति (हरिजन) सीट की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आजादी के बाद से अब तक इस पंचायत में कभी भी हरिजन सीट आरक्षित नहीं हुई है, जिससे अनुसूचित जाति समुदाय का प्रतिनिधित्व न के बराबर रहा है।

राम तीरथ रावत, जिन्होंने भारतीय सेना में सेवा देने के बाद अब जनसेवा को अपना उद्देश्य बनाया है, इस विषय पर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि पिछले पंचायत चुनाव में सीट को हरिजन वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था, लेकिन मतदान से पहले उसे फिर से सामान्य श्रेणी में बदल दिया गया। यह बदलाव उन्हें और अन्य कई लोगों को संदेहास्पद लगता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस विषय की गहन जांच कराते हुए ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोकतांत्रिक प्रणाली के मूल उद्देश्य सबके लिए समान अवसर को पूरा किया जा सके।

जनसेवा के संकल्प के बारे में बात करते हुए रावत ने कहा, ''अगर जनता ने मुझे प्रतिनिधित्व का मौका दिया, तो मेरी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर होगी। मैं गांव में एक हाई-टेक लाइब्रेरी बनवाना चाहता हूं, जिससे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और अध्ययन सामग्रियां मिल सकें। इसके अलावा, गरीब और ज़रूरतमंदों के लिए गांव में एक बारात घर की भी व्यवस्था की जाएगी।''

किसान परिवार से आने वाले राम तीरथ रावत न केवल एक प्रगतिशील किसान हैं, बल्कि फूलों की खेती के लिए भी विख्यात हैं। उन्हें बाराबंकी जिले की फूल प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार मिल चुका है। सेना में सेवा के दौरान देश के प्रति समर्पण के भाव को ग्रामीण विकास के लिए समर्पित करने का उनका प्रयास सराहनीय है।

रावत ने स्पष्ट किया कि वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज में हर वर्ग की भागीदारी और विकास के लिए प्रयासरत हैं – चाहे वह आरक्षण का अधिकार हो, शिक्षा का प्रसार हो या सामाजिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण।

# मतदाताओं के लिए निर्वाचन कण्ट्रोल रूम के साथ तहसील पर हेल्प डेस्क स्थापित

**पायनियर संवाददाता। औरैया**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अविनाश चन्द्र मौर्य ने जनपद के सभी मतदाताओं को अवगत कराया है कि जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम संचालित है। जिसके अंतर्गत दिनांक 04 दिसंबर, 2025 तक नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। तथा उनका संग्रहण भी करेंगे, दिनांक 09 दिसंबर, 2025 को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा, 9 दिसंबर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 के मध्य दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएगी, दिनांक 9 दिसंबर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 के मध्य नोटिस सत्यापन (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन) गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही की जाएगी तथा दिनांक 07 फरवरी, 2026 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने उपरोक्त कार्यक्रम की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जनपद के समस्त मतदाताओं को सूचित किया है कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम में मतदाताओं की सहायता हेतु गणना अवधि से जिला निर्वाचन कार्यालय, औरैया में निर्वाचन कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

## एण्टी करप्शन टीम ने 6 हजार की रिश्वत लेते कॉस्टेबल को रंगे हाथों पकडा

**कानपुर देहात।** एण्टी करप्शन टीम ने सिकन्दरा थाने में तैनात आरक्षी गौरव कुमार को होटल सॅचालक से 6 हजार की रिश्वत लेते रॅगे हाथों पकडा। जनपद में पिछले चार महीनों में यह तीसरा मामला प्रकाश में आया है जब कि जनपद पुलिस के जिम्मेदार भ्रष्टाचार व रिश्वत लेने के मामले में एण्टी करप्शन व विजिलेंस टीम द्वारा रॅगे हाथों पकडे गये है। जनपद की पुलिस पर सोमवार को फिर एक बार ग्रहण लगता दिखाई दिया, जब होटल सॅचालक की शिकायत पर एण्टी करप्शन कानपुर मण्डल के ट्रैप टीम प्रभारी जगदीश यादव ने अपने सहयोगियों के साथ सिकन्दरा थाने पर तैनात आरक्षी गौरव कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार निवासी अडडा श्यामलाल महेश्झ फाटक थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा को सिकन्दरा चैराहे हाईवे ओवरब्रिज के बगल चाय कीदुकान पर 6 हजार नकद लेते रॅगे हाथों पकड लिया।

# नाले की कटान से दो गाँवों की फसलें तबाह, ज्ञापन सौंपा

**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**




राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 (पूर्व में LX-2) पर सेंगर रिसॉर्ट के सामने स्थित नाले को LX· विभाग के कर्मचारियों द्वारा बार-बार काटे जाने से ग्राम फतेहपुर रौशनाई और लोदीपुर, तहसील अकबरपुर की कृषि भूमि पर लगातार जलभराव हो रहा है। इसके कारण दोनों गाँवों की एक हजार बीघे से अधिक धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। खेतों में भरा पानी सूख न पाने से अगली फसल की जुताई-बुवाई भी संभव नहीं, और भूमि की उर्वरा शक्ति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वे अपने निजी खर्च पर नाले को बंद करवाते हैं, परंतु छभ विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पुनः नाले की कटान कर देते हैं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में ग्राम पंचायत स्तर पर करें

**पायनियर संवाददाता। औरैया**



जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विकास खण्ड सहार में पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों के साथ कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों को साझा किया और कहा कि कार्यक्रम में बीएलओ के साथ सहयोगी की भूमिका का निर्वहन करते हुए गणना प्रपत्रों को शीघ्र व सुस्पष्ट भरवाते हुए बीएलओ को उपलब्ध कराये जिससे आगामी प्रक्रिया भी समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसको समयबद्ध रूप से किया जाना है इसलिए आप अपनी मेहती भूमिका निष्पक्षता के साथ अदा करते हुए ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को तैयार करायें। उन्होंने कहा कि यह अवश्य ध्यान रखें कि कोई भी गलत/ मृतक के रूप में मतदाता सूची में जुड़ने न पाए और सही मतदाता अर्हता पूर्ण करने वाला मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे। उन्होंने इस अवसर पर ग्राम प्रधानों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों से विस्तार पूर्वक अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को एक सप्ताह (24 नवंबर 2025) तक पूर्ण कराने को कहा। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत नवादा धांदू में पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत बीएलओ मेहपाल सिंह द्वारा की जा रही गतिविधियों को देखा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनों तथा बीएलओ से कहा कि कोई भी गणना प्रपत्र अपूर्ण व बिना हस्ताक्षर के प्राप्त न किया जाए साथ ही प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों की फीडिंग भी सुनिश्चित कराये।

## पराली बुझाने में सक्रिय रहे तहसीलदार अकबरपुर एवं जिला कृषि अधिकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में राजस्व ग्राम कुड़वा खुर्द, विकास खंड सरवनखेड़ा में खेतों में पराली जलने की सूचना पर मौके पर पहुँचे तहसीलदार अकबरपुर पवन कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता ने स्थानीय राजस्व टीम और ग्रामीणों के साथ मिलकर जलती हुई पराली को बुझाया। अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुँचकर किसानों को पराली न जलाने के संबंध में जागरूक किया और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे पराली प्रबंधन उपकरण, अनुदान योजनाएँ तथा वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पराली जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँचता है और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसके वैकल्पिक उपयोग को अपनाना आवश्यक है।

## योगाभ्यास प्रतियोगिता में अमरौधा की कल्पना और मैथा के कृष्ण बिहारी ने मारी बाजी

**पायनियर संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात**

जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में स्वास्थ्य जागरूकता, आत्म-




अनुशासन एवं मानसिक संतुलन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय योगाभ्यास प्रतियोगिता का संपन्न हुई। जिसके पुरूष वर्ग में मैथा ब्लाक के कृष्ण बिहारी अग्निहोत्री और महिला वर्ग में अमरौधा की कल्पना सचान ने प्रथम स्थान हासिल किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन प्रार्थना एवं सामूहिक ध्यान के साथ हुआ। कार्यक्रम के नोडल अरुण कुमार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल शारीरिक सुदृढ़ता का प्रतीक है, बल्कि शिक्षकों के लिए तनाव-प्रबंधन, सकारात्मक ऊर्जा तथा कार्यक्षमता वृद्धि का माध्यम भी है।

# जन शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता मिलने पर दण्डित होंगे अधिकारी : डीएम

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**




जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 11 शिकायतें प्राप्त हुई जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर दो दिवस के अन्दर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि क्षम्य नही की जाएगी इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है जिनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण से सुना जाए तथा एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी मौके पर स्वयं जाकर निरीक्षण करें और स्पष्ट आख्या तैयार कर फोटोग्राफ सहित अपलोड करें। सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# न्यूक्लियर मेडिसिन में हो रहे नवाचार : डॉ. पार्था

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**

कैंसर जैसे जटिल स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाने के लिए न्यूक्लियर मेडिसिन में हो रहे नवाचार ने निदान की सटीकता बढ़ी है। नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली के सहयोग से बरेली में एक सफल ऑन्कोलॉजी कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन क्षेत्र के चिकित्सा पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ जहां उन्होंने ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में वर्तमान रुझानों उभरती तकनीकों और क्लीनिकल दृष्टिकोणों की अपनी समझ को और गहरा किया। सी एम ई में राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ न्यूक्लियर मेडिसिन के निदेशक डॉ. पार्था एस चौधरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सुमित गोयल ने इनसाइटफूल सत्र प्रस्तुत किए। इन सत्रों का उद्देश्य क्षेत्रीय चिकित्सकों और तृतीय-स्तरीय विशेषज्ञों के बीच संवाद को बढ़ावा देना था जिससे ऑन्कोलॉजी में हो रहे प्रगतिशील बदलाव स्वास्थ्य सेवा की हर परत पर बेहतर रोगी परिणामों में परिवर्तित हो सकें। मुख्य सत्र प्रस्तुत करते हुए राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के न्यूक्लियर मेडिसिन निदेशक डॉ. पार्था एस . चौधरी ने पैट - सी टी इमेजिंग और आधुनिक ऑन्कोलॉजी में रेडियोआइसोटोप थेरेपी की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत अपडेट साझा किए। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर मेडिसिन में हो रहे नवाचार न केवल निदान की सटीकता को बढ़ा रहे हैं बल्कि जटिल और पुनरावर्ती कैंसर के प्रबंधन में अधिक लक्षित और व्यक्तिगत उपचार पद्धतियाँ भी सक्षम बना रहे हैं।

# किसानों से पराली न जलाने की अपील

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**

❖ पराली जलाने पर 12 लोगों पर हुई कार्यवाही

भिनगा - जनपद में पराली जलाने के घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कृषि विभाग द्वारा किसान भाईयों से पराली न जलाने हेतु अपील किया है। वर्तमान में धान की कटाई का कार्य किया जा रहा है। कृषक भाई कम्बाईन से धान की कटाई करवाते हैं और पराली को बेकार समझ कर जला देते हैं लेकिन ऐसा करने से मृदा में उपस्थित मित्र कीट जलकर नष्ट हो जाते हैं धीरे-धीरे मृदा की उर्वराशक्ति क्षीण होती जाती है। कृषक भाईयों को पराली जलाने से रोकने के लिए मा० हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार अर्थदण्ड रोपित करने का प्राविधान किया गया है जिसमें कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से कम होने की दशा में 5000 रुपये अर्थ दंड प्रति घटना, कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थ दण्ड 10000 रुपये प्रति घटना कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थ दण्ड 30000 रुपये प्रति घटना।

प्रदेश में फसलों की कटाई में कम्बाईन हार्वेस्टिंग विद् एस०एम०एस० अथवा स्ट्रारीपर का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। बिना एस०एम०एस० मशीन के कम्बाईन मशीन प्रयोग करने वाले मालिकों के विरूद्ध सिविल दायित्व भी निर्धारित किये जायेंगे।

कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पराली दो खाद लो अभियान चलाकर अधिक मात्रा में पराली गौशाला में पहुंचाकर खाद प्राप्त की जा रही है। इसके अलावा जनपद में फसल अवशेष को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से कृषकों को जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी कार्यालय/मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, तहसीलों, विकास खण्ड कार्यालय, कृषि मण्डी, पेट्रोल पम्पों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग आदि लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं।

फसल अवशेष को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद के सभी विकास खण्डों एवं ग्रामों में प्रचार वाहन भ्रमणशील कराकर जागरूक किया जा रहा है। जनपद में सोमवार को 12 लोगों के विरूद्ध पराली जलाने पर कार्यवाही की गई तथा उनसे मानक के अनुसार निर्धारित जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है।

ज्ञातब्य हो कि जनपद में पराली/फसल अपशिष्ट जलाने की घटनाओं की सेटेलाइट से मॉनिटरिंग की जा रही है साथ ही ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खण्ड एवं तहसीलवार क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जो भ्रमण कर कृषकों को जागरूक एवं निगरानी कर रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 18 नवंबर 2025



## कोलकाता में हार के बाद फूटा पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का गुस्सा-बोले

# टेस्ट क्रिकेट का विनाश कर दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिचे को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा,उन्होंने जिस तरह का काम किया है, जिस तरह की पिचें इतने वर्षों से बनाई जा रही हैं, मैं उसे देखता आ रहा हूं। कोई इसके बारे में बात नहीं करता क्योंकि जब टीम जीत रही होती है तो सब ठीक लगता है। कोई विकेट ले रहा होता है और कोई विकेट लेकर महान बन रहा है। उन्होंने कहा,ऐसे में सबको लगता है कि सब ठीक चल रहा है

। यह चलन अभी से शुरू नहीं हुआ है। यह कई सालों से चला आ रहा है, और मुझे लगता है कि यह खेलने का गलत तरीका है। इस मैदान पर 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के दौरान 13 विकेट झटकने वाले हरभजन ने कहा कि अब इस मुद्दे पर विचार करने का समय आ गया है क्योंकि ऐसी पिचें खिलाड़ियों के विकास में योगदान नहीं देतीं। उन्होंने कहा, आप किसी भी तरह से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, आप बस चक्की में बंधे बैल की तरह चक्कर लगा रहे हैं। आप जीत तो रहे हैं, लेकिन कोई वास्तविक लाभ नहीं है। एक क्रिकेटर के रूप में, आप आगे नहीं बढ़ रहे हैं। भारत के लिए 103 टेस्ट में 417 विकेट लेने वाले हरभजन ने कहा,यह इस बात पर विचार करने का समय है कि ऐसी पिचें आपको कहां लेकर जा रही है। यहां आपके बल्लेबाजों को यह नहीं पता होता है कि रन कैसे बनाने है और वह ऐसे दिख रहे हैं जैसे उन्हें बल्लेबाजी करना ही नहीं आता। उन्होंने कहा,ऐसे में एक सक्षम गेंदबाज़ और एक सक्षम बल्लेबाज में क्या फर्क रह जाता है। हालात इतने अनुकूल हो गये है कि लोग कौशल के कारण नहीं बल्कि पिच के कारण आउट हो रहे हैं। यह देखकर दुख होता है कि टेस्ट क्रिकेट कैसे खेला जा रहा है। मुझे नहीं पता कि हम ऐसा क्यों कर रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 22 नवंबर से खेला जायेगा।



### कोई भी बाहर बैठे, अफ्रीका जीत का रास्ता ढूंढ लेगाः रबाडा

पसलियों में चोट के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा अपनी टीम की असफलताओं से उबरने और किसी भी खिलाड़ी के नहीं खेल पाने के बावजूद जीत का रास्ता तलाशने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं। रबाडा ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन बाहर बैठता है, हम तब भी जीतने का एक तरीका ढूंढ लेंगे। (कप्तान) तेम्बा (बावुमा) ने हमारे लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन वह प्रत्येक मैच में नहीं खेल पाए। मैं भी इस मैच में नहीं खेल पाया था।



बावुमा चोटिल होने के कारण पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाने के बाद अंतिम एकादश में लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी कर- के श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी। रबाडा ने कहा,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जो भी मैदान पर उतरेगा, हमारा मानना है कि वह अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा सकता है। दक्षिण अफ्रीका यहां के असमान उछाल और टर्न लेने वाले विकेट पर जीत हासिल करने में सफल रहा। रबाडा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की सराहना की, जिसमें कप्तान बावुमा की दूसरी पारी में खेली गई 55 रन की पारी भी शामिल है। रबाडा ने कहा,पहली पारी में एडेन (मार्करम) और (रयान) रिकेल्टन ने हमें अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने लय बनाई। मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया। बोस्ची (कॉर्बिन बॉश) अहम मौकों पर डटे रहे। सभी ने योगदान दिया और यही इस टीम की विशेषता है। अभी तक यह सुनिश्चित नहीं है कि रबाडा 22 नवंबर से गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं।

### आदर्श घरेलू पिच को लेकर क्या एकमत हैं गिल-गंभीर?



**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 30 रन से भारत की शर्मनाक हार के बाद उपजे पिच विवाद के बीच बड़ा सवाल यह है कि युवा कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर क्या आदर्श घरेलू पिच को लेकर एक राय हैं ? लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम के अपनी सरजमीं पर न्यूनतम स्कोर पर सिमटने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। एक महीना पहले ही अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले गिल ने कहा था कि टीम अब 'टर्निंग' नहीं बल्कि अच्छी पिच पर खेलना चाहती है। उन्होंने कहा था,हम ऐसी पिचों पर खेलना चाहते हैं जिनसे गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को मदद मिले। इसके बावजूद भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट ऐसी पिच पर खेला जो उसके ठीक विपरीत थी जिसकी कप्तान गिल ने पैरवी की थी। ईडन गार्डंस की पिच पर एक सप्ताह से अधिक पानी नहीं दिया गया था और कवर के भीतर रखी गई थी । पिच पूरी तरह से सूखी थी और पहले ही सत्र से टूटने लगी थी । इस पिच पर 38 विकेट गिरे जिनमे स्पिनरों ने 22 और तेज गेंदबाजों ने 16 विकेट लिये। गंभीर ने हालांकि मैच के बाद कहा था कि पिच वैसी ही थी जैसी टीम प्रबंधन ने चाही थी । उन्होंने कहा,अगर आप अच्छा नहीं खेलते तो क्या होगा । विकेट में कोई खराबी नहीं थी । अगर हम जीत गए होते तो पिच पर सवाल ही नहीं उठते । कप्तान गिल पहले ही दिन गर्दन में ऐंठन के कारण बाहर हो गए थे जिनकी गैर मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी में अनुशासन नजर नहीं आया। भारत ने अपनी सरजमीं पर पिछले छह में से चार टेस्ट गंवाये हैं जिससे अपनी धरती पर अजेय रहने की उसकी छवि को ठेस पहुंची है। गंभीर के कोच रहते भारत ने 18 में से आठ टेस्ट जीते हैं जिनमे से चार बांग्लादेश और वेस्टइंडीज जैसी कमजोर टीमों के खिलाफ जीते। भारतीय टीम के कोलकाता आने के बाद से पिच पर फोकस बना हुआ था। क्यूरेटर सुजन मुखर्जी से लगातार बैठकें होती रही। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2001 में हुए मैच में लक्ष्मण . द्रविड़ . के चमत्कारिक प्रदर्शन के साक्षी रहे ईडन की पिच पर हरभजन सिंह भी भड़के हुए हैं। हरभजन ने कहा ,उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को खत्म कर दिया । आरआईपी टेस्ट क्रिकेट। चेतेश्वर पुजारा ने टीम के बदलाव के दौर से गुजरने की बात को खारिज करते हुए कहा,अपने देश में हार स्वीकार्य नहीं है । बदलाव का दौर हो या नहीं ।

### टीम इंडिया घर में हार रही है तो कुछ गड़बड़ है : पुजारा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इस धारणा को सिरे से खारिज कर दिया है कि ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के हाथों भारत की करारी हार के लिए बदलाव के दौर को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। पुजारा ने तर्क दिया कि टीम को फिर से तैयार किए जाने के दौरान विदेशी सरजमीं पर हार समझी जा सकती है लेकिन घरेलू मैदान पर हारना अस्वीकार्य है, विशेषकर ऐसी टीम के साथ जिसमें प्रथम श्रेणी में खुद को साबित कर चुके खिलाड़ी शामिल हों। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, वाशिंगटन सुंदर और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को लंबी अवधि के प्रारूप में भारत की गहराई और क्षमता का प्रमाण बताया। पुजारा ने जियो हॉटस्टार' से कहा,मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि घरेलू मैदान पर भारत की हार के लिए बदलाव के दौर को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। बदलाव के दौर में विदेशी सरजमीं पर असफलताओं का सामना करना समझ में आता है लेकिन मौजूदा भारतीय टीम में पर्याप्त प्रतिभा और मजबूत प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड है। यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, वाशिंगटन सुंदर और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों ने खुद को साबित किया है। उन्होंने कहा,अगर इसके बावजूद टीम घरेलू परिस्थितियों में हार रही है तो यह दर्शाता है कि कुछ और गड़बड़ है। अगर यह मैच अच्छी पिच पर खेला जाता तो भारत की जीत की संभावना कहीं अधिक होती। विकेटों के पतझड़ के बावजूद भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर को पिच में कोई खामी नहीं दिखी लेकिन पुजारा ने कहा कि ऐसी पिचें भारत के लिए अच्छी नहीं हैं।उन्होंने कहा,ऐसे विकेट हमारी जीत के प्रतिशत को कम करती हैं और विरोधी टीम को बराबरी पर ला देती हैं। यहां तक कि भारत ए टीम भी अपनी प्रतिभा की गहराई को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में चुनौती दे सकती है इसलिए यह क्षमता की कमी नहीं है। भारत में इस हार के लिए बदलाव के दौर को दोष देना उचित नहीं है।

### गिल दबाव में, अलग प्रारूप के लिए अलग कप्तान समझदारी भरा कदम होगाः मुकुंद

**नईदिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद का मानना है कि शुभमन गिल पर काफी अधिक दबाव है और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की हार के बाद अलग प्रारूप में अलग कप्तान बनाने की मांग की। मुकुंद ने दूरदर्शन पर 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' में कहा, घरेलू मैदान पर हर कोई भारत से जीत की उम्मीद करता है।गिल को पहली पारी में स्लॉग स्वीप खेलने के दौरान ऐंठन का सामना करना पड़ा और वह चार रन बनाकर रिटायर्ड और दोबारा खेलने नहीं उतरे। उनकी अनुपस्थिति ने भारत की बल्लेबाजी की समस्याओं को और बढ़ा दिया।गिल पर काम का बढ़ता बोझ बहस का विषय बना हुआ है। सात टेस्ट खेलने वाले मुकुंद ने कहा, मुझे लगता है कि शुभमन में सभी प्रारूपों का कप्तान बनने की क्षमता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि भारत के पास अब सभी प्रारूपों में एक कप्तान होना चाहिए।उन्होंने कहा,अलग-अलग कप्तान बनाना समझदारी भरा कदम है। शुभमन गिल को टेस्ट में कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है और उन पर काफी दबाव होगा।



## आरआर के निदेशक व मुख्य कोच की दोहरी भूमिका निभाएंगे संगाकारा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा को 2026 में होने वाले आईपीएल के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में फ्रेंचाइजी छोड़ दी थी। संगकारा 2021 से इस फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक रहे हैं। वह 2021 से 2024 तक मुख्य कोच की भूमिका भी निभा रहे थे। राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा आईपीएल 2026 के लिए मुख्य कोच के रूप में भी कार्यभार संभालेंगे। राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बडाले ने एक बयान में कहा,कुमार (संगकारा) की मुख्य कोच के रूप में वापसी से हम बहुत खुश हैं। इस समय टीम की ज़रूरतों को देखते हुए हमें लगा कि टीम के साथ उनकी सहजता, उनका नेतृत्व और रॉयल्स संस्कृति की उनकी गहरी समझ टीम के प्रदर्शन में निरंतरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमें उनके कौशल पर पूरा भरोसा है। पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ का कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया, जो 2025 में लंबी अवधि के अनुबंध के साथ फ्रेंचाइज़ी में लौटे थे। टी20 विश्व कप विजेता पूर्व राष्ट्रीय कोच ने इस साल की शुरुआत में टीम के खराब प्रदर्शन की संरचनात्मक समीक्षा के बाद पद छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स का पिछले सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा था तथा उसकी टीम 10 टीमों के इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान रॉयल्स ने पिछले सत्र तक अपने कप्तान रहे संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले में उसने रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया है।



**बधिर ओलंपिक**

## अनुया, प्रांजलि को एयर पिस्टल में स्वर्ण व रजत

**नई दिल्ली।** युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में सोमवार को महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी । पुरूषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता । भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई । वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था । उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241 . 1 स्कोर कर- के पीला तमगा जीता ।

**निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप**

## चैंपियन बनने से चूके गुरप्रीत,25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में मिला रजत

**एजेंसी। काहिरा**

❖ भारत तीन स्वर्ण, छह रजत व चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा

ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरूनी हिस्सा) के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था।



भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया। गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रेपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रेपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रेपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता।

## सिनर फिर बने एटीपी फाइनल्स चैंपियन

**एजेंसी। तूरिन**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। यह इस साल पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठी भिड़ंत थी। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब का बचाव किया, जो इस वर्ष अल्काराज पर उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने विंबलडन फाइनल में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी को हराया था।

इस साल दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर ने कहा,यह सत्र अविश्वसनीय रहा। इटली के अपने प्रशंसकों के सामने इस तरह से इसे समाप्त करना मेरे लिए बहुत ख़ास है। अल्काराज़ ने पहले ही वर्ष के अंत में नंबर एक रैंकिंग अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। वह वर्ष के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। अल्काराज अभी भी सिनर के साथ अपने करियर मुकाबलों में 10-6 से आगे हैं। सिनर और अल्काराज़ पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फ़ाइनल में आमने-सामने रहे हैं। अल्काराज़ ने सिनर को पांचवें सेट के टाईब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन जीता। सिनर ने विंबलडन में बदला चुकता किया लेकिन अल्काराज़ अमेरिकी ओपन के फाइनल में फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे। अल्काराज़ ने कहा,मुझे उम्मीद है कि आप (सिनर) अगले साल के लिए तैयार रहोगे क्योंकि मैं आपके खिलाफ और अधिक फाइनल खेलने के लिए तैयार रहूंगा। इस बीच युगल फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 7-5, 6-3 से हराया।



**स्पेन के कार्लोस अल्काराज (बाएं) उपविजेता और विजेता इटली के जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब के साथ**

**वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स** | दूसरे दिन भी भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन, आठ पदक किए पक्के

# पवन का बड़ा उलटफेर, हितेश ने एशियाई चैंपियन को हराया

**पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा**

विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल 2025 में भारतीय मुक्केबाजों ने दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए तहलका मचा दिया। पवन बर्तवाल (55 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) ने बड़े उलटफेर किए। पवन ने ब्राजील गोल्ड मेडलिस्ट अल्टीनबेक नूरसुल्तान को 5-0 हराकर चौंका दिया, जबकि हितेश ने दो बार के ओलंपियन सेवोन ओकाजावा को एक कड़े मुकाबले में हराया। इन दोनों की जीत के साथ-साथ सुमित, नवीन, और जादुमणि सिंह की सफलताओं ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने दूसरे दिन सभी वर्गों में मेडल पक्के किए। सोमवार को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई इस जीत ने भारत के लिए एक और क्लीन स्वीप डे सुनिश्चित किया, जिसमें सुमित (75 किग्रा) और नवीन (90 किग्रा) ने भी शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही मेजबान भारत ने आठ मेडल पक्के कर लिए हैं।

पवन के लिए यह क्षण 15 साल के इंतजार का नतीजा था। 2010 के दशक में बॉक्सिंग शुरू करने के बाद लगातार मेहनत और धैर्य के साथ आगे बढ़ते हुए यह सर्विसेज का युवा मुक्केबाज पहली बार विश्व मंच पर चमकता दिखाई दिया। घरेलू दर्शकों के शोर और समर्थन के बीच पवन ने बेहतरीन डिफेंस, समझदारी से रफ्तार नियंत्रण और शानदार स्टैमिना वाला प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार नूरसुल्तान (जो इस वेट कैटेगरी के दूसरे वरीय थे) को रस्सियों पर धकेला और साफ-सुथरे पंच लगाए। पवन का शांत, संयमित और सोच-समझकर किया गया प्रदर्शन इस एलिट ऐट-ओनली ग्लोबल इवेंट के शुरूआती राउंड्स में भारत की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक बन गया। पवन ने मुकाबले के बाद कहा, ह्व नूरसुल्तान एक अच्छे बॉक्सर हैं, उन्होंने इस साल ब्राजील में हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में गोल्ड जीता था। शुरूआत में मुझे नर्वसनेस थी, लेकिन यह टूनामेंट हमारे देश में हो रहा है, हमारे दर्शकों के सामने, और इसने मुझे हिम्मत दी। यह मेरे करियर का बेहद अहम टूनार्मेंट है। यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय मेडल है और मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूँ। पवन के बाद सुमित ने 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोरिया के किम ह्योन-टे को 5-0 से हराते हुए टीम इंडिया की बढ़त और मजबूत कर दी। मुकाबले की शुरूआत में चेहरे पर लगा एक तेज पंच ही लय सेट कर गया। उन्होंने इस दौरान आक्रामकता और रणनीति का बेहतरीन संतुलन दिखाया। पूरी बाउट में सुमित ने लगातार प्रेशर बनाया रखा, गेम को कंट्रोल में रखा और किम को डिफेंसिव मोड में जाने के लिए मजबूर कर दिया। इसी तरह नवीन (जो स्ट्रैंडजा 2024 के मेडलिस्ट हैं) ने कजाकिस्तान के बेकजत तंगातार के खिलाफ स्मार्ट और सधे हुए अंदाज में जीत दर्ज की। सेशन के अन्य मुकाबलों में, ताइवान की ओलंपिक मेडलिस्ट वू शिह-यी ने महिलाओं की 57 किग्रा कैटेगरी में उज्बेकिस्तान की सितोरा तुरदिबेकोवा को 5-0 से हराते हुए दिन की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक दर्ज की।



**भारत के पवन बर्तवाल (लाल रंग में) ने कजाकिस्तान के नूरसुल्तान के 55 किग्रा के मुकाबले में 5-0 से हराकर किया बड़ा उलटफेर।**

## ऑस्ट्रेलियाई ओपनः सात्विक-चिराग की जोड़ी पर रहेगी नजर, लक्ष्य, प्रणय भी पेश करेंगे चुनौती

**एजेंसी। सिडनी**

भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी जो मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।

भारतीय खिलाड़ियों का इस सत्र में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा लेकिन सात्विक और चिराग ने कुछ प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीता तथा हांगकांग सुपर 500 और चाइना मास्टर्स सुपर 750 में उपविजेता रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे। लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। प्रणय की इस टूर्नामेंट में पिछले साल उपविजेता रहे थे लेकिन फिलहाल वह भी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह पहले दौर में कनाडा के ब्रायन यांग का सामना करते हुए पूरी लय हासिल करना चाहेंगे। इस वर्ष मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत पांचवें वरीय लिन चुन-यी से, जबकि अमेरिकी ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी मलेशिया के जस्टिन होह से भिड़ेंगे।



# शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं ये योगासन

**जीवन में सुख और शांति के लिए आपको एक मजबूत शरीर और शायद अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि एक स्पष्ट भावनात्मक शरीर का अनुभव करने की जरूरत है। यदि आपका पूरा शरीर एक प्रतिध्वनि है तब आप किसी भी भावनात्मक चुनौती को पूरा करने के लिए तैयार रहते हैं। इन सबके लिए शारीरिक व्यायाम बहुत जरूरी होता है। व्यायाम के अन्य प्रकारों में योग का सबसे ज्यादा महत्व है। योग के विभिन्न आसनों द्वारा सांस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।**

**ऊर्जा प्रदान करने वाला आसनः** सबसे पहले अपने पैरों के समानांतर खडे हो जाइए। अब, सांस को अंदर करते हुए अपने हाथों को अपने सिर से ऊपर ले जाइए। उसके बाद, अपनी सांसों को छोडते हुए हाथों को कंधे पर रख दीजिए। इस बीच अपने आंखों से सभी प्रकार के तनावों को दूर रखिए। अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढिए।

**ताड़ासनः** इस आसन में खडे.होकर अपने पैरों, कमर और गर्दन को एक सीधी लाइन में रखिए। अपनी उंगलियों को सामने की तरफ कर मुट्ठी बांधिए। सांस लेते हुए अपनी बंद मुट्ठी के साथ अपने हाथों को ऊपर की तरफ उठाइए। सांसों को रोककर अपनी एडी को धीरे-धीरे उठाइए। आपने शरीर को ऊपर की तरफ जितना संभव हो खींचिए। फिर सांसों को छोडते हुए सामान्य स्थिति में आइए। इस क्रिया को 5 से 10 बार दोहराइए।

**त्रिकोणासनः** अपने हाथों के बराबर में पैरों को फैला लीजिए। दोनों हाथों को ढीला छोडकर लटकने दीजिए। सांस को अंदर खींचते हुए दाहिने हाथ को आसमान की तरफ ऊपर ले जाइए और बाएं हाथ को शरीर से सटाकर नीचे ही रहने दीजिए। अपने हाथ और पैरों को सीधा रखिए। जब सांस को बाहर छोडते हुए दाहिने हाथ की तरफ झुकिए, इस बीच आपका दाहिना हाथ जमीन के समानांतर होना चाहिए। इसके बाद तेजी से बाएं हाथ से जमीन को छूने की कोशिश कीजिए। सांस लेते हुए सामान्य स्थिति में आइए। इसी क्रिया को विपरीत दिशा में भी दोहराते हुए कम से कम 5 बार कीजिए।

**भुजंगासनः** चेहरे को नीचे की तरफ करके जमीन पर लेट जाइए। अब, अपने माथे को जमीन से छुएं। अपनी हथेली को भुजाओं के नीचे रखिए, और स्थिति ऐसी होनी चाहिए कि आपकी उंगलियां भुजाओं को छू रही हों। अपने पैरों को सीधा रखिए। अपने सिर को पीछे की तरफ हल्का सा ले जाते हुए सांस लीजिए। अपने हाथों से सीने और सिर पर आगे की तरफ दबाव डालिए, लेकिन इस स्थिति में पीठ को मोडे रखिए। अपनी सांसों को रोके रखिए, ताकि सांप जैसी स्थिति दिखे।













चेहरे को नीचे लाने से पहले इस स्थिति में 8 से 10 सेकेंड तक रहिए। इस क्रिया को 5 बार दोहराइए।

**सुखासनः** दोनों घुटनों को मोडकर, गर्दन, कमर और पीठ को सीधा रखकर बैठिए। अपनी हथेलियों को सीधा रखिये इंडेक्स उंगली ( अंगूठे के बगल वाली उंगली ) के अग्र भाग को अंगूठे से छूकर अन्य तीनों उंगलियों को सीधी रखिए। इस आसन को करने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होगी। रक्त का संचार अच्छे से होगा, तंत्रिका तंत्र और पाचन क्रिया बेहतर होगी। इस आसन को करने से अंदर से शांति महसूस होगी। यह आसन आपको अंदर से मजबूत बनाता है। इन आसनों के जरिये आप न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक शांति और शक्ति भी पा सकते हैं।

# इन हर्ब्स का सेवन, रहेंगे हमेशा चुस्त-दुरुस्त

**सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। इस समय शाम के समय काफी ठंड होती है। ठंड से निपटने के लिए हम कई तरह से इंतजाम करते हैं। सर्दियों के मौसम में खुद को चुस्त-दुरुस्त व स्वस्थ रखने के लिए कुछ खास जड़ी बूटियों के बारे में बताया है, जो आसानी से आपकी रसोई में ही आपको मिल जाएंगे।**

### ● तुलसी

तुलसी को एलर्जी, सांस संबंधी समस्या और ब्रोंकाइटिस की समस्या से निजात पाने में कारगार बताया गया है। प्रतिदिन आप दो पत्तियों का सेवन सीधे या फिर चाय में डालकर कर सकते हैं। इस पौधे के हर्बल सप्लीमेंट भी आसानी से मिल जाते हैं। एलर्जी के लक्षणों में लाभदायक है। हालांकि इसके कुछ साइड इफेक्ट भी हैं। किसी भी मामले में इसका अतिरिक्त सेवन हानिकारक है।

### ● बिच्छू बूटी

यह एक बारहमासीय पौधा है, जिसका प्रयोग उम्र के लिए औषधी के तौर पर किया जाता है। मौसमी एलर्जी में यह काफी लाभदायक है।



### ● रोजमेरी

ताजे और सूखे रोजमेरी का प्रयोग कई व्यंजनों में किया जाता है। शोध में यह प्रमाणित हुआ है कि रोजमेरी में एलर्जी से लड़ने की क्षमता होने के साथ ही यह अस्थमा से ग्रसित लोगों को आराम पहुंचाती है। इस जड़ी बूटी में रोजमेरिनिक एसिड होता है, जिसमें एंटीफ्लेमेंटॉरी और एंटीऑक्सिडेंट दोनों गुण होते हैं। वहीं अगर आप रोजमेरिनिक एसिड को एक सप्लिमेंट के तौर पर लेते हैं तो इसे खाने के साथ ले, इससे पेटदर्द में राहत मिलेगी।

### ● अदरक

अदरक को भी जड़ी बूटी के तौर पर देखा जाता है। एक हालिया शोध में यह तथ्य सामने आए हैं कि अदरक के मौखिक सेवन से अस्थमा में काफी आराम मिलता है। इसके साथ ही चाय के साथ इसका सेवन कर इसका सेवन डिटॉक्स ड्रिंक के तौर पर किया जा सकता है। अदरख को काली मिर्च और शहद के साथ मिलाकर लेने पर सांस संबंधी एलर्जी में काफी आराम मिलता है, इससे नाक की नली भी साफ होती है।

### ● बटरबर

यह माइग्रेन की समस्या में लाभदायक है। शोध में इस बात की पुष्टि हुई है कि यह अनचाहे

### ● ऑगेनी

यह एक इतालवी जड़ी बूटी है। यह कई स्वास्थ्य संबंधी लाभों के लिए सप्लीमेंट के तौर पर भी उपलब्ध रहता है। ऑगेनी तेल के तत्व गोली और सॉफ्टजेल कैप्सूल के तौर पर उपलब्ध रहते हैं। इसे सीधे गोली के तौर पर भी लिया जा सकता है, वहीं इसे काटकर इसके तेल को चेहरे पर भी लगाया जा सकता है।

# जिम का मिलेगा डबल फायदा, अगर एक्सरसाइज के बाद खाएंगे यह चीजें

**आज के समय में लोग बॉडी बनाने और खुद को फिट रखने के लिए जिम का सहारा लेते हैं। लेकिन ऐसे भी बहुत से लोग होते हैं, जो वर्कआउट तो करते हैं, लेकिन उन्हें कुछ खास फायदा नजर नहीं आता। हो सकता है कि आपके वर्कआउट में कोई कमी न हो, लेकिन आप अपने आहार पर ध्यान न दे रहे हों। जो लोग वर्कआउट करते हैं या जिम जाते हैं, उन्हें अपनी डाइट पर अधिक फोकस करना चाहिए। जरा सी लापरवाही से आपको विपरीत परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। तो चलिए जानते हैं जिम के बाद क्या खाएं:-**

**● प्रोटीन रिच फूडः** अगर आप एक्सरसाइज के बाद अपने मसल्स की रिकवरी करना चाहते हैं तो सबसे पहले तो आपको एक्सरसाइज के आधे घंटे के भीतर कुछ न कुछ खाना चाहिए। दरअसल, वर्कआउट के दौरान हमारा शरीर न्यूटिएंट्स का इस्तेमाल करता है और इसलिए पोस्ट वर्कआउट मील शरीर को हील करने में मदद करता है। बेहतर होगा कि आप वर्कआउट के बाद आधे घंटे के भीतर एक प्रोटीन रिच फूड जरूर लेना चाहिए। अगर आप खुद को टोनअप करना चाहते हैं तो कार्ब्स से बचें। आप प्रोटीन रिच डाइट में पीनट बटर सैंडविच, सोया मिल्क, पनीर या बेसन चीला खा सकते हैं।

**● खाएं सैंडविचः** अगर आप कुछ लाइट और पौष्टिक खाना चाहते हैं तो वर्कआउट के बाद सैंडविच खाया जा सकता है। आप ब्राउन ब्रेड में



कई तरह की वेजिटेबल्स का इस्तेमाल करके खाएं।

**● ब्राउन राइसः** आप वर्कआउट के बाद ब्राउन राइस भी खा सकते हैं। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से समृद्ध होते हैं और इनमें फाइबर भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जो आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं और वजन घटाने में भी मदद करते हैं।

**● पानी भी है जरूरीः** चूंकि एक्सरसाइज के दौरान आप काफी पसीना बहाते हैं, जिसके कारण शरीर से इलेक्टालाइट की कमी हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि आप खुद को हाइडेट रखें। वैसे तो शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए पानी पिया जा सकता है। लेकिन अगर आप चाहें तो पानी के स्थान पर नारियल पानी पीएं। यह पोटेशियम का एक अच्छा स्त्रोत है, जो शरीर में फलूयड को बैलेंस करने में मदद करता है। साथ ही नारियल पानी के सेवन से आपको वर्कआउट के बाद होने वाले क्रैम्प की संभावना भी काफी कम हो जाती है। इसके अलावा आप पोस्ट वर्कआउट डाइट के रूप में लो फैट मिल्क और फ्रूट्स की मदद से कुछ स्मूदी बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं।

# बच्चे क्यों हो रहे हैं फूड और धूल की एलर्जी के शिकार

बच्चों में बढ़ती फूड और धूल की एलर्जी के पीछे अकसर रोजमर्रा की कुछ आदतों और पर्यावरण को जिम्मेदार माना जाता है। लेकिन डॉक्टरों की माने तो मेडिकल भाषा में एक और टर्म है, जिसे हाइजीन हाइपोथेसिस के नाम से जाना जाता है, बच्चों की कमजोर इम्यूनिटी का कारण बन सकती है। बता दें, हाइजीन हाइपोथेसिस एक ऐसा सिद्धांत है जो कहता है कि बचपन में सूक्ष्मजीवों (कीटाणुओं, परजीवियों) के संपर्क में कमी होने की वजह से प्रतिरक्षा प्रणाली ठीक से विकसित नहीं हो पाती। जिसकी वजह से एलर्जी, अस्थमा और स्वप्रतिरक्षी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

एलर्जी के पीछे पर्यावरण भी एक बड़ी भूमिका निभाता है। हमारे घरों में इस्तेमाल होने वाले कई प्रोडक्ट्स में ऐसे केमिकल्स मौजूद होते हैं जो शरीर के लिए इरिटेंट का काम करते हैं। दिल्ली जैसे शहरों में वायु प्रदूषण बहुत ज्यादा होने की वजह से सांस से जुड़ी दिक्कतें और ज्यादा बढ़ जाती हैं। चाहे वो सब्जियां हो या मांस, खाने में भी कीटनाशक और रसायनों का इस्तेमाल सेहत पर बुरा असर डालता है।

एक और बात बच्चों के खान-पान से जुड़ी है पहले माना जाता था कि बच्चे को नट्स, अंडे जैसी चीजें धीरे-धीरे और बाद में देनी चाहिए। लेकिन अब कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि अलग-अलग चीजें थोड़ी जल्दी शुरू करने से बच्चे का इम्यून सिस्टम उन्हें बेहतर तरीके से स्वीकार करना सीखता है। इसके अलावा आजकल के छोटे बच्चों को रेडी-टू-ईट फूड खाने की आदत पड़ने लगी है। भले ही ऐसे भोजन को हेल्दी या केमिकल-फ्री बताया जाए, लेकिन कई बार ये प्रोसेस्ड फूड भी एलर्जी के मामलों में बढ़ोतरी का कारण बन सकते हैं।

# सिरदर्द को हल्के में न लें

**इंग्लैंड के गेट्सहेड में 21 साल की जेसिका केन को अचानक सिरदर्द हुआ है, वह पेनकिलर खाकर सोई और उसकी मौत हो गई। दरअसल, जेसिका को मेनिंगोकॉकल मेनिनजाइटिस और सेप्टिकैमिया नाम की बीमारी हो गई थी जिसने उसकी जान ले ली। दरअसल, ये एक ऐसा इंफेक्शन है जिसमें बैक्टीरिया खून में प्रवेश करता है और बड़ी तेजी से फैलने लगता है। यह बैक्टीरिया खून में टॉक्सिन्स रिलीज करने लगता है जो जानलेवा साबित हो सकता है।**

हम में से बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने सिरदर्द, बहती नाक, छींक आना, हल्का बुखार जैसी दिक्कतों को हल्के में लेते हैं और उसके इलाज के बारे में भी नहीं सोचते। लेकिन ये लक्षण किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या की ओर भी इशारा करते हैं जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह आपके लिए बेहद हानिकारक और जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं आखिर क्यों आपको सिरदर्द को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। सिरदर्द भी कुछ गंभीर बीमारियों के संकेत हो सकता है।



### ● ब्लड क्लॉट

कई बार ब्रेन में अगर किसी तरह का ब्लड क्लॉट बन जाए तो उस वजह से भी हेडएक यानी सिरदर्द होने लगता है। अगर आपको कभी-कभार बहुत गंभीर सिरदर्द होने लगता है और दर्द बर्दाश्त के बाहर हो जाए तो आपको अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। अगर समय रहते इलाज न हो तो ये ब्लड क्लॉट स्ट्रोक में परिवर्तित हो सकते हैं जो जानलेवा भी साबित हो सकता है।

### ● ऑप्टिक न्यूराइटिस

अगर आंखों के पीछे वाले सिर के हिस्से में दर्द हो रहा तो यह ऑप्टिक न्यूराइटिस का लक्षण हो सकता है। इसमें ब्रेन से आंखों तक जानकारी पहुंचाने वाली नसों को नुकसान पहुंचता है जिस वजह से देखने में दिक्कत होती है और कई बार विजिन लॉस भी हो सकता है।

### ● माइग्रेन या ट्यूमर

लंबे समय तक सिरदर्द की समस्या है तो विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। यह माइग्रेन, ट्यूमर या नर्वस सिस्टम से जुड़ी दूसरी बीमारी भी हो सकती है। कभी-कभी ज्यादा दिनों तक सिरदर्द से संवेदी अंगों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे इनकी कार्यक्षमता भी प्रभावित हो जाती है। सिरदर्द को लेकर भ्रम की स्थिति में कतई न रहें।



सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।